ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

समस्त चराचर जगत की आत्मा सूर्य

पं. सौरभ दुबे
संस्कृत विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर म.प्र

प्रस्तावना : वेदों में सूर्य को जगत की आत्मा कहा गया है। सूर्य आत्मा जगत्स्तथुषश्च ऋग्वेद समस्त चराचर जगत की आत्मा सूर्य ही है। सूर्य से ही इस पृथ्वी पर जीवन है यह आज एक सर्वमान्य सत्य है। वेदिक काल में आर्य सूर्य को ही सारे जगत का कर्ता धर्ता मानते थे। सूर्य का शब्दार्थ है सर्व प्रकाशक सर्व प्रवर्तक होने से सर्व कल्याणकारी है। ऋग्वेद के देवताओं के सूर्य महत्व स्थान है। यजुर्वेद ने चक्षों सूर्यो जायत कह कर सूर्य को भगवान का नेत्र माना है। छान्दोग्यपनिषद में सूर्य को प्रणव निरुपित कर उनकी ध्यान साधना से पुत्र प्राप्ति का लाभ बताया गया है। ब्रह्मवैर्वत पुराण तो सूर्य को परमात्मा स्वरुप मानता है। सूर्य ही संपूर्ण जगत की अंतरात्मा है। अतः कोई आश्चर्य नही कि वैदिक काल से ही भारत मे सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रो से ही होती थी। बाद मे मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो यंत्र तंत्र सूर्य मन्दिरो का निर्माण हुआ। भविष्य पुराण में ब्रह्म विष्णु के मध्य एक संवाद मे सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है कि ऋषि दुर्वाषा के आप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य को आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। प्राचीन काल मे भगवान सूर्य के मन्दिर भारत मेब ने हुए थे। उनमे आज तो कुछ विश्व प्रसिद्ध हैं। वैदिक साहित्य में ही नही आयुर्वेद ज्योतिष हस्तरेखा शास्त्रो मे सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। श्रीमदभागवत पुराण म श्री शुक्रदेव जी महाराज के अनुसार भू लोक तथा भूलोक के मध्य मे अन्तरिक्ष लोक हे। इस भू–लोक मे सूर्य भगवान नक्षत्र तारो के मध्य मे विराजमान रह कर तीनो लोको को प्रकाशित करे है। उतरायण दक्षिणायन तथा विषुक्त नामक तीन मार्गो से चलने के कारण कर्क मकर तथा समान गतियों के छोटे बड़े तथा समान दिन रात्रि बनाते है। जब भगवान सूर्य मेष तथा तुला राशि पर रहते है तब कमशः रात्रि एक एक मास मे एक एक घड़ी बढ़ती जाती है ओर दिन घटते जाते है। जब सूर्य वृश्चिक मकर कुम्भ मीन ओर मेष मे रहते है। तब कमशः दिन प्रति मास एक एक घड़ी बढ़ता जाता है तथा रात्रि कम होती जाती है।

आकाश मे भगवान सूर्य का जितना मार्ग है उसका आधा वे जितने समय मे पार कर लेते है उसे एक अयन कहते उदय काल मे अयन के संबंध मे शास्त्रीय विवेचन होने लग गया था। ऋग्वेद मे कई स्थानों पर अयन शब्द आया है पर निश्चित रुप से यह नही कहा जा सकता है कि यह अयन शब्द सूर्य के दक्षिणायन या उत्तरायन का द्योतक है। शतपथ ब्राह्मण के निम्प पद्य से अयन के संबंध मे अवगत होता है–

वसंतों ग्रीष्मों वर्षा। ते देवा ऋतवः षरद्धेमन्तः शिशिरस्ते पितरो स सूर्य यत्रोदगावर्तते। देवेषु तर्हि भवति यत्र दक्षिणा वर्ततें पितुषु तर्हि भवति।।

शिशिर ऋतुः से गीष्म ऋतु पर्यन्त दक्षिणायन होता था लेकिन उदय काल की अंतिम शताब्दियोमे हेमन्त ऋतु के मध्य मे से ग्रीष्म के मध्य तेक उत्तरायण माना जाने लगा था। यद्यपि उपर्युक्त मंत्र मे उत्तरायण ओर दक्षिणायन का स्पष्ट कथन नही है पर प्रकरण के अनुसार अर्थ करने का उक्त अर्थ सिद्ध हो जाता है। तैत्तिरीय संहिता के तस्मादादित्यः षण्मासो दक्षिणेनैतिक षडुत्तरेण्ण मंत्र से सूर्य का छह महीने का उत्तरायन ओर छह महीने का दक्षिणायन सिद्ध होता हें। य उदगने प्रमीयते देवानोमेव महिमानं गत्वादित्यस्य सायुज्यं यो दक्षिज्ञण्णे प्रमीयते पितृणामेव महिमान गत्वा चंद्रमसः सायुज्यं सलोकतामाप्नोति।

मैत्रायणी उपनिषद मे उदग अयन उत्तरायन ये शब्द कई स्थानो पर आए हैं। उदक अयन के पर्यायवाची शब्द देवयान देवलोक ओर दक्षिणायन के पर्यायवाची पितृयान पितृलोक बताए गय है। सूर्य चन्द्र आदि समस्त ज्योर्तिलिंग जम्बुद्वीप के मध्य मे सुमेरु पर्वत की परिकमा किया करते है। सूर्य प्रदक्षिणा की गति उत्तरायन ओर दक्षिणायन इन भागो मे विभक्त है ओर इसकी वीथियां गमन मार्ग 183 है जो सुमेरु की प्रदक्षिणा के रुप में गोल किंतु बाहर की ओर फैलते हुए है। इन

मार्गो की चौड़ाई 48/61 योजन है तथा एक मार्ग से दूसरे मार्ग का अंतर दो योजन बताया गया है। ज्योदिषशास्त्र की परिभाषा मे ये चार क्षेत्र कहलाता हैं। 510 योजन म से 180 चार क्षेत्र जम्बूदीप मे और अवशेष 330 योजन लवण समुद्र मे है। सूर्य एक मार्ग को दो दिन मे पूरा करता है जिससे 366 दिन या एक वर्ष पूरा करने मे लगते है।

सूर्य जब जम्बूदीप के आभ्यांतर मार्ग से बाहर की ओर निकलता हुआ लवण समुद्र की ओर जाता है तब बाहय लवण समूद्र के अंतिम मार्ग पर से चलने तक के काल को दक्षिणायन ओर जब सूर्य लवण समुद्र के अंतिम मार्ग से भ्रमण करता हुआ आभ्यान्तर जम्बूद्वीप की ओर जाता है। उसे उत्तरायण कहते हैं। अतएव स्पष्ट है कि उदयकाल की –2 समस्त चराचर जगत की आत्मा सूर्य

अंतिम शताब्दियों में उत्तरायण का ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से सूक्ष्म विचार होने लग गया था। भारतीय आचार्यों ने इस विषय को आगे खूब पल्लवित और पुष्पित किया।

श्रीमद भागवत में उत्तरायण का सन्दर्भ प्राप्त होता है, जब भीष्म पितामह जब अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा कर रहे होते है और उत्तरायण के आने के पश्चात ही अपने शरीर का त्याग करते है।

धर्म प्रवदतस्तस्य स कालः प्रत्युपस्थितः।

यो योगिनश्छन्दमृत्योर्वाञ्छिततस्तूत्तरायणः।।

उत्तरायण व दक्षिणायन :–

प्रपद्येते श्रविष्ठादौ सूर्याचन्द्रमसावुदक। सापार्धे दक्षिणार्कस्तु माघश्रावणयोः सदा।।

युगारम्भ के बाद जब सूर्य व चन्द्रमा उक साथ पुनः श्रविष्ठा (धनिष्ठा) नक्षत्र के शुरू में आते हैं, उसी क्षण अगले अगले वर्षो में उत्तरायण होता है।

दक्षिणायन का आरम्भ भी इसी तरह श्लेषा के आधे पर आने के समय होता है। जहां तक सूर्य के अयनो का सम्बन्ध है, वह सदा माघ व श्रावण मासों में ही होता है।

आयन का अर्थ होता है चलना। पूरे वर्ष में सूर्य गतिमान रहता है, सूर्य की अवस्था से ही ऋतुओं का निर्धारण होता है। हिन्दू धर्म में अयन 'समय प्रणाली' है, जिससे ऋतुओ का ज्ञान होता है। कान्ति वृत के प्रथम अंश का विभाजक उत्तर और दक्षिण गोल के मध्यवर्ती ध्रुवों के द्वारा माना गया है। यह विभाजन 'उत्तरायण' और 'दक्षिणायण' कहलाता है।

एक वर्ष दो अयन के बराबर होता है और एक अयन देवता का एक दिन होता है, 360 अयन देवता का एक वर्ष बन जाता है। सूर्य की स्थिति के अनुसार वर्ष के आधे भाग को अयन कहते हैं। अयन दो प्रकार के होते हैं–

उत्तरायन – सूर्य के उत्तर दिशा में अयन अर्थात गमन को उत्तरायन कहा जाता है।

दक्षिणायन – सूर्य के दक्षिण दिशा में अयन अर्थात गमन को दक्षिणायन कहा जाता है।

भारत सरकार ने स्व. निर्मल चंद लाहिरी की अनुशंसा पर इसे ही आधार मानते हुए 21 मार्च 1956 को अयनांश 23 अंश 15 कला स्वीकृत किया था। अयन बिंदु की यही गति साक्ष्य है कि आज से लगभग 436 वर्ष पश्चात अर्थात 2443 ई. के आसपास अयनांश का मान 30 अंश (अर्थात एक राशि) हो जायेगा। तब सायन मेष राशि निरयन मीन तथा पूर्वा भाद्रपद के तृतीय व चतुर्थ चरण के संधि बिंदु से आरम्भ होगी। उपयुक्त विवेचन से स्पष्ट हो जाता है कि चित्रा नक्षत्र के मध्य बिन्दु (180 अंश) पर शारद संपात तथा इससे 180 अंश स्थित रेवत्यंत बिंदु पर वसंत संपात की आदर्श स्थिति है, किन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं। निरयण पद्धति का प्रयोग केवल भारत, नेपाल तथा लंका आदि तीन–चार देशों में ही प्रचलित है जबकि विश्व के अन्य शेष भागों में सायन पद्धति का प्रयोग चलन में है।

सायन पद्धति में विसंगति खिसका हुआ वसंत संपात बिंदु, जिसे सायन पद्धति के ज्योर्तिविद राश्यानुसार मेष का आरंभ बिंदु मानते है, वास्तव में अश्विनी नक्षत्र का आरंभ बिंदु नहीं है। यह बिंदु वास्तविक अश्विनो के प्रथम बिंदु से वर्तमान में लगभग 23 अंश 56 कला पीछे अर्थात 336 अंश 04 कला के निकट मीन राशिस्थ उत्तरा भाद्रपद के प्रथम चरण में है। इस प्रकार देखें तो सायन पद्धति में मेषादि राशियों का अश्विन्यादि

नक्षत्रों से सामंजस्य भंग हो गया है। यही कारण है कि पाश्चात्य ज्योतिर्विद मात्र राशि व्यवस्था के अनुयाी हैं जबकि निरयण पद्धति के दैवज्ञ नक्षत्र व्यवस्था पर आधारित फल कथन की विद्या का अनुसरण करते है। सायन गणना में मेषारंभ बिंदु विचलन का परिणाम यह हुआ कि वह मेषारंभ बिंदु, जो आज से लगभग 1500 वर्ष पूर्व रेवत्यंत तारे पर था, अब कान्तिवृत पर लगभग 24 अंश

पश्चिम में हट गया है। तदनुसार ही मेषारंभ बिंदु के साथ–साथ अन्य राशियों के आरंभ बिंदु भी 24–24 अंश पश्चिम में हट गए हैं तथा यह प्रकिया अभी भी निरंतर जारी है। फलरूवरूप सायन मेषादि राशियों का उनके विशिष्ट तारा मंडलों के विस्तार से सामंजस्य पूर्णतः भंग हो गया है, जिनकी विशिष्ट रचना आकृति के आधार पर राशियों का मेष, वृषादि नामकरण निर्धारित किया गया था, यही इस पद्धति की प्रमुख विसंगति सिद्ध होती है।

वैदिक से महाभारत काल तक भारतीय ज्योतिष में राशियो को कोई स्थान नहीं दिया गया था, केवल जन्म नक्षत्र अथवा नक्षत्रों के आधार पर भविष्य कथन किया जाता था जैसे (1) राम वनवास से पहले दशरथ का कथन था, अंगारक मेरे नक्षत्र को पीड़ित कर रहा है, (2) महाभारत काल में कृष्ण ने जब कर्ण से भेंट की तब कर्ण के कथानुसार ग्रह स्थिति का वर्णन इस प्रकार किया गया–शनि रोहिणी नक्षत्र से मंगल को पीड़ित कर रहा है। मंगल ज्येष्टा नक्षत्र में वकी होकर अनुराधा नक्षत्र से युति कर रहा है। इस प्रकार के कई उदाहरण ज्योतिष ग्रन्थों में प्राप्त हो सकते हैं जिनमें केवल नक्षत्रों को ध्यान मे रख कर फल कथन किया जाता था।

वैदिक और महाभारत काल में केवल नक्षत्र ही ज्योतिष के आधार थे। राशियों अवधारणा पाश्चात्य जगत की देन है। फिर भी भारतीय ज्योतिष शास्त्रियों ने बडी सूझ–बूझ से राशियों का समायोजन ज्योतिष शास्त्र में किया। उन्होंने राशियां भी सम्मिलित कर ली और निरयण पद्धति भी नहीं छोडी।

ज्योतिष शास्त्रों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि शुभारंभ योग, मुर्हूत इत्यादि नक्षत्रों पर आधारित हैं। निरयण पद्धति ही भारतीय ज्योतिष के अनुरूप है।

निरयण सायन – अयनांश ज्योतिषीय गणनाओं के लिए ग्रहों के निरयण व सायन राश्यांशों को परस्पर परिवर्तित करने की आवश्यकता होती है। अतः शास्त्रकारों विद्वानों का परामर्श है कि निरयण व साधन राशियों का उपयुक्त संबंध का ज्ञानप ज्योतिर्विद को अवश्य होना चाहिए। जहां तक ज्योतिष में किसी पद्धति के प्रयोग का प्रश्न है, अनेक विद्वान एक मतह हैं कि निरया पद्धति का प्रयोग ही भारतीय ज्योतिष में करना चाहिए।

12वीं सदी ईसवी में भारतीय खगोलशास्त्री और गणितीय भास्कराचार्य ने पृथ्वी के अयनांश काल का अनुमान 25461 वर्ष लगाया था जो कि आधुनिक 25771 वर्षो के अनुमान के अत्यंत निकट है।

वर्षों का यदि कल्पों तक की गणना में उपयोग किया जाय तो उनमें से सूर्य सिद्धान्त का मान ही भ्रमहीन एवं सर्वश्रेष्ट प्रमाणित होता है। सृष्टि संवत के प्रारम्भ से यदि आज तक का गणित किया जाय तो सूर्य सिद्धान्त के अनुसार एक दिन का भी अन्तर नहीं पड़ता। सूर्य सिद्धान्त से प्रतिवर्ष गणना में साढ़े आठ पल से भी अधिक का अन्तर है। सूर्य सिद्धान्त के प्राचीन मान से आधुनिक मान का अन्तर 8 पल 34 विपल का होता है।

इस प्रकार सूर्य सिद्धान्त के मान में एक पल कम करके गणित करने से 5000 वर्ष तक के दिनादि सब ठीक मिलते है।

वर्ष हिन्दू समय मापन करी इकाई हैं। यह इकाई माध्यम श्रेणी की है। एक वर्ष दो अयन के या छः ऋतुओं के या बारह मासों के बराबर होता है।

एक तिथि वह समय होता है, जिसमें सूर्य और चंद्र के बीच का देशांतरीय कोण बारह अंश बढ़ जाता है। तिथियां दिन में किसी भी समय आरम्भ हो सकतो हैं और इनकी अवधि उन्नीस से छब्बीस घंटे तक हो सकती है।

एक पक्ष या पखवाड़ा पंद्रह (15) तिथियां।

एक मास त्र 2 पक्ष, कृष्ण पक्ष (पूर्णिमा से अमावस्या तक) एवं शुक्ल पक्ष (अमावस्या से पूर्णिमा तक)

एक ऋतु त्र दो (2) मास।

एक अयन त्र तीन (3) ऋतुएं।

एक वर्ष त्र दो अयन, उत्तरायन (आषाढ़ से माघ तक) एवं दक्षिणायन (माघ से आसाढ़ तक)

सूर्य संपूर्ण लोकों की आत्मा है। जितने काल में सूर्यदेव इस संवत्सा का छठा भाग भोगते हैं, उसका वह अवयव 'ऋतु' कहा जाता है। भारत के जो पंचांग प्राचीन ग्रंथों के आधार पर बनते हैं उनमें वर्ष मान ठीक नहीं रहता और इस कारण वर्तमान समय के सावन भादों तथा कलिदास के समय के सावन भादों में लगभग 22 दिन का अंतर पड़ गया है। सामान्यतः नवंबर से फरवरी तक जाड़ा, मार्च से मध्य जून तक गर्मी औी मध्य जून से अक्टूबर तक बरसात गिनी जा सकती है।

ऋतुओं का मूल कारण यह है कि पृथ्वी सूर्य की प्रदक्षिणा करती है। उसके चारों और चक्कर लगाती रहती है और साथ ही अपने अक्ष पर घूमती रहती है। यह अक्ष पूर्वोक्त प्रदक्षिण के समतल पर लंब नहीं है। लंब से अक्ष लगभग 23 1/2 अंश का कोण बनाता है। इसका परिणाम यह होता है। कि एक वर्ष में आधे समय तक प्रत्येक द्रष्टा को सूर्य उत्तर की ओर धीरे धीरे बढ़ता हुआ दिखाई देता हैं। ओर आधे समय तक दक्षिण की ओर। वर्ष के यें ही दो आधे उत्तरायण ओर दक्षिणायन कहलाते हैं।

सौर वर्ष के दो भाग है– उत्तरायण छह माह का ओर दक्षिणायन भी छह मास का। जब सूर्य उत्तरायण होता हैं तब हिन्दु धर्म अनुसार संहिता स्कंध का परिचय देते हुए सनक मुनि नक कहा चैत्र से फाल्गुन मास तक मेष से मीन तक यें बारह राशिया आती हे। चैत्र प्रतिपदा के पड़ने वाला दिन उस वर्ष का राजा कहा जाता है। तैतरीय संहिता मे 12 महिनो के नाम मधु माधव श्शुक श्शुचि नभस नभस्य इष उर्ज सहस सहस्य तपस एवं तपस्य आये हैं। इसी प्रकरण में संसर्प अधिमास का द्योतक ओर अहस्पति क्षयमास का द्योतक भी आया हैं। पद्य निम्न प्रकार हैं–

मधुश्व माधवस्य शुक्रश्च शुचिश्व नभस्य श्चेषश्चोजस्य सहश्व।
सहस्यश्व तपस्च तपस्यश्चोपयामगृ हितोअपि स सर्वौस्य हस्पत्याय त्वा ।।

ऋग्वेंद मे चंद्रमास और सोरमास की चर्चा कई स्थानो मे आती हैं। इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि चान्द्र ओर सौर का समन्वय करने के लिए अधिमास की कल्पना ऋग्वे द के समय मे प्रचलित थी।

सूर्य प्रत्यक्ष देवता है सम्पूर्ण जगत के नेत्र हैं। इन्ही के द्वारा दिन ओर रात का सृजन होता हें। इनसे अधिक निरन्तर साथ रहने वाला ओर कोइ देवता नही हें। इन्ही के उदय होने पर लोग अपने घरों के किवाड़ खोलकर आने का स्वागत करते ह और अस्त होने पर अपने घरो के किवाड़ बन्द कर देते है। सूर्य ही कालचक के प्रणेता है। सूर्य से ही दिन रात पल मास पक्ष तथा संवत आदि का विभाजन होता है। सूर्य सम्पूर्ण संसार के प्रकाशक है। इनके बिना अन्धकार के अलावा और कुछ नही है।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

आधुनिक भारत में पंचायती राज एवं सशक्तिकरण

नंदकिशोर निकोसे
(राजनीति विज्ञान) नेट जबलपुर (म.प्र.)

ग्राम पंचायत की आत्मा तथा स्थानीय स्वशासन का आधार ''ग्रामसभा'' है। निसंदेह रूप से ग्रामसभा ही वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा ग्रामीण जनों की सकिय सहभागिता सुनिश्चित करके देश की वास्तविक तस्वीर बदली जानी संभव है।

''देश के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के तहत ''ग्रामसभा'' को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया और 'गांव की पत्येक आवाज को सुना जाए' ऐसी परिकल्पना को मूर्त रूप देने की दिशा में ठोस पहल की गई।''[1] सुनिश्चित रूप से संविधान संशोधन के माध्यम से ग्रामसभा को महत्वपूर्ण इकाई के रूप में गठित करके ग्रामीण विकास हेतु एक क्रान्तिकारी कदम उठाया गया। अनुच्छेद 243 (क) के तहत ग्रामसभा को शक्तियाँ एवं कृत्य प्रदान करने का कार्यभार राज्य सरकारों को सौंपा गया तथा संविधान की 11वीं सूची में निर्दिष्ट 29 विषयों के संबंध में योजना बनाने, क्रियान्वित करने तथा उनका मूल्यांकन करने का कार्य ग्रामसभाओं को सौंपा गया।

पंचायती राज कानून 24 अप्रैल 1993 से लागू हो गया। ''ग्रामीण भारत में पंचायती राज की स्थापना के लिए, 73वां संविधान विधेयक लोकसभा ने 22 दिसंबर 1992 को और राज्यसभा ने अगले दिन लगभग सर्वसम्मति से पारित कर दिया था। आधे से अधिक राज्यों के विधानमंडलों द्वारा इसकी पुष्टि कर दिए जाने के बाद राष्ट्रपति 20 अप्रैल 1993 को इस पर अपनी मंजूरी की मोहर लगा दी थी। इस संशोधन में पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया, साथ ही ग्रामसभा को भी संवैधानिक मान्यता मिली। इसके तहत प्रत्येक गांव में एक ग्रामसभा हागी जो राज्य विशेष के विधानमंडल द्वारा प्रदत अधिकारों का उपयोग तथा निर्धारित कर्तव्यों का निर्वाह गांव–स्तर पर करेगी।''[2]

क्यों ऐतिहासिक 73वां संशोधन :

यह ऐतिहासिक इसलिए था, चूकिं 73वें संविधान संशोधन के बाद ही हमारी पंचायतों को संवैधानिक दर्जा हासिल हुआ। 73वें संविधान संशोधन के बाद ही, संविधान के अनुच्छेद 40 में नीति निर्देशक सिद्धान्त के रूप में पूर्व में दी गई सलाह को मानना , हमारी राज्य सरकारों की बाध्यता बन गई। संविधान के भाग–आठ के पश्चात् भाग नौ को जोड़कर उसमें अनुच्छेद 243 का शामिल करने से ऐसा हुआ। 73वें संशोान ने पंचायतों के लिए गांव, ब्लॉक और जिला यानी त्रिस्तरीय व्यवस्था बनाई। 73वें संशोधन ने पांच वर्षीय कार्यकाल की अनिवार्यता सुनिश्चित की। इससे पहले ऐसा नहीं था। लिहाजा, इससे पहले कई राज्यों में 20–20 साल तक पंचायतो चुनाव नहीं हुए।

''सभी स्तर पर सीधे जनता द्वारा चुनाव, जनसंख्या के अनुपात में निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन,अनुसूचित जाति–जनजाति का आबादी आधारित आरक्षण तथा प्रधान/प्रमुख/अध्यक्ष पदों पर महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण का प्रावधान भी 73 वें संशोधन की बदौलत हुआ। पिछड़े वर्गो हेतु सीटों के आरक्षण का मुद्दा राज्य सरकारों पर छोड़ा गया। 73 वें संशोधन ने संसाधनों की व्यवस्था हेतु राज्य वित आयोग तथा चुनाव हेतु राज्य चुनाव आयोगों के गठन का रास्ता खोला। 11वीं अनुसूची के माध्यम से विकास संबंधी 29 विभागों के काम पंचायतों के सुपुर्द कर दिए।'' [3]

सबसे महत्वपूर्ण कदम, ग्रामसभाओं के गठन को अनिवार्य बनाना तथा राज्यों के विधानमंडलों को यह निर्देश देना था कि वे ग्रामसभाओं को अधिकार देने के लिए अपने–अपने स्तर पर कानून बनाएं। '' ऐसे उल्लेखनीय प्रावधानों के साथ 24 अप्रैल, 1993 को नया पंचायती राज कानून पूरे देश में लागू हो गया। राज्यों को समय दिया गया कि वे अपने–अपने राज्यों के पंचायत अधिनियम को 73वें संविधान संशोधन के अनुरूप संशोधित कर लें।''[4]

पंचायती राज और राजोव गांधी :जब हम पंचायत को वही दंगे, जो संसद और विधानसभाओं को प्राप्त है, तो हम लोकतांत्रिक भागीदारी में सात लाख लोगों की भागीदारी के दरवाजे खोल देंगे। सत्ता ने इस तंत्र पर कब्जा कर लिया है। सत्ता के दलालों के हित में इस तंत्र का संचालन हो रहा है। सत्ता के दलालों के नागपाश को तोड़ने का एक ही तरीका है और वह यह है कि जो जगह उन्होंने घेर रखी है, उसे लोकतंत्र की प्रकियाओं द्वारा भरा जाए। सत्ता के गलियारों से दलालों को निकाल कर, पंचायते जनता को सौंपकर, हम जनता के प्रतिनिधियों पर और जिम्मेदारी डाल रहे हैं कि वे सबसे पहले लोगों पर ध्यान दें, जो सबसे करीब हैं, सबसे वंचित है। सबसे जरूरतमंद है। हमे जनता में भरोसा दें जनता को ही अपनी किस्मत तय करनी है और इस देश की किस्मत भी। आइये, हम भारत के लोगों को अधिकतम लोकतंत्र दें और अधिकतम सत्ता सुपुर्द कर दें। आइये, हम सत्ता से दलालों का खात्मा कर दें। आइये, हम जनता को सारी सत्ता सौंप दे।

ये उस भाषण का अंश है जो पंचायती राज विधेयक को संसद के पटल पर रखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने दिया था। यह वह दौर था, जिससे काफी पहले ही हमारी जनप्रतिनिधि सभायें, जनप्रतिनिधित्व की बजाय, सत्ता का केन्द्र समझी जाने लगी थीं, हमारे जनप्रतिनिधि स्वयं को 'राजा' और जनता को 'बेजान प्रजा' ही समझने लगे थे। वे इस तरह व्यवहार करने लगे थे कि मानो वे किसी और लोक के प्राणी हों। उन्होंने अपने आसपास एक ऐसा रौब और दायरा बना लिया था, कि वे भारत की आत्मा से कट गये थे। ऐसे दौर में ऐसी खुली बात ! ऐसी उदार मंशा ! आमजन की भाषा और आंतरिक भाव के साथ भारत की संसद में बहुत इतना कटु सत्य कहना, एक प्रधानमंत्री के लिए सचमुच बहुत हिम्मत को बात थी। कहना न होगा कि कभी इतने कान्तिकारी उद्‌बोधन के साथ भारत में वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था की नींव रखी गई।

जमीनी लोकतंत्र का सशक्तीकरण :

विश्व के सबसे बढ़े लोकतंत्र के रुप में भारत विश्व मानचित्र पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्शाता है तो इसके पीछे कहों ना कही जमीनी लोकतंत्र यानी ग्राम पंचायत स्तर के लोकतंत्र की अहम भूमिका है। यह अलग बात है कि अब भी इस स्तर पर लोकतांत्रिक परिपक्वता स्थापित नही हो सकी है किन्तु इस दिशा में जितने भी प्रयास किए गय है उससे काफी बदलाव रेखांकित किए गये है। ये सारे प्रयास प्राचीनकालीन से किए जा रहे है। भारत ऐसा पहला देश है जहां पर स्थानीय स्वशासन के प्राचीनकालीन प्रमाण मिलते हे। यहां प्राचीन समय से ही स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था की गई थी जिसमें प्रशासनिक सुविधा के लिये क्षेत्र विभाजित किए गये थे। विभिन्न ऐतिहासिक स्त्रोतों से इस व्यवस्था की जानकारी हमें मिलती हे। ग्राम पंचायत राज के वर्तमान स्तर तक पहुंचने के लिये सदियों के प्रयास का हाथ हैं धीरे धीरे विकास के विभिन्न चरणों से होते हुए पंचायती राज संस्था आज इस स्वरुप में हमारे सामने मौजूद है।

पंचायती राज संस्था का विकास :

ऐसा नही था कि पंचायती राज संस्था अचानक आस्तित्व में आ गई। इसके पीछे दशकों की मेहनत प्रयास ओर राजनीतिक इच्छाशक्ति ने काम किया। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के दोरान भी देश में स्थानीय स्वशासन की वकालत विभिन्न विद्वानों द्वारा की जाती रही थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का इस दिशा में अहम योगदान रहा। उन्होनें गावों के महत्व को व्यापक रुप से रेखांकित किया ओर स्थानीय स्वशासन तथा सत्ता के विकेन्द्रीकरण की आवश्यकता बतायी। भारतीय सविंधान के निर्माताओं ने भी इस तथ्य की ओर आवश्यकता को बखूबी समझा। इसी का नतीजा था कि संविधान के नीति निदेशक तत्वों में अनुच्छेद 40 के अंतगर्त राज्यों को ग्राम पंचायत राज व्यवस्था की नीव डालने के साथ ही इस दिशा में प्रगति की एक महत्वपूर्ण राह खुली। इस व्यवस्था को ओर भी मजबूत किया 73 वे सविंधान संशोधन ने जिसमें ग्राम पंचायतो के वर्तमान स्वरुप का श्रेय जाता है। 1957 में गठित बलवंत राय मेहता समिति को जिसने त्रिस्तरीय पंचायती संरचना बनायी। देश में पंचायतों को सुदृढ़ व विकसित करने के उपाय सुझाने के लिये समय समय पर विभिन्न समितियों का गठन किया जाता रहा है। ओर यथा संभव उनकी सिफारिशों को अमल मे लाने का प्रयास भी किया गया है। के. राव समिति 1985 एल एम सिंघवी समिति 1986।

1986 में राजीव गांधी ने लोकतंत्र व विकास के लिये पंचायती राज संस्थाओं का पुनारुद्धार मुद्दे पर एल एम सिंघवी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इस समिति की सिफारिशों के मद्देनजर राजीव गांधी सरकार ने 1989 में 64 वां सविंधान संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित किया। इसके कुछ विवादास्पद प्रावधानों के कारण यह राज्य सभा से पारित नही कराया जा सका। पुनः 1990 में वी.पी. सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन में इस विधेयक के प्रस्तावों को मंजूर किया गया। तत्पश्चात इसे सितम्बर 1990 में लोकसभा में पेश किया गया। तत्कालिक प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के काल में सरकार ने विवादास्पद प्रावधानों को हटाकर पुनः इस विधेयक को सितम्बर 1991 में लोकसभा में पेश किया। अंततः 73 वे सविधान संशोधन विधेयक 1992 के रुप में यह लोकसभा से फिर राज्यसभा से ओर 17 राज्य की सरकारों द्वारा पारित होते हुए राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह 24 अप्रैल 1993 से प्रभावी हुआ।

अधिनियम का महत्व व विशेषता :

इस अधिनियम के तहत भारत के संविधान में सशोधन किया गया ओर इसमे पंचायते नाम से एक नया खंड शामिल किए गये। इसमें नए अनुच्छेद 243 से 243 के प्रावधान शामिल ि23कये गये। इसके तहत ही संविधान में एक नयी 11 वी अनुसूची जोड़ी गई जिसमें पंचायतों के लिये 29 कार्यकारी विषय श्शामिल किए गयें। अधिनियम की सबसे खास बात यह रही कि इसने नीति निदेशक सिद्धान्तों के अंतगर्त अनुच्छेद 40 के प्रावधानों को एक व्यावहारिक स्वरुप प्रदान किया जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायतों को गठित करने के लिये राज्य कदम उठायगा ओर उन्है उन आवश्यक श्शक्तियों तथा अधिकारों से विभूषित करेगा जिससे कि वह स्वशासन की इकाई की तरह कार्य करने में सक्षम हो। इस अधिनियम ने पंचायती राज संस्था को संवैधानिक बना दिया जिससे कि अब पंचायतों के गठन नियमित चुनाव आदि राज्य सरकारों की इच्छा पर निर्भर नही रहें।

इस अधिनियम के तहत पंचायती राज सस्था के तीन स्तर बनाए गये है। इस अधिनियम में सभी राज्यो के लिये त्रिस्तरीय प्रणाली का प्रावधान किया गया है।

1. पंचायत स्तर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वशासन की संस्था पंचायत विभिन्न भिन्न नामों से जाना जाने वाला,
2. ग्राम स्तर – इस प्रयोजन के लिये निर्दिष्ट गांवों का समूह ओर,
3. माध्यमिक स्तर गांव या जिला स्तर के बीच। यह इस तरीके से बनाया गया है जो देशभर में एक समान पंचायती राज संस्था की स्थापना करता है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रत्येक पंचायत में एक ग्रामसभा का गठन किया जाता है।

अधिनियम तहत पंचायतों के लिये 11 वी अनुसूची के विषय :

कृषि जिसमें कृषि विस्तार सम्मिलित है भूमि विकास भूमि सुधार लागू करना भूमि संगठन व भूमि विकास भूमि सुधार लागू करना भूमि संगठन व भूमि संरक्षण लघु सिंचाई जल प्रबंधन व नदियों के मध्य भूमि विकास पशु पालन दुग्ध व्यवसाय व मुर्गीपालन मत्स्य उद्योग वनजीवन तथा कृषि खेती वनों में लघु वन उत्पत्ति लघु उद्योग जिसमें खाद्य उद्योग सम्मिलित है खादी ग्राम एवं कुटीर उद्योग ग्रामीण विकास पीने वाला पानी ईंधन व पशु चारा सड़के पुल तटों जलमार्ग व अन्य संचार के साधन ग्रामीण विद्युत जिसमें विद्युत विभाजन समाहित है गैर परंपरागत उर्जा स्त्रोत गरीबी उन्मुलन कार्यक्रम प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा संबंधी विद्यालय यांत्रिक प्रशिक्षण व व्यावसायिक शिक्षा वयस्क व गैर वयस्क औपचारिक शिक्षा पुस्तकालय सांस्कृतिक कार्य बाजार व मेले स्वास्थ एवं स्वास्थ संबंधी संस्थाएं जिसमें अस्पताल प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र व दवाखाने शामिल है पारिवारिक समृद्धि महिला व बाल विकास सामाजिक समृद्धि जिसमें विकलांग व मानसिक रोगी की समृद्धि निहित है कमजोर वर्ग की समृद्धि जिसमें विशेषकर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग श्शामिल है लोक विभाजन पद्धति सार्वजनिक संपति की देखरेख।

पंचायती राज मंत्रालय :''देश में स्थानीय स्वशासन के प्रति यह सरकार की गंभीरता का ही प्रमाण था कि इस उदेश्य से 27 मई 2004 को अलग पंचायती राज मंत्रालय का गठन कर दिया गया। इसका उदेश्य था। 73 वे संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए संविधान के खंड 9 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की बेहतर निगरानी समन्यवयन किया

जा सके। यह मंत्रालय पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से विकेन्द्रीकरण ओर स्थानीय स्वशासन भागीदारी को पाने के लिये कार्य करते है। अधिकारिता सक्षमता ओर समावेशी सामाजिक न्याय के साथ विकास को सुनिश्चित करने के लिये पंचायती राज संस्थाओं की जवाबदेही ओर सेवाओं के कुशल वितरण को सुनिश्चित करना इसका लक्ष्य है।''[5] आज भारत में करीब 2.51 लाख पंचायती राज संस्थाएं है। इसमें 589 जिला परिषद 6405 लाख प्रतिनिधि जनता द्वारा चुने हुए है। जिसमें करीब 40 प्रतिशत महिलाएं 19.1 प्रतिशत अनुसूचित जाति ओर 11.8 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति से है। इसे ध्यान में रखते हुए 2009 में पंचायती राज मंत्रालय की ओर से 110 वां संविधान संशोधन विधेयक लाया गया जो कि त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्था में सीटों और अध्यक्ष के 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिये आरक्षित करता है। हालांकि जागरुकता और महिला शिक्षा के प्रसार से इस दिशा में हमें लगातार उत्साहजनक नतीजे देखने को मिल रहे है। सरकार के विभिन्न कार्यकमों योजनाओं आदि में नारी सशक्तिकरण के अनुकूलन प्रयासों से भी इसमें काफी प्रगति देखी जा रही है।

पंचायतों में आरक्षण :

''73 वे संविधान संशोधन के अनुरुप पंचायत राज विधानों में महिलाओं अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़े वर्गों के लिये स्थानों का आरक्षण किया गया हैं। कुल स्थानों के एक तिहाई स्थान महिलाओं हैतु आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों हेतु स्थानों का आरक्षण उनकी जनसंख्या के अनुपात में किया गया है। पिछड़े वर्ग हेतु आरक्षण का यह प्रावधान किया गया है। कि ग्राम जनपद एवं जिला स्तर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षण का प्रतिशत 50 अथवा कम हैं तो 25 प्रतिशत स्थान पिछड़े वर्ग हेतु आरक्षित किये जायेंगें यह सम्पूर्ण व्यवस्था चकानुकम में चलेगीं।''[6]

आरक्षण के प्रावधान के माध्यम से स्वतंत्रता के पश्चात प्रथम बार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य विछड़े वर्ग एवं महिलाओं की व्यापक स्तर पर राजनीतिक भर्ती हुई है।

महिलाओं का सशक्तिकरण :

महिलाएं समाज के लगभग आधे भाग का प्रतिनिधित्व करती हे। लेकिन उनकी अब तक की राजनीतिक सहभागिता लगभग नगन्य रही हे। 73 वे संविधान संशोधन अधिनियम में किये गये प्रावधनों से कुल स्थानों के एक तिहाई स्थान महिलाओं को प्राप्त हुए। सभी निर्वाचित महिला प्रतिनिधि में से अधिकांश को निर्वाचन का यह प्रथम अवसर प्रथम चुनाव में प्राप्त हुआ इसके पश्चात इस नेतृत्व में आरक्षण के प्रतिशत को बढ़ाते हुए 50 प्रतिशत कर दिया गया।

पंचायती राज संस्था के सशक्तिकरण के प्रयास :

स्थानीय स्वशासन को आधुनिक भारतीय लोकतंत्र का आधार कहा जा सकता हैं। यह लोकतांत्रिक ओर लोकतंत्र व्यवस्था के प्रति जनमानस में एक चेतना और जागरुगता के स्तर को बढ़ाने के प्रति भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। अतः इसके सफल संचालन व्यवस्थित कायवाही तथा इससे सकारात्मक संदेश जाए इसके प्रति सरकार और आम जन दोनो को हमेशा सचेत प्रयास करना होगा। पंचायतों के सशक्तिकरण के लिये नवगठित पंचायती राज मंत्रालय ने अनेक उपाय भी किए है। इनमें से एक है। पिछड़ा क्षेत्र अनुदान काष। इस योजना के तहत 272 जिले शामिल किए गए है।

पंचायतों के सशक्तिकरण ओर विकास के लिए एक अन्य प्रयास है– राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान। यह 12 वी पंचवर्षीय योजना के दौरान आरंभ किया गया था। इस अभियान का मुख्य उदेश्य देश की सभी पंचायतों को मजबूत करना ओर उन कमियों का दूर करना जिससे इसके सफल संचालन में बाधा आती हो। इसके लक्ष्य थे– ग्रामसभा ओर पंचायतो की क्षमता ओर प्रभाव को बढ़ाना लोगो को लोकतांत्रिक ओर सहभागिता स्वशासन के लिये जागरुक ओर सक्षम बनाना। इसके अलावा सरकार ने लोगों को नीति निर्माण में सहभागिता बनाने। शासन को पारदर्शी बनाने के प्रयोजन से वर्ष 2006 में नेशनल ई–गवर्नेश प्लान जारी किया। इसी के तहत ई–पंचायत एक मिशन मोड़ प्रोजेक्ट है। इसका उदेश्य पंचायतों के लिये निर्णय लेने में सहायक बनना आम जन के लिए सूचना प्रदान कराना पारदर्शिता जवाबदेही सुनिश्चित करना आदि है। इसके अलावा अन्य कई उपाय किए गये है। ताकि ग्राम पंचायती राज संस्था या कहे। कि जमीनी लोकतांत्रिक सशक्त मजबूत ओर सक्षम बन सके।

इसके अलावा विभिन्न सरकारी योजनाओं कार्यक्रमों का कियान्वयन निगरानी सीधे ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई है जसे मनरेगा इंदिरा आवास योजना आदि।

समस्या और निवारण :

इन तमाम संवैधानिक ओर राजनैतिक प्रयासों के बावजूद आज पंचायती राज संस्था कई चुनोतियों से जूझ रही है। प्राय देखने में आता है कि पंचायती राज व्यवस्था की महत्वपूर्ण इकाई ग्रामसभा की नियमित बैठके नही हो पायी है। इसमें होने वाले विचार विमर्श नीति निर्माण कार्य योजनाएं आदि बनाने के लाभो से इसी कारण हम वंचित रह जाते है। 73 वे संविधान संशोधन के द्वारा ग्रामसभा को संवैधानिक मान्यता की गई।

ग्रामसभा ऐसी नोडल एजेंसी के रुप में चिन्हित की जा सकतो है जिसे ग्रामीण विकास के तमाम लक्ष्यो/उद्देश्यों को पूरा करने की क्षमता रखती है। इसके लिये हमें पंचायतो में रोजगार केंद्र सूचना केन्द्र ज्ञान केन्द्र की स्थापना करनी होगी। साथ ही कौशल विकास के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ पंचायतों में ग्रामीणो के बीच आजीविका के नये साधन बना सकते है। इस दिशा में ईमानदार ओर बेहतर पहल की जाए तो इसके दूरगामी परिणाम ग्रामीण उद्योगीकरण के रुप में भी सामने आ सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1 कुरूक्षेत्र : सितम्बर 2011 :– ग्रामीण महिला सशक्तिकरण
2 एम.एम.लावनिया :– भारतीय महिलाओ का समाजशास्त्र रिसर्च पाब्लिशष जयपुर 2004
3 सुभाष कश्यप :– भारत का संविधान नेशनल बुक द्रस्ट 2013
4 कुरूक्षेत्र : सितम्बर 2011 – ग्रामीण महिला सशक्तिकरण
5 प्रतियोगिता दर्पण नवम्बर 2008
6 एम.एम.लावनिया :– भारतीय महिलाओ का समाजशास्त्र रिसर्च पब्लिशर्ष कश्यप जयपुर 2004
7 डॉ. शर्मा, प्रभुदत्त :– पंचायती राज प्रशासन, रिसर्च पब्लिकेशन, आगरा, 1995
8 देवेन्द्र उपाध्याय :– पंचायती राज व्यवस्था सामाजिक प्रकाश, नई दिल्ली, 2001
9 माधंर, शकुन्तला :– प्रचीन भारत में पंचायती राज, विधि भारती पब्लिकेशन, 1964

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

एक औषधीय फसल अश्वगंधा

मंजरी झा
शोध छात्रा, अर्थशास्त्र मध्यप्रदेश में औषधीय कृषि और उसका विपणन जबलपुर जिले के संदर्भ में

अश्वगंधा : भारत औषधीय पौधों का सबसे बड़ा उत्पादक है ओर इसे दुनिया का वास्तविक उद्यान कहा जाता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में अश्वगंधा को एक महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पति माना गया हे। अश्वगंधा एक ऐसी औषधीय फसल है जिसका उपयोग युनानी औषधीयों में बहुतायत में किया जा रहा हे। अश्वगंधा की खेती ठंडे प्रदेशों को छोड़कर देश के सभी भागों में होती है। किसानों को अवश्गंधा की खेती से अधिक मुनाफा प्राप्त होता है। देश में अश्वगंधा की मांग अधिक है जो हमारे विदेशी व्यापार के लिये लाभदायक है। अश्वगंधा एक एसी औषधीय फसल हैं जिसका उपयोग आयुर्वेदिक के साथ साथ एलोपैथिक दवाओं में भी इस्तेमाल किया जाता है। अश्वगंधा किसानों की अर्थव्यवस्था को घोड़े की तरह दोड़ाने वाली उपज है। कम खर्च कम मेहनत व कम सिंचाई का उपयोग कर के किसान इसके अधिक मुनाफा कमा सकता है। अश्वगंधा की खेती भारत में ही नही बल्कि विदेशों में भी की जा रही है। स्पेन, ईजराइल, जार्डन, ईरक्कों, श्री लंका, पूर्वी अफीका में भी इसकी खेती की जा रही है।

मुख्य शब्द : औषधीय पौधा युनानी पद्धति अश्वगंधा आयुर्वेद।

प्रस्तावना : अश्वगंधा का वानस्पतिक नाम ॒पजींदपं वउदपतिम कनदंस है। जो`वसमवदमबमं कुल से संबंधित है। अश्वगंधा या असंगद एक सींचा बढने वाला छोटा पौधा है। जिसकी सामान्य लंबाई 1.4 से 1.5 मीटर तक होती है। यह पौधा उष्णकटीबंधीय और सूखे क्षेत्रो में अच्छी तरह बढ़ता है। अश्वगंधा एक कठोर और सूखा बर्दाश्त करने वाला पौधा है। अश्वगंधा इंडियन मिनसेन या जहरीला करोंदा प्वाइजन गुजबेरी या विंटर चेरी ओर भारत के उत्तर पश्चिमी ओर मध्य हिस्से में उपजने वाले देशी दवाई के पौधों के तोर पर भी जाना जाता है। इसकी कच्ची जड़ से घाड़े जैसी गंध आने की वजह से इसे अश्वगंधा कहा जाता है। अश्वगंधा जड़ी बूटी या औषधीय बहुत महत्वपूर्ण ओर प्राचीन हैं। जिसकी जड़ों का इस्तेमाल भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली जैसे आयुर्वेद ओर युनानी में दवाओं के रुप में किया जाता रहा है। अश्वगंधा की पत्तिया हल्की हरी अंडाकार सामान्य तोर पर 10 से 12 सेमी. लंबी होती है। सामान्यतोर पर इसके फूल छोटे हरे ओर घंटे के आकार के होते है। आमतोर पर पका हुआ फल नारंगी ओर लाल रंग का होता है। अश्वगंधा की व्यवसायिक खेती में खेती प्रबंधन ओर उपयुक्त बाजार मॉडल बनाकर अच्छी कमाई कर सकते है।

अश्वगंधा को कई नामों से जाना जाता है– असगंध, नागौरी, पुनीर, विंटर चेरी, प्वाइजन, गुड़बेरी ओर इंडियन जिनसेंग।

भारत में अश्वगंधा का स्थानीय नाम : अश्वगंध, असगंध,अजर्गन्धा, हिन्दीं में रसभरी, अमुक्का , असरागंधी तमिल, अमक्कुरम, त्रिताषु, अयामोदकम मलयालम, धुप्पा बंगाली, केरामादीनागड्डी, केचुकी कन्नड़, आस्कनंदा, डोरगुंज, घोड़ा, तिल्ली मराठी, असोद, घोड़ा अहान, घोड़ा अकान, असुन, असम, घोड़ासोडा गुजराती, पेन्नेरु, वाजीगंधा अहान तेलगु।

भौगोलिक विवरण : विश्व में विदानिया कुल के पौधे स्पेन, मोरक्कों, जार्डन, पाकिस्तान, भारत में प्राकृतिक रुप में पाए जाते है। भारत में इसकी खेती 1500 मी की उंचाई तक के सभी क्षेत्रों में की जा रही है। भारत के पश्चिमोतर भाग राजस्थान, महाराष्ट, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, एवं हिमालय प्रदेश आदि प्रदेशों में अश्वगंधा की खेती की जा रही हैं। राजस्थान ओर मध्यप्रदेश में अश्वगंधा की खेती बड़े स्तर पर की जा रही है। इन्ही क्षेत्रों से पूरे देश में अश्वगंधा की मांग को पूरा किया जा रहा है।

जलवायु : अश्वगंधा की फसल रबी ओर खरीफ में की जाती है। रबी में उष्णकटीबंधीय से समशीतोष्ण जलवायु औसम चाहिये। खरीफ में कम वर्षा की आवश्यकता पड़ती है। ओसतन 100 सेमी वर्षा में इसकी फसल ठीक आती है। भूमि में की जा सकती है। जैसे बलुई, दोमट से हल्की रेतीली जिसका जल निकास अच्छा हो एवं पी. एचए मान 6–8 तक होना चाहिये।

रासायनिक संगठन : अश्वगंधा की जड़ में कई एन्केलाइडस पाए गये है। इनकी कुल मात्रा 0.13 से 0.31 प्रतिशत तक होती है। वेल्थ ऑफ इण्डिया के मतानुसार 13 एल्केलाइड कोमेटोग्राफी की विधि से अलग किये जा चुके है। इनमें प्रमुख है। कुस्कोहाइग्रीन एनाहाइग्रीन टोपीन, स्मुजोडोपीन, ऐनाफेरीन, आईसोपेलीन, टोरीन और तीन प्रकार के टोपिलोटग्लोएट। जर्मन व रुसी वैज्ञानिकों ने असगंध की जड़ में अन्य एल्केलाइड होने का भी दावा किया है। जिसमें प्रमुख हैः– विदासोमिन एवं विसामिन एल्केलाइडो के अलावा इस की जड़ में स्टार्च, श्शर्करा, ग्लाइकोमाइड्स–हेण्टियाकाल्टेन तथा अलसिटील विदनाल पाए गय है। इसमें बहुत से अमीनों अम्ल मुक्तावस्था में होते है तथा एस्पार्टिक अम्ल ग्लाइसिन आयरोसिन, एलेनिन, प्रोलीन, टिरप्योफैन, ग्लूटेमिक अम्ल एवं सिस्टीन। अश्वगंधा की पत्तियों में विदानोलाइड परिवार के पदार्थ पाए जाते है। जो बदलते रहते है। इसकी पत्तियों का स्वरुप एक सा रहने पर भी रासायनिक दृष्टि से अंतर पाया गया हे। बारह प्रकार के विदानोंलाइड अलग अलग पौधो से प्राप्त किये गये है। जो एक ही क्यारी में एक साथ रोपे गये थे। इसके अलावा पत्तियों में एल्केलाइडन ग्लाकोसाइडस ग्लूकोष एवं मुक्त अमीनों अम्ल भी पाए गये है। असगंधा के तने में प्रोटीन बहुतायत से पाए गये है। इनमें रेशा बहुत कम तथा केल्सियम व फास्फोरस प्रचुर मात्रा में होते है। कई अमीनों अम्ल भी मुक्तावस्था में पाए गये है। जड़ तने तथा फल में टेनिन एवं फलेविनाइड भी होते है। इसके फलों में प्रोटीनों को पचाने वाला एक एन्जाइम कैमेंश भी उपस्थित होता हैं।

औषधीय गुण : अश्वगंधा का प्रयोग भारत में प्राचीन समय से ही कारगार औषधि के रुप में होता है। औषधि के रुप में इसका कुछ मुख्य औषधीय गुण निम्नलिखित हैः

1. इसके पोधे की पत्तिया त्वचा रोग शरीर की सूजन एवं शरीर पर पेड़ घाव ओर जख्म भरने जैसी समस्या से लेकर बहुत सी बीमारियों में भी बहुत उपयोगी है।
2. अश्वगंधा के पौधे को पीसकर लेप बनाकर लगाने से शरीर की सूजन या शरीर के किसी भी विकृत गंथि ओर किसी भी तरह के फोड़े फुंसी को हटाने में काम आती है।
3. पौधे की पत्तियों को घी, शहद, पीपल इत्यादि के साथ मिलाकर सेवन करने से शरीर निरोग रहता है।
4. यदि किसी को चर्मरोग है। तो उसके लिये भी अश्वगंधा जड़ी बूटी बहुत लाभकारी है। इसका चूर्ण बनाकर तेल के साथ लगाने से चर्म रोग से निजात पाई जा सकती है।
5. उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित लोग यदि अश्वगंधा के चूर्ण का दूध के साथ नियमित सेवन करेंगे तो निश्चित तोर पर उसका रक्तचाप सामान्य हो जाएगा।
6. शरीर मे कमजोरी या दुर्बलता को भी अश्वगंधा तेल से मालिश कर दूर किया जा सकता है। इतना ही नही गैस संबंधी समस्या में भी ये पौधा अत्यंत लाभदायक होता हे।
7. सास संबंधी रोगों से निजात पाने के लिये अश्वगंधा के क्षार को शहद ओर घी के साथ मिलाकर सेवन करने से बहुत लाभ मिलता है।
8. वृद्धावस्था मे होने वाली बीमारियों को दूर करने, तरोताजा रहने ओर उर्जावान बने रहने के लिये अश्वगंधा चूर्ण को प्रतिदिन दूध के साथ लोना चाहिए। इससे मस्तिष्क भी तेज होता है।
9. इसके अतिरिक्त अश्वगंधा पौधे के ओर लाभ हैं कि यह खांसी क्षयरोग गठिया में भी बहुत लाभदायक हे।
10. अश्वगंधा पौधे की जड़ पौष्टिक होने के साथ ही पाचक अम्ल व प्लेग जैसी बीमारियों से निजात दिलाती हे।

अश्वगंधा पौधे के जड़, पत्ती, तना, बीज, फल सभी का उपयोग दवाई बनाने में किया जाता हैं। अश्वगंधा एक ऐसा ओषधीय पौधा है। जिस पौधे का हर एक भाग दवा बनाने के काम आता है।

पौधे का नाम	उपयोग का प्रतिशत
जड़	40
पत्ती	14
बीज	32
तना	2
फल	12

दिये गये चित्र से प्रदर्शित है कि अश्वगंधा के पौधे मे सबसे अधिक उपयोग उसकी जड़ का किया जाता है। इसकी सूखी व गीली दोनों ही काम आती हे। अश्वगंधा की जड़ का उपयोग टॉनिक बनाने में किया जाता है।

अश्वगंधा की खेती से लाभ :

देश विदश में अश्वगंधा की काफी मांग है। अश्वगंधा के बाजार के लियें मध्यप्रदेश का नीमच ओर मंदसोर पूरी दुनिया में मशहूर हे। देश से आयातक खरीददार प्रोफेसर पारंपरिक व्यापारी आयुर्वेदिक ओर सिद्ध डग मैन्युफैक्चरर प्रति साल यहां आकर अश्वगंधा की जड़ खरीदते है। प्रदेश में इसकी खेती लगभग 4300 हेक्टेयर में होती है। इसमें तकरीबन 1650 टन प्रति वर्ष उत्पादन होता हे। जबकि इसकी मांग 7000 टन सालाना है। अधिकतर एक में 65–80 क्विंटल ताजा जड़े प्राप्त होती है। जो सूखने पर 3 से 5 क्विंटल री जाती है। इससे 50 से 60 किग्रा. बीज प्राप्त होता है। एक हेक्टेयर मेंअश्वगंधा पर अनुमानित लागत करीब 1000 रुपये आता है। जबकि लगभग 5 क्विंटल जड़ों का सामान्य विक्रय मूल्य लगभग 80 हजार रुपये होता है। इससे शुद्ध लाभ करीब 68 हजार रुपये होता है। इससे 750 रुपये प्रति हेक्टेयर होता हे। उन्नत प्रजातियों में यह लाभ बढ़ जाता है। अधिक लाभ कमा सकते है। तथा इसकी बड़े पैमाने पर खेती करके व अश्वगंधा का उपयोग कर बनाई गई दवाओं का निर्यात कर हम विदेशी व्यापार में योगदान देकर देश की आर्थिक स्थिति को मजबमत कर सकते है।

उपसंहार : पूर्व में औषधीय वनस्पतियों का संग्रह वनों से होता था इनकी कृषि पर विचार नही किया गया था किंतु मांग बढ़ने के कारण अब औषधीय पौधो की कृषि प्रारंभ हो गई हे। औषधीय पौधों कृषि अन्य फसलों की तुलना में लाभप्रद सिद्ध हो रही है। अश्वगंधा एक एसी औषधीय है जिसका बाजार काफी बड़ा व लाभप्रद है। इसके द्वारा हम काफी बीमारियों का इलाज आयुर्वेदिक पद्धति से कर सकते है। जो हमारे रोगों को दूर करने में सहायक है। यह एक एसी जड़ी बूटी है। जो हमें बड़ी ही आसानी से उपलब्ध हो जाती है। इसका उपयोग कई एलोपैथिक दवाओं को बनाने में किया जाता हें। इसका उपयोग कर बनाई गई दवाओं का हम विदेशों में बड़ी मात्रा में निर्यात करते है। इसके कच्चे माल की मांग भी दिनो दिन बढ़ रही है। जो हमारे विदेशी व्यापार के लिये लाभप्रद सिद्ध हो रही है। 6 से 10 रुपये की सालाना मुद्रा हमें औषधीय पौधो के उत्पाद को निर्यात करने से प्राप्त होती है। जो हमारे देश के आर्थिक विकास को सुदृढ़ बनाती है।

संदर्भ ग्रंथ :

- अश्वगंधा की संपूर्ण जानकारी पब्बिव सपअम अश्वगंधा विकिपीडिया।
- तिवारी,ए.बी. 2015 म.प्र. के प्रमुख औषधीय सें।
- पौधो की उन्नत कृषि तकनीक जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय जबलपुर 2016।
- देशपांडे, धनंजय 2014 ओषधीय वनस्पतिया नई दिल्ली।
- शर्मा,संतोष हर्बल मेडिशनल प्लांट राजस्थान।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम

डॉ. प्रवीण चौधरी
अर्थशास्त्र विभाग, शासकीय नेहरू अग्रणी महाविद्यालय अशोक नगर(म.प्र.)

सारांश : भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश के समग्र विकास के लिये ग्रामीण विकास का होना आवश्यक है। रोजगार सृजन से ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत स्वरोजगार प्रदान करने में शासन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन का सबसे बड़ा माध्यम स्वरोजगार प्रदान करना होता है। ग्वालियर जिले में ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत स्वरोजगार प्रदान करने हेतु शोध अवधि में कियान्वित प्रमुख योजनाऐं, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम एवं जवाहर रोजगार येाजना है जिसका प्रमुख उद्देश्य स्वरोजगार प्रदान करना है। समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम को 1978–79 में प्रारम्भ किया गया, तथा ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिये जवाहर रोजगार योजना 1 अप्रैल 1989 को प्रारम्भ की गई। ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के कियान्वयन में शोध अवधि के प्रारम्भ में प्रदत्त अनुदान 25.08 लाख रूपये और अन्त में 70.61 लाख रूपये रही। जो अनुदान राशि में तेजी से उतार–चढाव कार्यक्रम के अस्थिरता के परिणास्वरूप है। ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जवाहर रोजगार योजना का प्रारम्भिक वर्ष 1990–91 में आर्थिक लक्ष्य 11.18 लाख था जबकि लाभान्वित व्यक्ति 7.45 लाख जिसमें अनुसूचित जाति के 7.25 लाख तथा अनुसूचित जनजाति के 1.25 लाख थे। शोध अवधि के अन्तिम वर्ष में वार्षिक लक्ष्य 5.59 लाख व्यक्ति रहा जिसमें लाभान्वित व्यक्ति 5.08, जिसमें अनुसूचित जाति 2.91 लाख तथा अनुसूचित जनजाति 1.01 लाख व्यक्ति रहे। इस प्रकार कहा जा सकता है कि जवाहर रोजगार योजना वार्षिक लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सकी तथा कहीं–कहीं ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों को कागजों पर चलाया जा रहा है एवं ये कार्यक्रम लोगों तक नहीं पहुॅच पा रहे हैं इसलिय ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम : ;ल्तंस म्उचसवलउमदज च्तवहतंउउमद्ध

भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसका एक बड़ा भाग ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता है। देश के समग्र विकास के लिये ग्रामोण विकास एक अहम धुरी है। ग्रामीण क्षेत्र में खुली बेरोजगार, अर्द्ध बेरोजगारी की समस्याऐं हैं। रोजगार सृजन से ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत स्वरोजगार प्रदान करने में शासन का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन का सबसे बड़ा माध्यम स्वरोजगार प्रदान करना है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रमुख रूप से जो मौसमी बेरोजगारी, अदृश्य बेरोजगारी तथा अल्प रोजगार सम्बन्धी बेरोजगारी पाई जाती है। उसका निवारण स्वरोजगार के माध्यम से ही सम्भव है। ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार प्रदान करने के लिऐ शोध अवधि मं मुख्य रूप से स्वरोजगार कार्यक्रम क्रियान्वित की गई है। उसमे प्रमुख समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम तथा जवाहर रोजगार योजनाऐं सम्मिलित है।

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम : ;प्दजमहतंजमक ल्तंस क्मअमसवचउमदज च्तवहतंउउमद्ध

ग्रामीण संदर्भ में स्वरोजगार सृजन के लिए अति महत्वाकांक्षी समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम को वर्ष 1978–79 में प्रारम्भ किया गया। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 50–50 के अनुपात में वित्त पोषित कर यह कार्यक्रम सम्पूर्ण देश में 2 अक्टूबर 1980 से प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य चिन्हित ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार के माध्यम से समर्थ तथा सक्ष्म बनाना है। इस उद्देश्य के लक्षित समूहों को उत्पाद परिसम्पत्तियॉ एवं निवेश उपलब्ध कराकर प्राप्त किया जाता है।

यह परिसम्पत्तियॉ प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों में वित्तीय सहायता के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं। यह वित्तीय सहायता शासन द्वारा दिया गया अनुदान एवं बैंकिंग तथा वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये गये ऋणों के रूप में होता है।

लक्षित समूह में लघु एवं सीमान्त किसान, कृषि मजदूरों एवं ग्रामीण कारीगर सम्मिलित हैं। इसमें कम से कम 50 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के होने चाहिए तथा कम से कम 40 प्रतिशत महिलाऐं होनी चाहिए।

इस कार्यक्रम की सहायता प्राप्त करने वाले परिवारों में 5 प्रतिशत व्यक्तियों को निर्धारित किया गया है इसमें परिवार कल्याण कार्यक्रम के ग्रीन कार्ड धारकों, मुक्त बन्धुआ मजदूरों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है। गरीबी रेखा को 6400 रूपये प्रति वर्ष प्रति परिवार को बढ़ाकर वर्ष 1992–93 से 11000 रूपये कर दिया गया है एवं भूमि की खरीद को इस कार्यक्रम में एक स्वीकार्य गतिविधि बना दिया गया है।

ग्वालियर जिले में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शासन की भूमिका वर्ष 1985–86 से 1994–95 की शोध अवधि हेतु निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका

ग्वालियर जिले में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के कियान्वयन में शासन की भूमिका (लाख में)

वर्ष	अनुदान राशि
1985–86	25.86
1986–87	76.65
1987–88	81.38
1988–89	14.60
1989–90	56.57
1990–91	87.01
1991–92	108.18
1992–93	66.66
1993–94	119.26
1994–95	70.61

स्त्रोत : कार्यालय परियोजना अधिकारी, ग्रामीण विकास अभिकरण ग्वालियर



उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्वालियर जिले में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के कियान्वयन में शासन की भूमिका, अनुदान राशि के रूप मे व्यक्त की गई है। वर्ष 1985–86 में यहॉ अनुदान राशि केवल 25.86 लाख रूपये थी वह क्रमशः 1986–87 एवं 1987–88 में बढ़कर 76.65 एवं 81.38 लाख रूपये हो गई किन्तु 1988–89 में अनुदान राशि 14.60 लाख रूपये होकर ही रह गई। तदोपरान्त वर्ष 1989–90, 1990–91 एवं 1991–92 में यह अनुदान राशि वढ़कर क्रमशः 56.57, 87.07 एवं 108.18 लाख रूपये हो गई। वर्ष 1992–93 में अनुदान राशि घटकर 66.66 लाख रूपये रह गई जबकि वर्ष 1993–94 में यह

अनुदान राशि बढ़कर 119.26 लाख रूपये हो गई। वर्ष 1994–95 में यह राशि घटकर 70.61 लाख रूपये रह गई।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि अनुदान राशि में परिवर्तन यह प्रदर्शित करता है कि ग्वालियर जिले में शोध अवधि में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम अस्थिर रहा है।

जवाहर रोजगार योजना : ;श्रींत त्वरहंत ल्वरंदंद्ध

ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए जवाहर रोजगार योजना 1 अप्रैल 1989 में ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम एवं खेतीहर मजदूर रोजगार गारंटी कार्यक्रम को विलय करके प्रारम्भ की गई। जवाहर रोजगार योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादक, आर्थिक परिसम्पत्तियों का निर्माण कर बेरोजगार तथा अल्प रोजगार प्राप्त पुरूषों एवं महिलाओं, विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं मुक्त बंधुआ मजदूरों के लिए स्वरोजगार अथवा अतिरिक्त रोजगार की व्यवस्था करना है।

जवाहर रोजगार योजना का उद्देश्य गैर कृषि मौसम में रोजगार के इच्छुक 18 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष से कम आयु के ग्रामीणों को 100 दिवस तक का रोजगार उपलब्ध कराना है। इस योजना की दो उपयोजनाओं में इन्दिरा आवास योजना एवं निर्धन किसानों को निःशुल्क कुंऐ, तालाब, अल्प सिंचाई योजना एवं भूमि विकास के कार्यो को सम्मिलित किया गया है। इस योजना में केन्द्र एवं राज्य सरकार का व्यय 80 एवं 20 अनुपात में होता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि जवाहर रोजगार योजना का प्रारम्भिक लक्ष्य ग्रामोण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं द्वितीयक लक्ष्य ग्रामीण अधोसंरचना एवं परिसम्पित्तियों का निर्माण, मजदूरी स्तर पर सकारात्मक प्रभाव एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

जवाहर रोजगार योजना को अब तीन धाराओं में बॉटकर कार्य किया जा रहा है। प्रथम धारा के अधीन सरकारी एवं सामुदायिक निर्माण कार्य, वृक्षारोपण भूमि तथा जल संरक्षण, छोटी सिंचाई योजनाऐं, सड़कों एवं भवनों का निर्माण आदि कार्य सहित इन्दिरा आवास उपयोजना एवं 10 लाख कुओं की उपयोजना को सम्मिलित किया गया है।

द्वितीयक धारा के अन्तर्गत चिन्हित 120 पिछले जिलों में अतिरिक्त आवंटन से योजना को अधिक तीव्र बनाना है।

तृतीय धारा के अन्तर्गत ऑपरेशन, ब्लेड बोर्ड कार्यक्रम चलाना, श्रम प्रवासों को रोकना, महिला रोजगार को बढ़ावा देना। जल प्रबंधन एवं बंजर भूमि विकास को प्रोन्नत करना है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र के लिए जवाहर रोजगार योजना का निर्माण उत्तम उद्देश्यों, विस्तृत लक्ष्य, नवक्रिया एवं, नवीन कार्यक्रम को सम्मिलित कर किया गया है।

ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जवाहर रोजगार योजना वर्ष 1990–91 से क्रियान्वित हो सकी। जवाहर रोजगार योजना का प्रमुख उद्देश्य स्वरोजगार का सृजन करना था।

ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जवाहर रोजगार योजना का क्रियान्वयन निम्नाकिंत तालिका से दर्शाया गया है।

तालिका

ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जवाहर रोजगार योजना का क्रियान्वयन (लाख में)

वर्ष	वार्षिक लक्ष्य	लाभान्वित व्यक्ति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
1990–91	11.18	7.45	2.75	1.25
1991–92	10.89	8.29	3.39	1.62
1992–93	अप्राप्त	5.26	2.71	1.04
1993–94	7.43	6.87	3.16	1.64
1994–95	5.59	5.08	2.91	1.01

स्त्रोत : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ग्वालियर (म.प्र.)



उपयुक्त तालिका से स्पष्ट है कि ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जवाहर रोजगार योजना का लक्ष्य वर्ष 1990–91 में 11.18 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करना था किन्तु यह लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका तथा केवल 7.45 लाख व्यक्ति लाभान्वित हो सके जिससे 2.75 लाख अनुसूचित जाति एवं 1.25 लाख अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति लाभान्वित हो सके। वर्ष 1991–92 में 10.89 लाख के वार्षिक लक्ष्य से कम 8.29 लाख व्यक्ति लाभान्वित हो सके तथा इस वर्ष में लाभान्वित अनुसूचित जाति के 3.39 लाख एवं 1.62 लाख अनुसूचित जनजाति के थे। वर्ष 1992–93 में वर्षिक लक्ष्य अप्राप्त होते हुये 5.29 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुये अनुसूचित जाति के 2.71 लाख तथा अनुसूचित जनजाति के 1.04 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुऐ। वर्ष 1993–94 में वार्षिक लक्ष्य 7.43 लाख से कम 6.87 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुये तथा अनुसूचित जाति के 3. 16 लाख और अनुसूचित जनजाति के 1.64 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुये। वर्ष 1994–95 मे वार्षिक लक्ष्य 5.29 लाख व्यक्ति रखे गये, किन्तु इस लक्ष्य से 5.08 लाख व्यक्ति लाभान्वित हो सके जिसमें अनुसूचित जाति के 2.91 लाख तथा अनुसूचित जनजाति के1.01 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुऐ।

इस प्रकार स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि जवाहर रोजगार योजना अपने वार्षिक लक्ष्यों को तथा लक्ष्यों के बार–बार कम करने के पश्चात् भी उन लक्ष्यों को पूरा नहीं किया जा सका।

निष्कर्ष : ग्रामीण संदर्भ में रोजगार सृजन में ग्रामीण बेरोजगारी की प्रकृति को देखते हुये स्वरोजगार प्रदान करने में शासन की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्वालियर जिले में ग्रामीण क्षेत्र के अन्तर्गत स्वरोजगार प्रदान हेतु शोध अवधि में क्रियान्वित प्रमुख योजनाऐं समन्वित ग्रामीण विकास कार्यकम एवं जवाहर रोजगार योजनाऐं हैं। जिसका प्रमुख उद्देश्य निर्धनता की रेखा के लक्ष्य समूहों उत्पादक परिसम्पत्यिों एवं निवेश उपलब्ध कराकर स्वरोजगार प्रदान करना है। ग्वालियर जिले में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम की क्रियान्वयन में जो शोधावधि के प्रारम्भ में प्रदत्त अनुदान राशि 25.08 लाख रूपये थी वह अन्त में 70.61 लाख रूपये रही। शोधावधि के मध्य में अनुदान राशि में तेजी से उतार–चढाव कार्यक्रम के अस्थिरता के परिणामस्वरूप है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हेतु जवाहर रोजगार योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना का एक उद्देश्य गैर कृषि मौसम में इच्छुक ग्रामीण को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही बेरोजगार तथा अल्प रोजगार प्राप्त पुरूषों एवं महिलाओं विशेषकर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं मुक्त बन्धुआ मजदूरों को उत्पादक, आर्थिक परिसम्पत्तियों का निर्माण कर या अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं द्वारा स्वरोजगार अथवा अतिरिक्त रोजगार की व्यवस्था करना है। इस योजना को तीन धाराओं में बॉटकर नवक्रिया एवं नवीन कार्यक्रम को सम्मिलित कर किया गया है।

ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जवाहर रोजगार योजना वर्ष 1990–91 से क्रियान्वित की गई तथा प्रारम्भिक वर्ष 1990–91 में वार्षिक लक्ष्य 11.18 लाख था जबकि लाभान्वित व्यक्ति 7.45 लाख जिसमें अनुसूचित जाति के 7.25 लाख तथा अनुसूचित जनजाति के 1.25 लाख थे। शोध अवधि के अन्तिम वर्ष 1994–95 में वार्षिक लक्ष्य 5.59 लाख व्यक्ति रहा जिसमें लाभान्वित व्यक्ति 5.08 लाख, अनुसूचित जाति 2.91 लाख तथा अनुसूचित जनजाति 1.01 लाख व्यक्ति रहे। इस प्रकार जवाहर रोजगार योजना वार्षिक लक्ष्यों को बार–बार कम करने के पश्चात भी लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सकी। इस प्रकार कहा जा सकता है कि कहीं–कहीं ग्रामीण क्षेत्र में इन कार्यक्रमों को कागल पर ही चलाया जा रहा है तथा ये कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक नहीं पहुँच पा रहे है इसलिये ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिये ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

- अग्रवाल ए.एन. – ''भारतीय अर्थव्यवस्था'' (विकास एवं नियोजन) विश्व प्रकाशन नई दिल्ली।
- भण्डारी एवं जौहरी – ''भारतीय अर्थव्यवस्था'' प्रगति पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
- भटनागर डॉ. कालका प्रसाद – ''भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था'' किशोर पब्लिकेशन हाउस।
- दत्त एवं सुन्दरम् – ''भारतीय अर्थव्यवस्था'' एस चन्द्र एण्ड कम्पनी लिमिटेड, नई दिल्ली।
- हजेला तिलक नारायण – ''आर्थिक विचारों का इतिहास'' शिवलाल अग्रवाल एंड कम्पनी, आगरा।
- जैन एवं सिसौदिया – ''म.प्र. सामान्य ज्ञान'' उपकार प्रकाशन, आगरा।
- जैन डॉ. बी.एम.– शोध प्रविधि एवं तकनीकी, कोणार्क पब्लिकेशन, दिल्ली।
- जैन डॉ. एस.सी. – ''औद्योगिक अर्थशास्त्र'' कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
- मिश्र एवं पुरी – ''भारतीय अर्थव्यवस्था'', हिमालय पब्लिकेशिंग, नई दिल्ली।
- माथुर डॉ. बी.एल. – ''कृषि अर्थशास्त्र'' अर्जुन पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली।
- पाटनी आर.एल. – ''भारतीय अर्थव्यवस्था'' राजीव प्रकाशन, मरठ।
- सिंघई डॉ. जी.सी. एवं. डॉ. जे.पी. मिश्रा – ''यूनीफाइड अर्थशास्त्र'', साहित्य भवन, आगरा
- जिला सांख्यिकी पुस्तिका
- प्रतियोगिता दर्पण
- प्रतियोगिता निर्देशका
- कुरूक्षेत्र
- योजना
- उद्योग एवं व्यापार पत्रिका
- इंटरनेट
- दैनिक समाचार पत्र

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

डॉ. अम्बेडकर के आर्थिक विचारो पर प्रभाव

महिताप सिंह धुर्वे
शोधार्थी (हिन्दी) हिन्दी एवं भाषा विज्ञान रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

भूमिका : किसी भी व्यक्ति के विचार या आर्थिक विचार जिन दशाओं और पर्यावरण में वह रहता है, उससे प्रभावित होते हैं। भारतीय अर्थशास्त्रियों पर भी यही बात लागू होती है। यह सही है कि उनके लेखन में सैद्धान्तिक विकास के संबंध में कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं मिलता है। परन्तु उनके लेखन ने व्यावहारिक आर्थिक अनुसंधान का निश्चित रूप से विकास किया है। यदि आर्थिक विचारों से आशय किसी शुद्ध सिंद्धात के प्रतिपादन एवं विकास से है तब तो अधिकांश भारतीय अर्थशास्त्रियों के लेखन में कुछ भी मूल्यवान नहीं है और यदि इसका आशय देश की आर्थिक समस्याओं के लिए तार्किक दृष्टिकोण, एक स्पष्ट दृष्टि और उद्देश्य के प्रति निश्चित एकता से है तो भारतीय अर्थशास्त्रियों ने पर्याप्त सफलता प्राप्त की है। यही बात डॉ. आम्बेडकर और उनके लेखन के बारे में सही है। अर्थशास्त्र विषय पर उनका अधिकांश लेखन सन् 1913 से 1923 के बीच की अवधि में हुआ और वह भी या तो अमेरिका में या इंग्लैंड में। उनके विचार उनके अपने प्रारंभिक जीवन की पीड़ाओं में, भारत में अछूतों के प्रति व्यवहार, उनके शिक्षकों तथा देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दशाओं से प्रभावित थे। अमेरिका, इंग्लैंड और जर्मनी की दशाओं ने भी उनके विचारों को प्रभावित किया।

वैदिक काल में आर्यो के समय में जाति प्रथा नहीं थी। बाद में आर्यो ने अपने आपको श्रम विभाजन के आधार पर और व्यक्ति की अपनी योग्यता, पंसद तथा क्षमता के अनुसार विभिन्न व्यवसायों में विभाजित कर लिया था। अध्ययन, अध्यापन और धार्मिक संस्कारों को कराने का काम अपनाने वाले ब्राहम्ण कहलाने लगे। प्रशासन और सुरक्षा का दायित्व लेने वाले को सामान्यतः क्षतिय कहा गया, जिन्होनें व्यापार एवं व्यवसाय करना शुरू किया उन्हें वैश्य कहा गया और जोलोग इन तानों श्रेणी के लोगों की सेवा करते थेया अनिवार्य या दायित्व का कार्य करते थे, उन्हेंशूद्र कहा गया। यही विभाजन आगे चल कर जाति–पाति की कठोर चारदीवारी में परिणत हो गया और किसी व्यक्ति की जाति का निर्धारण उसके जन्म से ही होने लगा। इस प्रकार हिन्दू समाज में सामाजिक संगठन जाति प्रथा के आधार पर स्थिर हो गया और इसे चार वर्ण व्यवस्था के नाम से जाना जाता है। समय बीतने के साथ ही प्रत्येक वर्ण या जाति का विभिन्न उपजातियो में विभाजन हुआ और फिर प्रत्येक वर्ण कई नाम वाली सैंकड़ों उपजातियों में विभाजित हो गया।

सार्वजनिक सेवाएं भी उनके लिए निषिद्ध थीं। कुछ लोग अवश्य ही भाग्यशाली थे जिन्हें जीतने के लिए काश्तकार के रूप में भूमि प्राप्त हो गई थी या श्रमिको के रूप में कार्यरत् थे। ''इस प्रकार सामाजिक, धार्मिक और नागरिक अधिकारों से वंचित इन लोगों के पास अपनी दशाएं सुधारने का कोई अवसर नही था। ये अछूत हिन्दू एक मृत भूतकाल का जीवन जी रहे थे। सामाजिक अलगाव, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वातावरण और अपर्याप्त आवास में अपने जीवन की गाड़ी खींचते थे।''

डॉ. अम्बेडकर ने एक अछूत परिवार में जन्म लिया था। उनके नाना कबीर सम्प्रदाय के अनुयायी थे। डॉ. आम्बेडकर को अछूतों की दशाओं का गहन ज्ञान था। उनकी दयनीय दशाओं से वे भली–भांति परिचित थे। स्वयं अदूत होने के कारण उन्हें कई बार मर्मान्तक पीड़ा सहन करनी पड़ी थी। ऐसा उनके साथ कई प्रकरणों में हुआ। स्कूल में पढ़ते समय या गांव जाने के लिए गाड़ी में यात्रा करते समय या बड़ौदा राज्य में सेवा के समय या सिडनहम कालेज बम्बई में प्रोफेसर के रूप में कार्य करते समय अछूत होने के कारण उनके साथ तिरस्कारपूर्ण व्यवहार किया गया था। इन मर्यादाहीन और तिरस्कारपूर्ण अपमानों से प्रेरित होकर उन्होनें समस्या के मूल को खोजने की कोशिश की। उन्होनें इस कार्य सहानुभूति रखने वालों से सम्पर्क किया। साथ ही दलितों और अछूतों के उद्धार के लिए कार्य करने की निश्चय किया।

देश में अंग्रेजों का शासन था। वे लोगों का शोषण और देश का दोहन कर रहे थे। लोगों

में सामाजिक–राजनीतिक चेतना का जागरण हो चुका था। भारतीय नेताओं ने राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही आंदोलन एक साथ चलाए। इन नेताओं में प्रमुख थे – रानाडे, आगारकर और डॉ. भंडारकर। लोकमान्य तिलक रोबदार, आक्रामक और पांडित्यपूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे। उनके अनुसार राजनीतिक कष्टों को दूर करना देश की प्रथम आवश्यकता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हो चुकी थी। कांग्रेस ने अपने सम्मेलन में ब्रिटिश सरकार से अपील की थी कि कम से कम शासकीय पदों व समितियों का भारतीयकरण किया जावे। इस अवधि में अंग्रेजी सरकार ने भारतीय नागरिकों के अधिकारों का सम्पूर्ण शक्ति के साथ दमन किया था। वाद–विवाद और सभा करने की स्वतंत्रता को धीरे–धीरे समाप्त कर दिया गया था। इन अधिकारों का दमन करने के विरूद्ध शिकायतें, विरोध और अपील करने वालों को सरकार द्वारा राज्यद्रोही करार देकर उनकी सार्वजनिक भर्त्सन की जाती थी। लोगों में व्याप्क रूप से असंतोष था और इसने देश में राजनीतिक अशांति को जन्म दिया। बाल गंगाधर तिलक ने कांग्रेस दल में राष्ट्रीय भावनाओं को जगाया। तिलक ने आत्मनिर्भरता और स्वयं सहायता का मंत्र सिखाया।

यह उनकी पुस्तक ''दि इवाल्यूशन ऑफ प्राविन्शियल फादनेन्स इन ब्रिटिश इंडिया'' उद्धृत निम्नलिखित वाक्यों से स्पष्ट है – ''सत्ता कदाचित ही स्वयं अपनी आत्महत्या करती। जब लोग स्वेच्छा से सरकार की आज्ञा का पालन नहीं करते है तो यह ताकत का उपयोग करती है – केवल उस शक्ति सम्पन्नता से संतुष्ट न होते हुए जो कार्यपालिका को अपराधों की विरोधक विधि, क्रिमिनल और पीनल कोड के प्रावधानों से प्राप्त हुई थी सरकार ने इंडियन इस्टीट्यूट बुक मे ऐसे दमनकारी कानूनों के समूह को सम्मिलित किया जिन्हें विश्व के किसी अन्य जगह में पाना कठिन था।'' डॉ. आम्बेडकर ने उस समय की सरकारी नौकरशाही को अनुदार, अंहानकारी और अनुत्तरदायित्वपूर्ण कह कर भर्त्सना की थी। उनके अनुसार सार्वजनिक सभी करने के अधिकार का दमन उसी प्रक्रिया और कठोरता के साथ किया गया जैसा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार और विवाद की स्वतंत्रता के अधिकार का दमन किया गया था।

डॉ. अम्बेडकर अमेरिका के संविधान विशेषकर उसके चौदहवें संशोधन से भी प्रभावित हुए थे। इस संशोधन के अनुसार नीग्रो लोगों की स्वतंत्रता की घोषणा की गई थी। इसी प्रकार बुकर टी. वांशिगटन के जीवन से भी वे अत्याधिक प्रभावित थे, इनकी मृत्यु 1915 में हुई थी। श्री वाशिंगटन, अमेरिका में नीग्रो जाति के महान सुधारक और शिक्षा शास्त्री थे। इन्होनें 'टस्कीज इन्स्टीट्यूट' की स्थापना की थी और उसके अध्यक्ष रहे थे। यह संस्था नीग्रो लोगों में शिक्षा का प्रचार–प्रसार करती है। इसी संस्था ने नीग्रो लोगों को दासत्व के उन बंधन से मुक्त कराया जिनसे ये युगों से भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से पीड़ित थे।

डॉ. अम्बेडकर के विचारों को प्रभावित करने वाली आर्थिक दशाओं का अध्ययन करते समय हमें हमारा दृष्टिकोण अधिक व्यापक करना होगा। इन दशाओं को प्रांरभिक रूप तीन भागों में बांटा जा सकता है – प्रथम, विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति, द्वितीय, भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति और तृतीय भारत में दलित वर्गो की आर्थिक स्थिति।

विभिन्न देशों के लोगों के विचारों को प्रभावित करने वाली कई समस्याऐं और कई तत्व थे। ''उन्नीसवीं सदी का प्रांरभ सभी प्रकार की सरकारों का था बुराई करने के साथ हुआ था और व्यक्तिगत पहल और आर्थिक स्वतंत्रता की अच्छाईयों सभी जननेताओं तथा प्रचारकों ने असीमित विश्वास प्रकट किया था। शताब्दी का अंत आर्थिक और सामाजिक संगठन की सभी दशाओं में राज्य के हस्तक्षेप की मांग के साथ हुआ। प्रत्येक देश में ऐसे जननेताओं और अर्थशास्त्रियों की संख्या निरंतर बढ़ रही थी। जो राज्य की आर्थिक क्रियाओं में विस्तार चाहते थे। विद्वानों के इस मत परिवर्तन को राज्य समाजवाद के रूप से जसनस जाता है और डॉ. आम्बेडकर ने राज्य के स्वामित्व और संचालन, तथा बीमा पर राज्य एकाधिकार की सिफारिश की थी।

वर्ष 1848 से 1849 में आस्ट्रेलिया और केलीफोनिया की स्वर्ण खदानों की खोज हुई तथा स्वर्ण, चांदी की तुलना में सस्ता हो गया। तथाकथित ग्रेशम का नियम लागू होने लगा अर्थात् सस्ती धातु मंहगी को चलन से बाहर कर दिया। कम मूल्य वाले स्वर्ण ने चांदी को चलन से बाहर कर दिया। अमेरिका से बड़े पैमाने पर स्वर्ण

के निर्यात के लिए अमेरिकन गृह–युद्ध उत्तरदायी था। इस स्वर्ण का कुछ भाग भारत पहुंच गया था। इससे भारत से स्वर्ण मुद्रा हेतु एक आंदोलन प्रारंभ हो गया। सन् 1874 तक चांदी के मौद्रिक स्तर में एक परिवर्तन प्रारंभ हो गया था। 1873 में जर्मनी ने चांदी का विमुद्रीकरण किया था। बाद में नीति स्वीडन, डेनमार्क, नार्वे, लेटिन संघ के देशों ने भी अपनाई। इसके परिणामस्वरूप बाद में चांदी बहुत बड़ी मात्रा में आ गई। इस समय चांदी का उत्पादन भी अत्याधिक हो रहा है। इसके दो कारण थे– एक तो प्रक्रिया में सुधार और दूसरा नई खदानों से चांदी निकाली जाने थो। विमुद्रीकरण चांदी ने रजतमान वाले दो प्रमुख देशों भारत और चीन में शरण ली, इसे उन देशों में भारी टंकण हुआ। परिणामतः चांदी की कीमतों में भारी कमी आ गई। इनमें भारत में स्वर्णमान प्रारंभ करने संबंधी आंदोलन को अधिक बल मिला। परन्तु अस्तित्व में भारत स्वर्ण विनियमान की स्थापना की गई। डॉ. आम्बेडकर ने सन् 1800 से 1893 की भारतीय चलन की दशाओं का विश्लेषण किया और स्पष्ट किया कि किस तरह वर्तमान के स्थान पर स्वर्ण विनियममान स्थापित हुआ। इस सारे विश्लेषण को डॉ. आम्बेडकर ने ''दि प्राब्लम ऑफ दि रूपी'' नामक पुस्तक का रूप दिया।

सन् 1914 के बाद विकसित और प्रस्तुत किये जाने वाले सभी विचारों पर महायुद्ध और उससे निर्मित समस्याओं की छाप अवश्य रहती है। अंर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं जैसे व्यापार, उद्योग, वाणिज्य, यातायात, और वित्त आदि पर महायुद्ध का प्रभाव पड़ा था। प्रथम महायुद्ध के बाद अंतर्राष्टीय व्यापार की समस्याओं ने ने अभूतपूर्व महत्व धारण कर लिया था। जब मित्र देशों में जर्मनी से अपूर्ति की मांग की और अमेरिका ने साथी देशों को दिये गए असाधारण अग्रिमों के भुगतान की मांग की तो कई कठिन समस्याएं उठ खड़ी हुई। इस सबसे एक देश से दूसरे देश को अत्याधिक मात्रा में धन और मुद्रा का अंतरण होता है।

युद्ध के दौरान भी इंग्लैंड और फ्रांस ने अमेरिका को बड़ी मात्रा में स्वर्ण में भुगतान किया था। इन देशों ने युद्ध काल में बड़ी मात्रा में सामरिक सामग्री का आयात किया था। आयात के स्थान पर अन्य वस्तुओं का निर्यात नही किया जा सका था। युद्ध के समाप्त पर स्वर्ण भुगतान न केवल जारी रहा बल्कि उसमें वृद्धि हो गई और इससे विश्व में स्वर्ण वितरण असमान हो गया।

ब्रिटेनवासियों को आर्थिक नीति का उद्देश्य ''इग्लैंड तथा भारत की लागत'' था। उनकी इस नीति के परिणामस्वरूप ग्रामीण समुदाय का संगठन छिन्न–भिन्न हो गया। देश के आर्थिक जीवन में भारी परिवर्तन हो गये। कुटीर उद्योगों हास हो गया। परिणामतः काम करने वाले बेरोजगार हो गए। उनकी क्रयशक्ति कम हो गइ भूमि पर जनसंख्या का दवाब बढ़ गया। भारी करारोपण और अत्यधिक ऊँची ब्याज दर भुगतान तथा भूमि पर निर्भरता ने लोगों को और अधिक गरीब बना दिया। कुटीर उद्योगों ने तो गरीब लोगों के जीवन को और अधिक दयनीय बना दिया। भूमि कर ने कृषकों के आत्मसमृद्धता पर भी अवरोध लगाए।

भारतीय वस्तुओं को मशीनों से निर्मित वस्तुओं से प्रतियोगिता का सामना करना बड़े पैमाने के उद्योगों की स्थापना से केवल कुछ ही हाथों में आर्थिक शक्ति का चयनीकरण हो गया। इससे अनुचित वितरण की समस्या ने जन्म लिया – अमीर, अधिक अमीर हो गए और गरोब, अधिक गरीब। औद्योगिकरण के विकास के साथ ही शोषण भी हो रहा।

सीमा शुल्कों ने व्यापार और उद्योग दोनों को हानि पहुंचाई। ये राजनीतिक आधार पर गए थे भारतीय वस्तुओं पर ऊँची दरों से निर्यात शुल्क लगाया जाता था। और ब्रिटेन की वस्तुओं पर नीची दरों से आशत शुल्क लिया जाता था। व्यापार नीति के समस्त लाभ ब्रिटेनवासियों को ही प्राप्त थे। भारत केवल कच्चे माल का ही निर्यात कर सकता था आयात में निर्मित वस्तुएं होती थीं।

भारत सरकार ने सेना में जाति के लोगों की भर्ती पर प्रतिबन्ध लगा दिया जो उन्होनं श्री रानाडे से पिटीशन लिखवा कर प्रस्तुत की कि यह अन्यायपूर्ण आदेश रद्द किया जाए। शासन द्वारा निर्मित भवनों में अछूतों के लिए भी जगह हो इस हेतु एक बार वे मुम्बई के गवर्नर से भी मिले थे। इस प्रकार डॉ. आम्बेडकर को ''परिश्रमी भावना, शक्तिशाली मानसिक ऊर्जा और अपने समाज के कल्याण की तीव्र अपने पिता से प्राप्त हुई थी।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि डॉ. साहेब को साहित्य सृजन के लिए प्रेरणा स्वयं

अपने मन और विचारों से भी प्राप्त हुई। यदि वे महार जाति के अछूत परिवार में पैदा नही होते तो उनको छुआछूत का कटु अनुभव नही हुआ होता तो संभवतः उनकी लेखनी कुछ और ही स्पष्टतः डॉ. साहेब की रचनाओं के प्रेरणास्त्रोत वे स्वयं और उनके चारों ओर की सामाजिक परिस्थितियां रही है।

संदर्भ ग्रंथ :

1. धनंजय कीर, डॉ. आम्बेडकर, लाइफ एण्ड मिशन, 1984 पृ. 2
2. डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर, राइटिंग एण्ड स्पीचेज़, वाल्यूम 6, एजुकेशन डिपार्टमेंट, गर्वनमेंट ऑफ महाराष्ट्र, 1989, पृ. 235
3. चार्ल्स जीड एंड चार्ल्स रिस्ट, हिस्टरी ऑफ इकानामिक डाक्ट्रीन्स, जार्ज जी हेरप एण्ड कम्पनी लि. लंदन, 1961 पृ. 410
4. धनंजय कीर, डॉ. आम्बेडकर, लाइफ एण्ड मिशन, 1987 पृ. 12
5. डॉ. डी.आर.जाटव, बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, व्यक्तितव एवं कृतित्व, समता साहित्य सदन, जयपुर, द्वितीय संस्करण, 1988, पृ. 254

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारत में बागवानी उत्पादन का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. सुनील कुमार चौधरी,
(Ph.D., UGC-NET, MPPSC-SLET, and M.Phil. M.A)Ujjain university
वन्दना मंडलोई

1. PDF- ICSSR, New Delhi, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, (म.प्र.) पिनकोड–456010 ।
2. शोधार्थी, (डॉक्टोरल फैलो ICSSR New Delhi) अर्थशास्त्र अध्ययनशाला,विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन,।

सारांश :देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। वर्तमान वर्ष 2016–17 में राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पादन में कृषि क्षेत्र का योगदान 13.9 प्रतिशत आसन्नता देखा गया है। जिसमें बागवानी क्षेत्र का कृषि जी.डी.पी. में 30.4 प्रतिशत से भी अधिक का योगदान प्रदान करता है। बागवानी क्षेत्र कृषि क्षेत्र की ही एक विस्तृत शाखा है जिसमें लगभग छः प्रकार की कृषि उपज को शामिल किया जाता है। जैसे फल, सब्जि, औषधीय पौधे तथा सजावटी, पुष्प, मसाले, पौधीय फसले, आदि वर्तमान में बागवानी क्षेत्र में मधुमक्खी पालन, बांस उत्पादन आदि को भी शामिल कर लिया गया है। इन सबके पीछे का प्रमुख कारण रहा है देश में किसानों की आमदनी, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी जैसे चिन्ताओं के साथ पोषण सुरक्षा, आय एवं लिंग की विषमता को कम करना, और सम्पोषित विकास की अभिकल्पनाओं को पूरा करने के लिए हर नागरिक और सरकार की चिंता का कारण रहा है। सन् 1980 में भारत सरकार ने बागवानी बोर्ड की स्थापना की और वर्ष 2004–05 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के साथ अन्य ऐसे कार्यक्रमों का निष्पादन किया है जिससे देश में पिछले एक दशक में बागवानी के क्षेत्र 2.7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की हुई है। जबकि उत्पादन में 7 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ रहा है। बागवानी फसलों में उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि 9.5 प्रतिशत वार्षिक दर्ज की जा रही है। देश में वर्ष 2013–14 से देश में बागवानी फसलों का उत्पादन लगातार खाद्यान्न फसलों की तुलना में अधिक रहा है। इसे अर्थशास्त्र के सिद्धांत में टेक ऑफ की अवस्था को पार करना कहा गया है। यद्यपि कुछ समस्या तथा चुनौती होने के कारण बागवानी विकास में काफी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ रहा है।

लेकिन देश की पृष्ठभूमि कुछ अन्य राष्ट्रों की तुलना में अलग होने से भी भारत में बागवानी विकास की अपार संभवनाओं को विस्तारित करता है। बशर्ते इन इन संभवनाओं की जांच कर, उपयुक्त दिशा में पहल करना है। सरकार ने दिशा में अपना पूरा प्रयास करना शुरू भी कर दिया है। जिससे वर्तमान कृषि क्षेत्र में द्वितीय हरित क्रांति के रूप में अति–उत्पादन की अवस्था कहा गया है। जिससे कृषकों को उनकी उपज की कीमत सही ढंग से प्राप्त नहीं हो पा रही है। इस प्रकार से भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बागवानी फसलो का विशेष महत्व है। वर्ष 1950 से आज तक बागवानी फसलों का उत्पादन 9.5 प्रतिशत से अधिक गुना में बढ़ चुका है। जबकि कृषि क्षेत्र की विकास बहुत न्यूनतम देखी गई है। अतः बागवानी विकास में लगातार वृद्धि हो रही है। किन्तु बदलते जलवायु परिदृश्य में पर्यावरण और मानसून एक गंभीर समस्या बनती जा रहीं है। बागवानी फसलों के विकास से काफी सीमा तक कम किया जा सकता है। क्योकि बागवानी फसलों कुछ ऐसी भी फसले उगाई जाती है जो मानसून के प्रभाव को नकारती है।

इन्हीं सभी कारणों ने बागवानी विकास की महत्वतता को और अधिक बढ़ा दिया है। इस प्रकार से बागवानी विकास की एक सही दशा और दिशा का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। जिनके विश्लेषण के लिए बागवानी की उत्पादन प्रवृति और संभवनाओं तथा चुनौतियों को जानना आवश्यक हो जाता हैं हमारे द्वारा शोध पत्र में इन्हीं बातों का अध्ययन किया गया हैं जिससे बागवानी विकास की एक उचित रणनीति तैयार कर, बागवानी विकास के माध्यम से कृषि विकास के साथ देश की अर्थव्यवस्था में बागवानी और अपनी अहम् भूमिका का निर्वाह कर सके।

प्रस्तावना : भारत की अर्थव्यवस्था में बागवानी फसलों का विशेष महत्व है क्योंकि बागवानी का देश की कृषि अर्थव्यस्था में 30 प्रतिशत से भी अधिक की हिस्सेदारी रही हैं जो नौवीं पंचवर्षीय

योजना से 12 वीं पंचवर्षीय योजना में 4.6 प्रतिशत से भी अधिक की वद्धि हुई है क्योंकि देश में बढ़ती मांग और बदलते परिदृश्य ने कृषि विकास के ढंग में पूर्णतः बदलाव किया है जिसमें वैश्वीकरण के विविधीकरण ने बागवानी विकास की चेतना को सर्वाधिक जगाया है। इससे भारत आज बागवानी उत्पादन में न सिर्फ राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित बल्कि अतंराष्ट्रीय सीमाओं में भी देश की बागवानी ने विश्वप्रतिस्पर्धा में अपनी पहचान बना चुका है। भारतीय कृषि विकास के स्वरूप में स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद कृषि उत्पादन कई गुना बढ़ चुका है किन्तु भारतीय कृषि में व्याप्त कारक इसके संतुलित विकास व वृद्धि में अवरोधक हैं। क्योंकि भारत का बागवानी उत्पादन वर्ष 2015–16 के दौरान लगभग 283 मिलियन टन है।, इससे न केवल छोटे और सीमांत किसान खुशहाल हुए हैं अपितु राष्ट्र को खाद्य और पौष्टिक आहार सुरक्षा भी प्राप्त हुई है। भारत विश्व में फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बडा उत्पादक देश है, आज भारत में बागवानी भारतीय कृषि का एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुंजायमान क्षेत्र बनकर उभरा है।

इस दिशा में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन का योगदान बहुआयामी है। बोर्ड वर्ष 1999–2000 से अपनी व्यापक आधार वाली योजनाओं के माध्यम से उन्नत विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। बागवानी विकास की कड़ी में 8 जुलाई, 2004 एनएचएम में शुरू हुआ और वर्ष 2005–06 से बागवानी विकास को विस्तारित कर रहीं है। सरकार के विकास के बदलते पायदान ने कृषि विकास और विविधीकरण पर अधिक जोर देने से कृषि विकास की संभावनाओं में बदलाव किया है। जिसमें मांग के अनुरूप उत्पादन की तकनीक को अपनाया है। जिसमें सरकार द्वारा चलाये गये एकीकृत कार्यक्रमों ने कृषि विकास में तीव्र वृद्धि ला दी जिससे देश में कृषि उत्पादन तीव्र गति से बढ़ा है।

इससे राष्ट्र में अति–उत्पादन, नाशवान फसलों के उत्पादन के कारण और विपणन तथा भण्डारण के साथ कीमत तंत्र कृषको के समक्ष अनेक चुनौतियॉ ला खड़ी कर दी है। जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय और मरमीय होती जा रही है। यद्यपि इन सभी समस्याओं के समाधान और संभावनाओं को पूरा करने में प्राथमिक क्षेत्र का ही एक विस्तृत क्षेत्र बागवानी ने देश की अर्थव्यवस्था एवं कृषि की नई कायाकल्प का निर्माण किया है। बागवानी ने बीते कुछ दशकों में समुचित विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित सरकार की इच्छा शक्ति एवं नियोजन और रणनीति को इतना प्रभावित किया है कि सरकार की आज प्रमुख प्राथमिकता कृषि विकास करना है क्योंकि अन्य क्षेत्रों के विकास के साथ कृषि क्षेत्र में निवेश को प्रेरित किया है। इन्हीं प्रेरणा ने कृषि को एक रोजगार परक व्यवसाय का विकल्प प्रदान किया है, बागवानी एक अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रहा है क्योंकि देश में बागवानी का विकास एक स्थिर दर के साथ हो रहा है जो कृषकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है और बागवानी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है। किन्तु बागवानी के सम्मुख कुछ चुनौतियॉ है। जिससे बागवानी का विकास अन्य देश की तुलना में पिछड रहा है। जिसका प्रमुख कारण विभागीय समन्वय और बाजार तंत्र को विफलता, भण्डारण, और कीमत तत्रं में उतार–चढ़ाव के साथ मानसूनी और अल्प आय और उपयुक्त जोत के आकार में निरंतर कमी और कृषकों के अलगाव कार्य भावना ने बागवानी विकास में अवरोधक के रूप में खड़ा है। इस–प्रकार से अनेक समस्याओं के होने के बावजूद वर्तमान में बागवानी विकास एक प्रसंगीय है। बागवानी विकास पर पिछले आठ वर्षो से अध्ययन निरन्तर जारी है और हमारे द्वारा बागवानी विकास पर कई आलेख एवं शोध पत्रों का लेखन कार्य किया गया है। जिसमें हमने विषय की समीक्षा का गहन अध्ययन किया है। विभिन्न प्रबुद्धजनों के सिद्धात व निष्कर्ष का विश्लेषण किया है और पाया है कि वर्तमान समय में बागवानी विकास आज कृषि विकास की एक कुंजी है। किन्तु इस अति उत्पादन से कृषकों को उनकी कीमत प्राप्त नहीं हो पाती है। इस कारण से भी हमारा यह शोध लेखन आवश्यक हो जाता है कि भविष्य में बागवानी उपज की कीमतों का किस प्रकार से निर्धारण किया जाये और कितना अधिक उत्पादन होगा और उसकी प्रवृति क्या रहेगी? जिससे बागवानी विकास पर इस प्रकार से निवेश किया जाये कि कृषि कार्य पूर्णता एक लाभ का धंधा बन जाये और कृषि कार्य को सम्पादित करने में कृषकों के साथ व्यापारी, उद्योगी, सहकारी, और सरकार सभी की एक रूख कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रह पायें और सरकार की आय दोगुना करने की

रणनीति एवं सतत् तथा सम्पोषित विकास की पूर्ण अवधारणा को सहीं ढंग से प्रस्तुत किया जा सकें। किन्तु विषय की व्यापकता और गंभीरता को देखते हुये शोध के माध्यम से अपने उद्धेश्यों को स्पष्ट एवं सीमित करना आवश्यक हो जाता है। इसलिए हमने अपने उद्धेश्य को सीमित करते हुये निम्न प्रकार से रेखांकित किया है–

अध्ययन के उद्धेश्य :

किसी भी कार्य की शुरूआत में यदि उद्धेश्यों का स्पष्ट एवं निश्चित न होना कार्य की अपूर्णतः एवं विश्सनीयता उपयोगिता को बात करना एक मिथक हो जाता है क्योंकि कार्य प्रारम्भ में यदि उद्धेश्यों का स्पष्ट एवं निश्चित कर लिया जाता है तो कार्य के क्रियान्वयन करने की रणनीति एवं कार्ययोजना का निर्माण आसानी से किया जा सकता है। इससे कार्य की गुणवत्ता के साथ उपयोगिता भी रहती है। इसलिए हमने भी अपने शोध पत्र को लिखने एवं तैयार करने से पूर्व अपने कुछ उद्धेश्यों को स्पष्ट कर सीमित किया है। जिनके अध्ययन के लिए अपनी अभिकल्पना का निमार्ण किया है। हमारे अध्ययन के उद्धश्य निम्न पकार है :

1. भारत में बागवानी फसल अवधारणा, महत्वता, आवश्यकता, की पृष्ठभूमि का विश्लेषण का अध्ययन करना और वर्तमान में इसकी उपादेयता की प्रंसगता को ज्ञात करना।
2. भारत में बागवानी विकास की स्थिति का अध्ययन करना।
3. भारत में बागवानी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता की स्थिति एवं प्रवृति दर का अध्ययन करना।
4. अगले वर्ष में बागवानी फसलों की उपज की संभावनाओं का अध्ययन करना। जिससे अति–उत्पादन और मांग–आपूर्ति का विश्लेषण को स्पष्ट कर कीमत का उचित प्रतिफल का निष्कर्ष का निर्धारण किया जा सकें।
5. भारत में बागवानी विकास की संभवनाओं एवं चुनौतियों का अध्ययन कर उनके निराकरण हेतु, समाधान प्रस्तुत करना।

अतः अपने यह शोध पत्र के माध्यम से उक्त उद्धेश्यों की प्राप्ति करना इस आलेख शोध पत्र का मुख्य उद्धेश्य है। यह उद्धेश्य वर्तमान समस्याओं के निराकरण, प्रसंगिता को ध्यान में रख कर पूर्णता तैयार किया है। क्योंकि हमारे इस शोध की उपादेयता तब प्राप्त हो सकती है।

अध्ययन की शोध विधिः– जब हम समय के साथ एक उपयुक्त तर्क एवं विधि के आधार पर उद्धेश्य की अंतिम प्राप्ति तक पहुच सकें, और विषय शीर्षक से भी सीधा जुड़ा रहें। उक्त उद्धेश्यों की प्राप्ति के लिए हमारे एक स्पष्ट कार्ययोजना भी तैयार की गई है। जो निम्न प्रकार हैः– हमारा यह शोध पत्र विश्लषणात्मक अभिकल्पना पर आधारित है। जिसमें मुझे विश्लेषण कर अपने उद्धेश्यों की प्राप्ति करना है। इस हेतु हमारे द्वारा द्वितीय संमकों का सहारा लिया गया है क्योंकि शोध शीर्षक भारत में बागवानी उत्पादन की प्रवृति का विश्लेषण के साथ विकास की संभवनाओं तथा चुनौतियों को अवगत कराता है जो कि एक विश्लेषण के माध्यम से निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। इसके लिए मुझे समय श्रेणी संमक की सहायता से पूरा किया जा सकता है। इसके लिए हमारे द्वारा पिछले कम से कम दस वर्षो के बागवानी उत्पादन के समंक के विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्षो का विवेचना एवं निर्वचन किया गया है। हमने अध्ययन में वृद्धि दर, सीजीएआर, फोरकाष्टिंग, प्रतिशत, आदि सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया है जिसमें समकों की व्याख्या वर्गीकरण सारणीयन चित्रमय प्रदर्शन को एसपीएसएस की सहायता से किया है।

विश्लेषण एवं परिणाम : बागवानी श्कृषि विकास की वह शाखा है जिसके अंतर्गत फल, सब्जियों, कंदीय फसलों, मशरूम, कट फूल, समेत शोभाकारी पौधे, मसाले, रोपण फसलें, औषधीय एवं सुगंधीय पौधों की खेती के साथ मधुमक्खी, बांस, नारियल, आदि को भी बागवानी के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है। जो कृषकों की आमदनी को दोगुना से भी अधिक बढाती है। इस प्रकार से उच्च मूल्य एवं न्यूनतम लागत और जलवायु दशाओं के अनुकूल वाली फसलों को भी शामिल किया गया है। बागवानी फसलों में मुख्यतः छः प्रकार की फसलों को शामिल किया जाता है। बागवानी क्षेत्र को भी दो भागों में वर्गीकृत किया गया है। 1. शीघ्र नष्ट होने वाली फसलें 2. दीर्घ अवधि तक सर्म्वद्धन कर रख सकने वाली फसलें। इस प्रकार से बागवानी विकास की प्रमुख समस्या कटाई पाश्च प्रबंध और विपणन प्रसंस्करण, तथा कीमत तंत्र के साथ

मध्यस्थों के कारण बागवानो विकास एक सही दिशा में नहीं हो पा रहा है। यद्यपि बागवानी विकास की कल्पना आदीकाल से निरंतर चली आ रही है। किंतु पहले आवश्यकता सीमित होने के कारण बागवानी क्षेत्र की सही उपादेयता को पहचान करने में असमर्थता व्यक्त की जाती थी लेकिन जैसे–जैसे आवश्यकता बढी देश के समक्ष अनेक चुनौतियॉ सामने आने लगी। इन समस्याओं में प्रमुख भुखमरी, बेरोजगारी प्रमुख थी हरित क्रांति के पश्चात भारत वर्ष 1980 में बागवानी बोर्ड की स्थापना की उसके बाद बोर्ड ने बागवानी विकास के लिए अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया गया है। जिसमें वर्ष 1991 से बागवानी विकास की विशेष ध्यान दिया जाने लगा। वर्ष 2004–05 में मिशन की स्थापना और वर्ष 2013–14 तक विकास एक अस्थिरता था किन्तु वर्ष 2013–14 के बाद से बागवानी विकास में स्थितरता के बाद उत्पादन अधिक किया जाने लगा है। इससे मण्डी में अनियिमिता, का सामन करना पड़ा है।

बगवानी का देश के साथ–साथ कई राज्यों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। और कृषि जीडीपी में इसका योगदान 30.4 प्रतिशत से भी अधिक रहा है। भारत में फलो, और सब्जियों का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है आम, केला, नारियल, काजू, पपीता, अनार का उत्पादन शीर्ष होने कारण मसालों का बडा उत्पादक और निर्यातक भी है। भारत में बागवानी फसलों का उत्पादन पिछले दो दशको से तीव्र वृद्धि हुई है एवं देश में बागवानी उपज की स्थिति एवं विस्तार को निम्न तालिका द्वारा प्रदर्शित किया है।

तालिका क्रमांक1
भारत की प्रमुख बागवानी फसलों का क्षेत्र तथा उत्पादन,
(क्षेत्रः हजार हेक्टेयर, उत्पादनः हजार टन में)

वर्ष	फल		सब्जियॉ		पुष्प		मसाले		फसले		कुल बागवानी	
	क्षेत्र	उत्प.	क्षेत्र	उत्प.	क्षेत्र	उत्प.	क्षेत्र	उत्प.	क्षेत्र	उत्प.	क्षेत्र	उत्प.
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1991-92	2874	28632	5593	58532	.	.	2005	1900	2298	7498	12770	96562
2001-02	4010	43001	6156	88622	106	535	3220	3765	2984	9697	16592	145785
2002-03	3788	45203	6092	84815	70	735	3220	3765	2998	9697	16270	144380
2003-04	4661	45942	6082	88334	101	580	5155	5113	3102	13161	19208	153302
2004-05	5049	50867	6744	101246	118	659	3150	4001	3147	9835	18445	166939
2005-06	5324	55356	7213	111399	129	654	2366	3705	3283	11263	18707	182816
2006-07	5554	59563	7581	114993	144	880	2448	3953	3207	12007	19389	191813
2007-08	5857	65587	7848	128449	166	868	2617	4357	3190	11300	20207	211235
2008-09	6101	68466	7981	129077	167	987	2629	4145	3217	11336	20662	214716
2009-10	6329	71516	7985	133738	183	1021	2464	4016	3265	11928	20876	223089
2010-11	6383	74878	8495	146554	191	1031	2940	5350	3306	12007	21825	240531
2011-12	6705	76424	8989	156325	760	2218	3212	5951	3577	16359	23243	257277
2012-13	6982	81285	9205	162187	790	2647	3076	5744	3641	16985	23694	268848
2013-14	7216	88977	9396	162897	748	3192	3163	5908	3675	16301	24198	277352
2014-15	6110	86602	9542	169478	908	3143	3534	6108	3317	15575	23410	280986
2015-16	6301	90183	10106	169064	912	3206	3474	6988	3680	16658	24472	286188
2016-17	6480	92846	10290	175008	943	3277	3535	7077	3677	16867	24925	295164
2017-18	7305	94516	10096	180614	786	3420	3289	6701	3300	16907	20816	302043
CAGR	5.32%	6.86%	3.34%	6.46%	12.51%	11.53%	2.79%	7.25%	2.03%	4.62%	2.75%	6.54%

स्त्रोतः हॉर्टिकल्चर स्टेटिसटिक्स एट ग्लास 2016, एवं अग्रिम अनुमान, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ क्रमांक–35–52, ' द्वितीय अनुमानित मूल्य, नोटः रु. परिगणित अनुमान

उपर्युक्त तालिका का विश्लेषण कर देखने से स्पष्ट है कि भारत के बागवानी क्षेत्र के कुल 72,974 आनुवांशिक संसाधन है, जिसमें फलो

की 9240 सब्जी और कंदीय फसलों की 25400 रोपण फसलों और मसालों की 25800 औषधीय और सुगंधीय पौधों की 6250 सजावटी पौधों की 5300 और मशरूम की 984 प्रविष्टयॉ शामिल है। बागवानी बोर्ड उद्यानिकी फसलों के विस्तार तथा विकास के लिए अनेक प्रयास किये है। इसके परिणामस्वरूप विश्लेषण में वर्ष2012–13 में पहली बार भारत में सब्जियों,फलों का उत्पादन खाद्यान्न से भी ज्यादा हुआ देश बागवानी का उत्पादन 96562 हजार टन का उत्पादन हुआ जो वर्ष 2016–17 में भारत में कुल बागवानी उत्पादन 295164 हजार टन का उत्पादन हुआ है। जो प्रारिम्भक वर्ष की तुलना में 32.71 प्रतिशत है। और यह वष 1991–92 की तुलना में कुल बागवानी क्षेत्र के अंतगर्त वर्ष 2015–16 तक की कुल वृद्धि का 205.67 प्रतिशत है। जिससे स्पष्ट है कि देश विगत दशकों उत्पादन की वृद्धि काफी तीव्र रही है किन्तु वर्ष 2014 से अधिक विस्तारित है। वहीं वर्ष 2017–18 में कुल बागवानी उत्पादन होने की संभवानाओं का आकलन किया गया है जिसमें पाया है कि इस वर्ष बागवानी का कुल उत्पादन 302043 टन का उत्पादन होने का अनुमान है। जिसके लिए पहले भण्डारण, विपणन, प्रस्संकरण की आधारभूत व्यवस्था का संचयन करना होगा। बागवानी फसलों के कुल उत्पादन में 60 फीसदी हिस्सेदारी सब्जियों की और 30 फीसदी फलों की है। इस प्रकार स पिछले दो दशकों में बागवानी उत्पादन दो गुने भी अधिक बड़ा हुआ है।

ग्राफ क्रमांक1



उपर्युक्त ग्राफ में तालिका क्रमांक 1 की मद्द से प्रमुख बागवानी उत्पादन एवं क्षेत्रफलों का मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर का अध्ययन किया गया है। जिसके विश्लेषण से पता चलता हैं कि कुल बागवानी उत्पादन में वृद्धि सर्वाधिक फल, सब्जियों, मसालों के क्षेत्र में सबसे अधिक रहीं है। अथात देशों में सब्जी का उत्पादन, फलों का उत्पादन एवं मसालों का उत्पादन सर्वाधिक रूप में किया जाता है। इसलिए इनके उत्पादन अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक हैं। भारत में बागवानी फसलों के उत्पादन के विविध उपजों के क्षेत्र का अध्ययन निम्न चित्र की सहायता किया गया ह :–

ग्राफ क्रमांक 2



उक्त चित्र के विवेचन से स्पष्ट होता है कि भारत में बागवानी फसलों के क्षेत्रफल में सर्वाधिक वृद्धि एवं विस्तार सब्जियों, फलो, मसालों में प्रमुख रूप से विस्तारित हुआ। साथ चित्र की सहायता से स्पष्ट होता हैं कि भारत में बागवानी फसलों के क्षेत्र में जो वृद्धि हो रही वह एक स्थिर दर के साथ हो रही किन्तु यह विस्तार भी एक स्थिर गति के साथ है। जिससे भविष्य में बागवानी के क्षेत्रफल में कितने का विस्तार होने वाला है। इसका आकलन स्पष्ट रूप से लगाया जा सकता है।

ग्राफ क्रमांक3



उपर्युक्त ग्राफ में भारत में प्रमुख बागवानी उत्पादन की प्रवृति का अध्ययन किया गया है। जिसमें देखा गया है। कि देश में बागवानी उत्पादन जो वृद्धि हो रही वह एक बढ़ते क्रम देखी गई है। देश में बागवानी उत्पादन होता है। उनमें प्रमुख फसले सब्जी, फल, मसाले, प्रमुख है। जिनकी उत्पादन वृद्धि दर भी स्थिरता के साथ बढ़ रही है।

ग्राफक्रमांक4



उपुर्यक्त तालिका में भी विभिन्न वर्षो में प्रमुख बागवानी फसलों के उत्पादन की स्थिति की तुलना की गई है। जिसमें भी पाया गया है कि वर्ष 1991–92 में फल तथा सब्जियों की उत्पादन वृद्धि सर्वाधिक रहीं है। भारत में बागवानी उत्पादन पिछले पांच वर्षो में काफी प्रगति एवं विस्तार किया हैं। इस प्रकार से देश में बागवानी विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गइ है। वर्ष 2015–16 में वार्षिक वृद्धि 2.7 प्रतिशत से वढ़कर 5.5 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की गई है। जबकि फल, सब्जि, मसाले आदि की वार्षिक वृद्धि दर 16प्रतिशत से भी अधिक रही है।

ग्राफ क्रमांक 5



उक्त ग्राफ में पिछले छः वर्षो की उत्पादन और प्रमुख बागवानी फसलों का कुल उत्पादन में उनके हिस्सेदारी का अध्ययन किया है। हमारे द्वारा इन पांच वर्षो के अध्ययन हेतु आधार वर्ष 2011 को आधार बनाया गया है। जिसके पीछे का तर्क की सुखे की स्थिति के पश्चात देश में बागवानी ही कृषि क्षेत्र अभिन्न अंग है जिसमें भी स्पष्ट होता है। कि भारत में जिन उद्यानिकी फसलों का उत्पादन हो रहा है। उसमें प्रमुख फल, सब्जी और मसालो की हिस्सेदारी अधिक रही है।

ग्राफक्रमांक 6



उक्त ग्राफ में कुल खाद्यान्न फसले और बागवानी फसलों के उत्पाद के बीच तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। जिसमें पाया कि प्रारिम्भ में बागवानी उत्पादन काफी कम था किन्तु जैसे जैसे वर्तमान समय की और जाने फर उद्यान फसलों के उत्पादन में तीव्र वृद्धि हुईहै।

ग्राफ क्रमांक 7



उक्त तालिका में भारत के विभिन्न राज्यों में सब्जी के उत्पाद तथा फूल के उत्पादन की स्थिति का विश्लेषण किया गया हैं जिसमें देखा है कि सब्जियों के उत्पादन उत्तरप्रदेश 14 प्रतिशत तक की हिस्सेदारी
रखता है। वहीं मध्यप्रदेश में सब्जियों केवल 9 प्रतिशत का उत्पादन किया जाता है। देश में

बागवानी फसलों की उत्पादन अलग–अलग राज्यों की अपनी अलग विशेषता है इन विभिन्ता से बागवानी विकास की संभावनाओं की स्थिति का विश्लेषण किया गया है

भारत में बागवानी विकास की संभावनाएँ एवं चुनौतियॉ :–

भारत में बागवानी उत्पादन की प्रवृति में काफी उल्लेखनीय वृद्धि रहीं है। किन्तु कुछ अपनी समस्याओं के कारण बागवानी विकास के समक्ष अनेक चुनौतियॉ मौजूद है। जिनमें प्रमुख निम्न प्रकार हैः–

बागवानी का पाश्च प्रबंध का उचित व्यवस्था, भारत में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक की उपज कटाई उपरांत के कारण खराब हो जाती है। इसका प्रमुख कारण है कि प्रदेश में विपणन और भण्डारण व्यवस्था का उचित प्रबंधन एवं रखरखाब के साथ कीमत तंत्र और शीघ्र खराब होने के कारण बागवानी विकास और कृषको दानों के समक्ष अनेक चुनौती है, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि सरकार एवं राज्य दोनो मिलकर कटाई पाश्च प्रबंधन व्यवस्था का उचित होना आवश्यक हो जाता है। बागवानी फसलो का निर्यात एवं आयातः में भारत फलों और सब्जियों का विश्व में दूसरे सबसे बडा उत्पादक देश है। और विश्वभर पर बागवानी का निर्यात भी करता है। किन्तु इतना अधिक उत्पादन होने के बावजूद भारत बागवानी फसलों का आयात भी करता है। इस प्रकार बागवानी विकास में प्रबंधन की भूमिका सर्वाधिक रहती है। उचित प्रसंस्करण':–सरकार को प्रसंस्करण इकाईयो को अधिक से अधिक लगाई जाए क्योंकि देश मे जिस गति से उत्पादन बढ़ रहा है। इसलिए कीमत को स्थिर करने के लिए मांग और पूर्ति की शक्ति को ध्यान में रखते कीमत तत्रं को मजबूत बनाना है। इसके अलावा आधारध्भूत की व्यवस्था करना बहुत ही आवश्यक है।साथ सस्ते तथा कौशल श्रमिक के उपाय, जागरूकता, पोषण सुरक्षा, का भी पूरा ध्यान दिया जाये।

निष्कर्ष : कृषि विकास के लिए बागवानी क्षेत्र का विस्तार करना अति आवश्यक है। और बागवानी विकास में जो बाधाए एवं समस्याएँ आ रहीं है उन्हें प्राथमिकता के साथ निवेश किया जाये है। देश में कृषि उत्पादन कार्य को एक उद्योग के रूप में अपनाना चाहिए। इससे जहां सरकार की आय बढ़ेगी वहीं दूसरी ओर देश में व्याप्त बेरोजगारी भुखमरी गरीबी मानव–मूल्यों के ह्रास्य, आय की विषमता, लिंग–विभेद जैसी समस्याओं से देश को निजात मिलेगा और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश की छबि अच्छी उकरेगी। क्योंकि विश्व के जितने विकसित देश व प्रदेश है वे वहां की कृषि से ही संवृद्ध हुए है। कृषि क्षेत्र में जितने रोजगार सृजन के विकल्प है उतने शायद अन्य क्षेत्रों में नहीं हैं। जहां भारत एक जनसंख्या बहुल्य देश है तो वहीं भारत के लिए अति आवश्यक हो जाता है कि वह उन्नत/पूंजी प्रदान तकनीकी के साथ श्रम प्रधान तकनीकी को विशेष महत्व दे। यद्यपि इस दिशा में सरकार अपना प्रयास भी शुरू कर दिया हैं। भारत में बागवानी विकास की जितनी विविधता हैं उतनी शायद विश्व के अन्य किसी देश में विविधता पायी गई हो जिसका प्रमुख कारण है। देश में बागवानी विकास की अनेक अनुकूल जलवायु विशेषतायें पायी जाती है जो बागवानी विकास की संभावनाओं को और अधिक विस्तारित कर विविधीकरण को बढ़ावा देता है। देश के फलों और मसालों का स्वाद विश्व बाजार में मांग को बढाता है। जिसके कारण भी भारत की बागवानी फसलों की मांग बढ़ी हुई है। यद्यापि देश में बागवानी विकास की अनेक सम्भावनाएँ मौजूद होने के बावजूद भी देश में बागवानी विकास को उचित दिशा नहीं मिली हुई और अन्य देशों की तुलना में भारत में बागवानी का विकास पिछड़ा हुआ है प्रमुख कारणों में अनेक बाधक तत्व और चुनौतियॉ देखी गई हैं जिसके कारण बागवानी उत्पादन की दर में उतनी वृद्धि दर्ज नहीं की गई हैं। जितनी की राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत आशा की गई थीं देश में बागवानी विकास की दर काफी तीव्र गति से देखी गई किन्तु अनेक समस्याओं होने के कारण बागवानी अपने विकास के पूर्ण चरण अवस्था तक नही पहुच पा रही है इसीलिए आवश्यक हो जाता है कि समविन्त विकास के कार्योक्रमों की सहायता बागवानी के समग्र की परिकल्पना को पूरा किया जाये। बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत सुविधाओं , बाजार, प्रसंस्करण, अनुसंधान, पोषण की गुणवत्ता,बागवानी फसलों की कटाई पाश्च और उपरांत तकनीकी और मूल्यवर्धन, भण्डारण, परिवहन, जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर वैज्ञानिक नीतिधारकों एवं किसानो को अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि बागवानी क्षेत्र में भारत का भविष्य उज्जवल है। जरूरत हैं तो इस दिशा में समन्वित प्रयासों

की। साथ ही, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसानों तक नई तकनीकी की जानकारी पहुंचे ताकि वे उसका फायदा उठा कर अपना उत्पादन और आय दोनो को बढ़ा सकें। इस प्रकार उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु बताये गये सुझावों को अपनाए जाए तो निश्चित ही देश में बागवानी विकास से समग्र कृषि विकास और धारणीय विकास, जलवायु परिर्वतन का निराकरण छिपा हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. Area and Production of Horticulture Crops - All India, Annual report 2015-16, Nation Horticulture Board, Govt. Of India, www.nhb.gov.in,
2. वार्षिक प्रतिवेदन 2015.16ए एवं वार्षिक प्रतिवेदन, 2016–17, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली 110001www.agricoop.nic.in,
3. Horticulture Statistics at a Glance, 2014, 2015, 2016 Horticulture Statistics Division, Deparment of Agriculture, Cooperation& Farmer Welfare, Ministriy of Agriculture & Farmer Welfare, Govt. of India,
4. Impact Evaluation Study of National Horticulture Mission,2005-06 to 2010-11, National Horticulture Mission (NHM) **Department of Agriculture and Cooperation,** Ministry of Agriculture, Government of India, New Delhi, Andhra Pradesh Productivity Council **"Productivity House"** Plot No. 87, Road No. 2, Banjara Hills, Hyderabad – 500 033 Phone: 040-23544622, 23542827 website: www.appc.in
5. A Comprehenship Study to Assess, Growth in Agriculture and Horticulture in the state of Madhya Pradesh (2007-2012)
6. Research Study No. 2011/03 Impact of the National Horticulture Mission (NHM) Scheme in Haryana

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का बदलता परिदृश्य

(उद्यमिता विकास के विशेष संदर्भ में)

Madan Murari Prajapati
Research Scholar Economics Department,R.D.V.V., Jabalpur (M.P.)

सारांश : सर हेनरी मेनियो मैकॉफ ने भारतीय ग्राम समुदाय को लघु गणतंत्र के समान बताते हुए कहा था, कि यह बाह्य सम्बंधों से बिल्कुल पृथक और विभिन्न राजनैतिक फेरबदल के बावजूद अपरिवर्तित रहा है। ग्रामीण समुदाय के लोगों का जीवन एक–दूसरे पर निर्भर था। वास्तव में भारतीय समुदाय एक लघु गणतंत्र की भांति ही था, क्योंकि यह उन सभी शर्तों को पूरा कर रहा था जो एक गणतंत्र के लिए अनिवार्य मानी जाती है, जैसे आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था, प्रशासन और न्याय अर्थात् उस समय के गॉव उत्पादन उद्यमिता और प्रशासन के मामले में आत्मनिर्भर थे :–

वर्ष	G.D.P. में कृषि	रोजगार में कृषि	निर्यात में कृषि	मानसून निर्भर कृषि	पूंजी निर्माण में कृषि	आत्म हत्या में कृषि	ऋण ग्रस्तता में कृषि	गांव से पलायन
1960-61	56.5%	69.50%	50.60%	60%	27.1%	Nil	7%	Nil
2013-14	13.9%	52% जनसंख्या	13.8%	45.0%	7.1%	हर 4 घंटे में एक किसान मर रहा है ।	80% किसान ऋण ग्रस्त	80% ग्रामीण युवा

स्रोतः आर्थिक सर्वेक्षण 2015–16

धीरे–धीरे गांव की हैसियत कमजोर पड़ी, जबकि वे राज्य के लिये आर्थिक स्रोत ठीक उसी प्रकार से बने रहे जैसे वे पहले थे। आजादी के बाद बहुत कुछ बदला, पर गॉव अपनी पुरानी हैसियत प्राप्त नहीं कर पाये। परिणाम यह हुआ, कि ग्रामीण युवा ग्रामीण उद्यमिता के अभाव में अपने भविष्य की तलाश करने शहरों की ओर निकल पड़ा।

विकास गाथा तब तक अधूरी है जब तक अधिकतम श्रमबल को गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं मिलता, यह तब तक प्राप्त नहीं हो सकता, जब तक कि हमारा श्रमबल, कुशल एवं बाजार की मांग क अनुरूप प्रतिस्पर्धी नहीं बन जाता। मानव पूँजी निर्माण के माध्यम से ही भारत अपने जनांककीय लाभाश का अधिकतम दोहन कर सकता है।

लोगों का मानना है, कि जहां एक ओर ग्लोबलाईजेशन के दौर में G.D.P. की औसतन दर 6% से ज्यादा रही है, वहीं रोजगार की दर में लगातार गिरावट आई है, जिसे ''रोजगार रहित विकास'' के रूप में जाना जाता है। आर्थिक सर्वेक्षण 2015–16 में G.D.P. की वृद्धि दर 7.6%हो गई है। भारत विकास कर रहा है, किन्तु यह विकास किसके लिये ? NSSO के अनुसार भारत में कुल बेरोजगारी 4.9%है। वहीं सी. रंगराजन, विशेषज्ञ दल (2011–12) के अनुसार भारत की 29.9% जनसंख्या मात्र जीवित रहने के लिये मजबूर है, केवल इन दोनों आंकड़ों से ही भारत में रोजगार गुणवत्ता की पोल खुल जाती

है। इस दिशा में भारत सरकार ने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् अनेकों योजनायें बनाकर प्रयास किये, किन्तु दोषपूर्ण क्रियान्वयन एवं निर्माण होने के कारण योजनाऐं मृतप्राय होती गईं । वर्तमान में सरकार ने पहली बार स्वरोजगार मूलक कौशल आधारित, ग्रामीण उद्यमिता संबंधी कार्यक्रमों द्वारा सराहनीय प्रयास किये हैं। प्रयासों को देखकर यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि पहली बार भारत ग्रामीण युवाओं (युवतियों) का श्रम दोहन करने की क्षमता भी रखता है और मंशा भी।

INTRODUCTION:

महात्मा गॉधी ने बेरोजगारी को एक सामाजिक अपराध की संज्ञा देते हुए कहा था, किसी भी स्वस्थ्य समाज के अंदर चंद व्यक्तियों के पास धन केन्द्रित हो जाना और लाखों का बेकार होना एक महान सामाजिक अपराध या रोग है, जिसके कारण देश के विकास को ग्रहण लग सकता है। यदि ग्रामीण अंचलों में गंभीरता से झांक कर देखा जाये तो स्पष्ट हो जाता है, कि अभी भी ग्रामीण युवा के लिये भारतीय कृषि का 60 फीसदी भाग मानसून पर निर्भर होने के कारण मानसूनी जुआं बन गयी है, इसलिये कृषि क्षेत्र में रोजगार की क्षमता नगण्य प्रायः होती जा रही है। कृषि क्षेत्र में अल्प रोजगार एवं अदृश्य रोजगारी विद्यमान होने के कारण अब वह मौसमी धंधा मात्र हैं। देश की सर्वाधिक जटिल समस्या विशाल ग्रामीण जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध कराना है। कृषि में व्याप्त अदृश्य बेरोजगारी के कारण सीमांत उत्पादकता की शून्यता और कुटीर उद्योगों की रोजगार सृजन की दृष्टि से उपादेयता निर्विवाद है, किन्तु आज जीवन का मकसद मात्र रोजी रोटी तक ही सीमित नहीं है, बदलते परिवेश में कदमताल वास्ते सरकार का लक्ष्य अब लोगां को मछली देने की बजाय उन्हें मछली पकड़ना सिखाना होना चाहिये, अर्थात् मजदूरी आधारित रोजगार के बदले ग्रामीणों की कौशल व सहभागिता आधारित स्व–रोजगार उद्यमों की स्थापना होना चाहिये, ताकि लाभकारी और संपोषीय रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी और बेरोजगारी का समूल उन्मूलन किया जा सके ।

आजादी के बाद से गरीबी हटाने पूर्ण रोजगार जैसे बड़े–बड़े नारे दिये गये, लेकिन इनकी धुरी कौशल विकास आधारित उद्यमिता की ओर शुरूआत में ध्यान नहीं दिया गया। कौशल विकास जहां व्यक्ति की विशेषता को बढ़ाता है, वहीं उसकी रचनात्मकता का विस्तार भी करता है, साथ ही उत्पादन के स्तर, उत्पादो की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। कौशल विकास एक साथ सम्बद्ध जैसे– मांग आपूर्ति, प्रति व्यक्ति आय, उपभोग एवं विकास जैसे शिक्षा स्वास्थ्य पर व्यय व गुणवत्तापूर्ण जीवन को सुनिश्चित करता है। वही उद्यमिता एक अभिनव और गतिशील प्रक्रिया है, जिसके तहत् नये–नये उद्यम उत्पन्न होते हैं। उद्यमी परिवर्तन का एक उत्प्रेरक एजेंट है, जिसे कौशल विकास के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। ग्रामीण उद्यमिता सामाजिक रोजगार विकास का प्रभावी साधन प्रतीत हो रही है।

OBJECTIVE:

ग्रामीण क्षेत्र रोजगार के महत्वपूर्ण व आकर्षक क्षेत्र होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का रोजगार की तलाश में शहरों की ओर पलायन जारी है तथा पलायन की यह गति लगातार तेज होती जा रही है, शोध तीन प्रमुख उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया है:–

- क्या गामीण युवाओं में उद्यमिता की संभावनायें वैसी ही हैं, जैसी शहरी युवाओं में।
- क्या ग्रामीण युवा उद्यमिता के मौलिक आधार बन सकते हैं अथवा नहीं ।
- क्या सरकार नगरों की तरह गॉव में भी उद्यम स्थापना के प्रति प्रतिबद्ध है, जहां ग्रामीण युवा रोजगार की संभावनायें तलाश सके।

HYPOTHESIS:

शोध–पत्र निम्न परिकलपनाओं के आधार पर किया गया है:–

1. ग्रामीण उद्यमिता विकास, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।
2. ग्रामीण उद्यमिता विकास ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा सकती हैं।

RESEARCH METHODOLOGY:

शोध द्वितीय समंकों के विश्लेषण के आधार पर किया गया है। द्वितीय समंक विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं, शासन के सर्वे, वेबसाइटों तथा रिपोर्टों से संकलित किया गया है । समंकों के

संकलन उपरांत विश्लेषण से प्राप्त विष्कर्षों का विवरण निम्नानुसार हैः–

Present situation in Rural Area Employment, Janration:

- स्वतंत्रता के दशकों पश्चात् भी हम ग्रामीण क्षेत्रों पर दृष्टि डालते हैं तो स्थितियॉं बहुत उतसाहवर्धक नहीं कही जा सकतीं। नियोजित विकास के पश्चात् भी ग्रामीण भारत का एक बड़ा हिस्सा गरीबी, कुपोषण, सामाजिक असमानता तथा बेरोजगारी जैसे बुराईयों से ग्रस्त है तथा सैकड़ों की संख्या में योजना संचालन के बावजूद स्थितियां आपेक्षित तथ्यों से बहुत नीचे है। यह ऐतिहासिक सत्य है, कि शहरीकरण की व्यापक प्रक्रिया ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रति उदासीनता पैदा की है। शहर न केवल उत्पादन, वितरण और प्रबंधन के केन्द्र बने हैं, बल्कि सम्पूर्ण अर्थ व्यवस्था की दिशा भी तय कर रहे हैं। सम्पूर्ण आर्थिक व्यवस्था में ग्रामीण क्षेत्र विगत कई दशक से महज कच्चे माल के एवं मजदूरों के स्रोत बनकर रहे गये हैं। पारम्परिक ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, जो कि कृषि, हस्त शिल्प, लघु कुटीर उद्योगों पर निर्भर थी, वे औद्योगीकरण, शहरीकरण तथा वैश्वीकरण के आगमन के साथ समाप्त सी होती चल जा रही है ।

- ''ग्लोबलाइजेशन एवं उदारीकरण के इस दौर में सभी आम और खास ने खेती का लाभ का धंधा मानने से परहेज करते हैं, यही कारण है कि स्वतंत्रता के बाद से 40 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि कृषि से इतर कार्यों के लिये छीन ली गई है और इसी दौर में 4 करोड़ किसान खेती को छोड़कर दिहाड़ी मजदूरी कर जीवन निर्वाह करने पर मजबूर है। सीमात उत्पादकता शून्य होने के बावजूद देश के आधे श्रम शक्ति को कृषि ही खपाये हैं और जिस तरह से विदेशी निवेश के दौर में कृषि हांसिये पर धकेला जा रह है, कृषि क्षेत्र को लेकर नीतियों में जिस तरह से शून्यता स्पष्ट होती है और सरकार ग्रामीण क्षेत्र में पैदा संकट से निपटने के लिए बहुत धीमी प्रतिक्रिया दे रही है, यदि स्थिति से सही ढंग से निपटा नहीं गया तो आर्थिक सुधारों को योजनाओं पर पानी फिर जावेगा।

यदि सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना 2011 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है, कि देश के 640 जिलों में रहने वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 17.91 करोड़ परिवार रहते हैं, अर्थात् लगभग73% परिवार ग्रामीण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है, कि 5.37 करोड़ यानि 29ण्97ः परिवार भूमिहीन हैं और 51.14% परिवार दैनिक मजदूरी पर तथा 30.10% परिवार कृषि पर निर्भर हैं। उम्मीद की जा सकती हैं, कि कृषि पर लोगों की निर्भरता और सकल घरेलू उत्पाद में जितना बड़ा अंतर है, उसी अनुपात में गॉव का युवा कार्य से वंचित है व वंचित होने की संभावना से ग्रस्त है। वैसे सामान्य स्थिति में भी कृषि में वर्षभर रोजगार निर्मित नहों होते और सीमांत उत्पादकता की शून्यता की स्थिति में अतिरेक आय का निर्माण न होने के कारण उद्योगों की ओर ग्रामीण युवाओं का रूझान नहीं हो पाता, परिणाम यह होता है, कि ग्रामीण युवा उद्यम या रोजगार की तलाश में शहर की ओर प्रवर्जन होता हैः–

(B)रोजगार में प्रमुख क्षेत्रों का हिस्सा

क्षेत्र	2000–04	2011–12
कृषि	58.5%	48.9%
उद्योग	18.2%	24.3%
सेवा	23.3%	26.9%

स्रोत : NSSO का 68वॉ चक्र

(C)कामगारों का क्षेत्रवार विवरण

क्षेत्र	ग्रामीण		शहरी		कुल
	पुरूष	महिला	पुरूष	महिला	पुरूष+महिला
कृषि क्षेत्र	59.6	17.0	6.0	11.0	48.9
द्वितीयक क्षेत्र	22.0	17.0	35.0	34.0	24.3
तृतीय क्षेत्र	19.0	8.0	59.0	26.9	

स्रोतः NSSO का 68वां चक्र

संगठित क्षेत्रों मं रोजगार के अवसर घट चुके हैं। सत्तर के दशक में उद्योग जगत में काम की तलाश वालों को 10% रोजगार मिलता था, वह अस्सी के दशक में घटकर 05 प्रतिशत और नब्बे के दशक में आकर स्थिर हो गया है। वर्तमान में संगठित क्षेत्रों की राजगार वृद्धि दर ऋणात्मक है।

क्षेत्र	रोजगार (31 मार्च 2011) लाख में			परिवर्तन प्रतिशत में	
	2009	2010	2011	2010–2009	2011–2010
सार्वजनिक	177.94	178.62	175.48	0.4	–1.8
निजी	103.77	108.46	114.52	4.5	5.6
कुल	281.72	287.08	297.93	1.9	1.0
महिलायें	55.80	58.59	59.54	5.1	1.62

स्रोतः लेबर ब्यूरो रिपोर्ट 2013–14

उपरोक्त सारणीकृत समंकों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि भारतीय अर्थ व्यवस्था अपने अतिरिक्त श्रम बल के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करने में असमर्थ हैं। इसके अतिरिक्त भारत में रोजगार की लोच लगभग नगण्य (0.1%)है। भारत सरकार को विकास के साथ–साथ रोजगार लोच को भी करने पर ध्यान देना होगा ।

लेबर ब्यूरो शिमला की 'वार्षिक रोजगार एवं बेरोजगार सर्वेक्षण रिपोर्ट 2013–14 के अनुसार वर्ष 2013–14 में समग्र बेरोजगारी दर 4.9% थी, यह ग्रामीण क्षेत्रों में 4.7 तथा शहरी क्षेत्रों में 5.5%आंकी गयी थी। भारत के विभिन्न सामाजिक समूहों में बरोजगारी दरें 2013–14 में भिन्न भिन्न थीं, जो इस प्रकार हैः–

समूह	ग्रामीण			शहरी			अखिल भारतीय		
	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल
Gen वर्ग	4.5	8.3	5.2	3.8	14.5	5.6	4.2	10.5	5.3
OBC वर्ग	4.1	6.4	4.7	3.8	11.5	5.3	4.0	7.6	4.8
SC वर्ग	3.9	5.7	4.4	4.5	10.7	5.8	4.0	6.6	4.6
ST वर्ग	4.0	5.1	4.3	4.4	9.5	5.5	4.0	5.5	4.5
कुल	4.2	604	407	3.9	12.4	5.9	4.1	7.7	4.9

स्रोत लेबर ब्यूरो रिपोर्ट 2013–14

Prevebility of Entrepreneurship in Rural Regions:

भारतीय युवाओं मे जिस मनोविज्ञान का निर्माण किया गया है, उसक केन्द्र में नौकरी है, उद्यम नहीं। जबकि वास्तविकता राह उद्यमिता के विकास से ही होकर जाती है, इसलिये आज की जरूरत यह है, कि हमारा युवा वर्ग एक सफल उद्यमी बनने का मनोविज्ञान विकसित करे या स्वप्न देखे, ताकि वह स्वयं रोजगार की तलाश न करे, बल्कि रोजगार पैदा करे। युवा बंधनों और बने–बनाये रास्तों पर चलने की बाध्यता नहीं मानता, वह नये रास्ते बनाते हैं, इन नये रास्तों को ही बदलाव कहते हैं, इसलिए युवाओं को बदलाव का वाहक कहा जाता है। उत्साहवर्धक परिवर्तन या परिवर्तनकारी उत्साह दोनों ही युवा मन के संकेत है। भारतीय युवा के सशक्तीकरण में ही भारत का सशक्तीकरण निहित है। यह वर्तमान की भी मांग है और युवा भारत के भविष्य

की भी। आइये, उद्यमिता विकास के माध्यम से इसका आगाज करें।

उद्यमिता की भावना अपने जान, कौशल, दक्षता, उत्पादन एवं सेवाओं में नवाचार की कला का अभ्यास करने क लिये व्यक्तियों की मदद करता है। इसकी उत्कृष्टता को शिक्षण एवं प्रशिक्षण क माध्यम से पूरा किया जा सकता है। उद्यमिता एक प्रक्रिया है, जहां व्यक्तियों को एक व्यवसाय या उद्योग में संगठित कर दूसरों को रोजगार के अवसर प्रदान किया जाता है। यह ग्रामीण गरीबी, बेरोजगारी के साथ–साथ सामाजिक समस्याओं को हल करने के लिये एक प्रभावी रणनीति के रूप में देखा जाता है। ग्रामीण उद्यमी आय सृजन की गतिविधियों का संचालन करते हैं। बेहतर कौशल प्रशिक्षण उपरान्त स्थापित ग्रामीण उद्यमिता केन्द्र लोगों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर गरीबी के निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दृष्टिकोण से उद्यमिता प्रणाली ग्रामीण भारत के विकास के लिये बेहद प्रासंगिक हैं । यही कारण है कि ग्रामीण रोजगार का एक बड़ा भाग उद्यमिता की तरफ आकर्षित हो रहा हैः–

कामगारों का बदलता परिदृश्य

रोजगार की प्रकृति	ग्रामीण	शहरी	अखिल भारतीय
स्व–रोजगार	60%	40%	52%
अस्थाई	31%	17%	30.0%
नियमित	9%	43%	18-0%

स्रोतः NSSO का 68वां चक्र

ग्रामीण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता की विविधताओं एवं उनके उत्पादन एवं वितरण की स्थानीय विविधताओं के अनुसार ढालकर उद्यम स्थापित करने की आवश्यकता है, ऐसे उद्यमों की देश में अपार संभावनायें हैं, जैसेः–

- खनिज आधारित ग्रामीण उद्यमिताः– कुम्हारी काम, चूना उत्पाद, पत्थर की कटाई, नक्कासी, स्लेट निमाण आदि।
- कृषि खाद्य आधारित उद्यमिताः– अनाज, दाल, मसाला उद्यज्ञेग, विपणन एवं पैकिंग गन्ना, गुड़, मधुमक्खी पालन, तेल निकालना, आटा चक्की, धान मशीन, दलिया निर्माण, पशु चारा निर्माण, मुर्गी चारा निर्माण इत्यादि।
- बहुलक तथा स्थयनक आधारित उद्यमिताः– चर्मशोधन उद्योग, खान आधारित उद्योग, रबड़ एवं चमड़ा आधारित वस्तुओ का निर्माण, हाथी दांत, सींग उद्योग, मोमबत्ती बनाना इत्यादि।
- इंजीनियरिंग पराम्परागत उद्यमिताः– बढ़ई गिरी, लोहारगिरी, एल्युमीनियम के घरेलू बर्तन बनाना, कृषि पत्र हल इत्यादि बनाना, साइकिल रिपयेरिंग, सगीत के सामान बनाना आदि उद्यमिता।
औद्योगिक विकास देश एवं प्रदेश के स्थापित नियमों से बंधा होता है जिससे कि औद्योगिक विकास के साथ–साथ राष्ट्रीय हितों, सामाजिक हितों अथवा जन स्वास्थ्य का विकास भी हो सके।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर लघु एवं कुटीर उद्योगों, मध्यम स्तरीय उद्योगों एवं बड़े उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहान देने हेतु उद्यामियों को उद्योगों से जुड़ी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति तथा समस्याओं का निदान, शासकीय योजनाओं का लाभ, बैंकों के माध्यम से आवश्यक वित उपलब्ध कराना एवं प्रशिक्षण आदि सभी सुविधायें एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाही है। इन केन्द्रों के माध्यम से बेरोजगारी की समस्य दुर की जाती है तथा लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना अधिक से अधिक को जाती है। इस प्रकार इन केन्द्रों के द्वारा उद्योगों की स्थापना में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया जाता है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य :–देश के आर्थिक एवं संतुलित विकास के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों की स्थापना की गई है, इन केन्द्रों की स्थापना के मूल उद्देश्य निम्न है :

1. संसाधनों की उपलब्धता :– जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य जिले में उद्योग स्थापित करने वाले नये उद्यमियों को औद्योगिक संसाधन उपलब्ध कराना है। इन केन्द्रों के माध्यम से उद्यमियों को कच्चा माल, आवश्यक मशीनरी, नई तकनीक उपलब्ध कराई जाती है। जिले में पाये जाने वाले संसाधनों को भी उद्यमियों को उपलब्ध कराया जाता है ताकि संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सके।

2. रोजगार योजनाओं का कियान्वयन :– केन्द्र तथा राज्य शासन के द्वारा बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से अनेक रोजगार उन्मुखी योजनायें चलाई जाती हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम, दीनदयाल रोजगार योजना, रानी दुर्गावती स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि सभी योजनाओं का कियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र क माध्यम से ही किया जाता है।

3. लघु एवं कुटीर उद्योगों का समन्वित विकास :– इन केन्द्रों का यह उद्देश्य भी है कि जिले की सीमा में स्थित गांवों एवं पिछड़े क्षेत्रों में लघु एवं कुटरी उद्योग को बढ़ावा दिया जाये तथा इन उद्योगों के कुशल संचालन, आर्थिक एवं समन्वित विकास पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाये। इनका उद्देश्य इन उद्योगों की स्थापना करना तथा उन्हें निरन्तर विकासशील बनाना होता है।

4. निर्धारित लक्ष्य :– जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र का उद्देश्य जिले के औद्योगिक विकास को बढ़ाना होता है इसके लिये इन केन्द्रों के द्वारा जा योजनायें चलाई जाती है या जो कार्य किये जाते है उनके लिये लक्ष्यों का पूर्व निर्धारण किया जाता है तथा कार्य या योजना का संचालन करने के लिये लक्ष्यों को निर्धारित किया जाता है। केन्द्रों की वार्षिक कार्य योजना के इन लक्ष्यों को निर्धारित करके कार्य किये जाते हैं।

5. उद्यमी प्रशिक्षण :– जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र का उद्देश्य उद्यमियों को प्रशिक्षण देना भी होता है। नये उद्यमियों को प्रोत्साहन के साथ–साथ उत्पादन कार्य तकनीकि प्रशिक्षण भी दिया जाता है। तथा नई प्रौद्योगिकी एवं उत्पादन की नई तकनीकों एवं विधियों को भी जानकारी प्रशिक्षण कार्यकमों के अन्तर्गत दी जाती है। इन केन्द्रों के द्वारा समय समय पर नये उद्यमियों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

6. जिले का औद्योगिक विकास :– इन केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र का औद्योगिक विकास करना होता है इन केन्द्रों के द्वारा जिले में पाये जाने वाले खनिज एवं अन्य औद्योगिक उत्पादन में सहायक संसाधनों को उचित रूप से प्रयोग करते हुए क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप उद्योग स्थापित कराये जाते हैं। सूक्ष्म एवं कुटीर उद्योग का विकास भी इनका उद्देश्य है।

7. एकल खिड़की प्रणाली :– जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र का उद्देश्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाना भी होता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये उद्यमियों को उद्योग से संबंधित जानकारी एवं सूचनाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाती है। इसे सिंगल विंडो सिस्टम या एकल खिड़की प्रणाली कहा जाता है। इसका उद्देश्य उद्यमियों को उद्योग की स्थापना के लिये अन्य संस्थाओं से मिलने वाले सुविधाओं, सहायताओं, अनुदान एवं अनुमतियों के लिये विभिन्न कार्यालयों में न भटकना पड़े तथा सभी कार्य कम समय में एक ही स्थान पर पूर्ण हो सके।

इस प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों की स्थापना का उद्देश्य लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देना, स्थापित कराना एवं कुशल संचालन कराना है। इस कार्य के माध्यम से उद्यमियों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही है। यह केन्द्र उद्यमियों को उद्योग संबंधित सलाह, तकनीकी परामर्श वित्तीय, विपणन, कच्चा माल, प्रशिक्षण आदि की सुविधाएं प्रदान करता हुआ अपनी स्थापना के उद्देश्यों को पूर्ण कर रहा है।

शासकीय योजनाओं का कियान्वयन :–जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जिले के औद्योगिक विकास का मुख्य केन्द्र बिन्दु है। जिले में होने वाली समस्त औद्योगिक गतिविधियों का संचालन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के द्वारा किया जाता है। शासन के द्वारा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य अधिक

से अधिक व्यक्तियों को स्वरोजगार एवं उद्योग स्थापित करने हेतु प्रेरित एवं सहायता करना था। स्वरोजगार एवं उद्योगों की स्थापना के लिये सरकार के द्वारा विभिन्न रोजगार उन्मुखी योजनायें बनाई गई इन योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सके तथा सम्पूर्ण देश में इन रोजगार उन्मुखी योजनाओं का कियान्वयन हो सके इसके लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों को इन योजनाओं के कियान्वयन का उत्तरदायित्व दिया गया। वर्तमान में इन केन्द्रों के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम, रानी दुर्गावती स्वरोजगार योजना, दीनदयाल रोजगार योजना आदि का सफल कियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का कियान्वयन निम्न प्रकार होता है –

1. सर्वप्रथम केन्द्र तथा राज्य सरकार के द्वारा बनाई गई विभिन्न रोजगार उन्मुखी योजनाओं का जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के द्वारा प्रचार–प्रसार किया जाता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम, रानी दुर्गावती अनुसूचित जाति, जनजाति स्वरोजगार योजना, दीनदयाल स्वरोजगार योजना आदि योजनाओं के नियम एवं निर्देशों को पंपलेट, ब्रोशर के फोल्डर के रूप में बांटा जाता है। इन योजनाओं के बड़े फ्लेक्स लगाकर भी इनकी जानकारी सभी लोगों को दी जाती है।

2. सरकार के द्वारा प्रत्येक योजना के कियान्वयन के लिये भौतिक लक्ष्य एवं मार्जिन मनी के आवंटन का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द योजनाओं का कियान्वयन इन्हीं लक्ष्यों के आधार पर करते हैं।

3. नये उद्यमी को इन केन्द्रों के द्वारा जिले में उपलब्ध संसाधनों एवं जिले में स्थापित किये जा सकने वाले उद्योगों तथा विभिन्न रोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाती है।

4. नये उद्यमी को जिस भी योजना के अंतर्गत ऋण चाहिये होता है उसका निर्धारित आवेदन फार्म संपूर्ण प्रपत्रों के साथ भरवाया जाता है। आवेदन की जांच के उपरांत एक सामान्य बैठक में सभी आवेदनों पर परिचर्चा की जाती है। इसके लिये एक समिति बनाई जाती है। समिति के द्वारा चुने हुये आवेदन पत्रों को ऋण प्रकरण हेतु भेजा जाता है।

5. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के द्वारा योजनाओं के भौतिक लक्ष्य एवं मार्जिन मनी के आवंटन के लक्ष्य के अनुसार विभिन्न राष्ट्रीय कृत बैंकों के पास इन आवदन पत्रों को ऋण प्रकरण के रूप में भेजा जाता है।

6. आवेदन पत्रों की चांज पड़ताल के उपरांत राष्ट्रीयकृत बैंकों के द्वारा इन ऋण प्रकरणों को स्वीकार करके नये उद्यमी को व्यवसाय शुरू करने हेतु ऋण प्रदान कर दिया जाता है।

7. ऋण प्राप्ति के पश्चात् इन केन्द्रों के द्वारा उद्यमियों को समय–समय पर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। साथ–ही–साथ समय–समय पर इन व्यवसायों का औचक निरीक्षण किया जाता है ताकि यह केन्द्र निरंतर गतिशील रहे।

इस प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों विभिन्न शासकीय योजनाओं का सफल कियान्वयन किया जा रहा है। योजनाओं का कियान्वयन करने के लिये समय–समय पर इन केन्द्रों के द्वारा रोजगार मेला तथा प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाता है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम :–ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योग सहित सभी प्रकार के सूक्ष्म या कुटीर एवं लघु उद्योग की स्थापना के माध्यम से रोजगार के अवसरों के सृजन के उद्देश्य से भारत सरकार ने 31 मार्च 2008 तक परिचालन में रही दो योजनाओं "प्रधानमंत्री रोजगार योजना" तथा "ग्रामीण सृजन कायकम" को एकीकृत करते हुये "प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम" नाम एक नई ऋण–सहबद्ध अनुदान योजना का अनुमोदन किया है।

"प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम" केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका कियान्वयन उद्योग (सूक्ष्म, लघु और मध्यम) मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र नोडल अभिकरण के रूप में खादी और ग्रामोद्योग आयोग करता है। राज्य स्तर पर योजना का कार्यान्वयन राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोड़,

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और बैंक करते हैं।

योजना के अंतर्गत सरकारी सब्सिडी खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से चुने हुये लाभार्थियों, उद्यमियों को उनके खातों में वितरित करने के लिये दी जाती है। कार्यान्वयी अभिकरण अर्थात खादी ग्रामोद्योग आयोग, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र योजना के कियान्वयन में विशेष रूप से लाभार्थियों के चयन, क्षेत्र विशिष्ट लाभप्रद परियोजनाओं की पहचान और उद्यमिता विकास प्रशिक्षण गैर सरकारी संगठनों, प्रतिष्ठित स्वायत्त संस्थाओं स्वयं सहायता समूहों, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगमों, राजीव गांधी उद्यमी मित्र योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध उद्यमी मित्रों, पंचायती राज संस्थाओं और अन्य संबंधित निकायों का अपने साथ संबंध करेंगे।

विभिन्न शासकीय योजनाओं के कियान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन :–जबलपुर संभाग के सभी जिलों में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों द्वारा कियान्वित योजनाओं का तुलनात्मक प्रस्तुतीकरण निम्न तालिका द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

तालिका

जबलपुर संभाग में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम का जिलेवार तुलनात्मक अध्ययन

जिले का नाम	भौतिक लक्ष्य	वास्तविक पूर्ति	प्रतिशत	मार्जिन मनी के आवंटन का लक्ष्य	वास्तविक आवंटन	प्रतिशत
जबलपुर	302	172	57%	399.95	444.32	111%
कटनी	175	168	96%	210.85	185.62	88%
सिवनी	119	83	70%	298.80	251.11	84%
नरसिंहपुर	187	149	80%	271.70	219.39	81%
मंडला	115	60	52%	168.45	121.99	73%
छिन्दवाड़ा	138	138	100%	175.87	837.91	476%
बालाघाट	105	83	79%	179.60	149.99	84%
डिण्डोरी	148	76	52%	185.93	111.49	60%
योग	1289	929	72%	1891.15	2321.82	122. 77%

स्त्रोत : जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संभाग जबलपुर

प्रस्तुत तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 2008–09 में शुरू की गई प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम योजना के अंतर्गत वर्ष 2008 से 2011–13 तक ही अवधी में सबसे अधिक भौतिक लक्ष्य 302 इकाइयां जबलपुर जिल के लिये निर्धारित किये गये। जबकि सबसे कम भौतिक लक्ष्य बालाघाट जिले के लिये केवल 105 इकाईयां निर्धारित की गईं। इसके अतिरिक्त नरसिंहपुर (187), कटनी (175), डिण्डोरी (148), छिन्दवाड़ा (138), सिवनी (119) एवं मंडला जिले में (115) इकाईयों के भौतिक लक्ष्य निर्धारित किये गये। इस योजना के अंतर्गत निर्धारित किया गए लक्ष्यों की वास्तविक पूर्ति सवसे अधिक जबलपुर जिले में हुई जहां निर्धारित 302 लक्ष्यों में से 172 इकाईयां वास्तविक पूर्ति की गई। जो कुल लक्ष्य का 57 प्रतिशत थी। जबकि सबसे कम वास्तविक पूर्ति मंडला जिले में 115 लक्ष्य में से केवल 60 लक्ष्यों की वास्तविक पूर्ति की गई। जो कुल लक्ष्य का 52 प्रतिशत थी। वही छिन्दवाड़ा जिले में 138 लक्ष्यों की शत–प्रतिशत पूर्ति की गई। इसके अतिरिक्त कटनी 168 (लक्ष्य का 96 प्रतिशत), नरसिंहपुर 149 (लक्ष्य का 80 प्रतिशत), बालाघाट 83 (लक्ष्य का 79 प्रतिशत), सिवनी 83 (लक्ष्य का 70 प्रतिशत), तथा डिण्डोरी 76 (लक्ष्य का 82 प्रतिशत) वास्तविक भौतिक पूर्ति की गई।

निष्कर्ष :–जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शासकीय योजनाओं का कियान्वयन करने में एक समन्वयक की भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र लघु एवं कुटीर उद्योगों के क्षेत्र में संतोषप्रद कार्य कर रहा है कुछ अतिरिक्त प्रयासों से यह इन शासकीय नीतियों के उद्देश्यों को पूरा करते हुए वृहद एवं मध्यम उद्योगों की स्थापना एवं नये उद्यमियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु एक सकारात्मक एवं प्रभावपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। वर्तमान में पुनर्मूल्यांकन के माध्यम से इनकी भूमिकाओं पर दृष्टि डालना भी आवश्यक है।

शोध प्रबंध

1. धगट, डॉ. शुभांगी "जिला उद्योग केन्द्रों की भूमिका एक आर्थिक विवेचना" (जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ में) वाणिज्य विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर।

2. मुंझे, संजय कुमार "मध्यप्रदेश के औद्योगिकीकरण में जिला उद्योग केन्दों का योगदान" (छिन्दवाड़ा जिले के विशेष संदर्भमें) वाणिज्य विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1.	मामोरिय, डॉ. चतुर्भुज एवं जैन, डॉ. एस.सी.	"भारतीय अर्थशास्त्र"	वर्ष 2007, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
2.	शुक्ला, डॉ. एस.एम. एवं मिश्रा, डॉ. जे.पी.	"अर्थशास्त्र"	वर्ष 2010, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा
3.	शुक्ल, डॉ. एस.एम. एवं सहाय, डॉ. शिवपूजन	"उच्च सांख्यकीय विश्लेषण"	2010, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
4.	पाटीदार, युवराज	"मध्यप्रदेश समग्र अध्ययन"	2010, उपकार प्रकाशन, आगरा
5.	अग्रवाली, आर.सी. एवं अग्रवाल संजय	"उद्यमिता"	2009, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा
6.	मंगल, डॉ. रमेश एवं तिवारी, डॉ. अशोक	"आधार पाठ्यक्रम"	वर्ष 2010, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
7.	वार्षिक प्रतिवेदन	"जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र"	जिला जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, कटनी, डिण्डोरी, छिन्दवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, 2001 से 2011 तक।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Migration Expectancy among the Schedule Tribes in Eastern Uttar Pradesh

Saurabh Kumar Pandey* & Shruti**
*Department of Statistics, Banaras Hindu University,Varanasi,Uttar Pradesh,India
** Assistant Professor, in Statistics,UPRTOU,Allahabad, Uttar Pradesh,India

ABSTRACT : In the present study, we have tried to find out the nature and pattern of migration expectancy characterized by age and sex among the schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh. In spite of lot of research work in last few years, not much information still in our knowledge about migration among the schedule tribes. Expectancy table procedure gives the expectancy of various demographic events. Expectancy tables of migration gives information on the expected number of moves a person may make during his remaining life time. This study based on primary data taken from a survey entitled “A study of Socio-Economic and Demographic characteristics of Schedule Tribe population in Eastern Uttar Pradesh” conducted in rural area of Eastern Uttar Pradesh.

Key words: Migration, Migration Expectancy, Primary Data, Rural area, Schedule Tribes

Introduction : In the present study, we have tried to find out the nature and pattern of migration expectancy characterized by age and sex among the schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh. In spite of lot of research work in last few years, not much information still in our knowledge about migration among the schedule tribes.Uttar Pradesh is the rainbow land where the multi-hued Indian Culture has blossomed from times immemorial. Blessed with a variety of geographical land .

Uttar Pradesh is surrounded by Bihar in the East, Madhya Pradesh in the South, Rajasthan, Delhi, Himachal Pradesh and Haryana in the west and Uttaranchal in the north and Nepal touch the northern borders of Uttar Pradesh, it assumes strategic importance for Indian defence. Its area of 2,36,286 sq kms. lies between latitude 24 deg to 31 deg and longitude 77 deg to 84 deg East. Area wise it is the fourth largest State of India. In sheer magnitude it is half of the area of France, three times of Portugal, four times of Ireland, seven times of Switzerland, ten times of Belgium and a little bigger than England.

The term 'Scheduled Tribes' first appeared in the Constitution of India. Article 366 (25) defined scheduled tribes as "such tribes or tribal communities or parts of or groups within such tribes or tribal communities as are deemed under Article 342 to be Scheduled Tribes for the purposes of this constitution". The criterion followed for specification of a community, as scheduled tribes are indications of primitive traits, distinctive culture, geographical isolation, shyness of contact with the community at large, and backwardness. This criterion is not spelt out in the Constitution but has become well established.

Migration is a complex phenomenon involving a number of social, economic, cultural, political and behavioral factors. One of this information is the idea on the moves a person might be expected to make during his life time. Initially Jaffe (1960) explained the expectancy table procedure to find out the expectancy of various demographic events such as to determine the probable life time earnings of a person in a given industry or in a given occupation.

So many studies have been done in recent past to explain the expectancy tables such as the expectancy of a person being marrying or remaining single (Grabill, 1945), the expectancy of a person being admitted to a mental hospital (Ogburn and Winston, 1928-29), the expectancy table for school going population with dropout rates (Stockwell and Nam, 1963). Long (1970) had measured the volume of geographical mobility within countries in a way that would permit comparisons between countries using the data of

United States Census. Welfbein (1949) showed the expected number of years a person can expect to be part of the work force with the help of working force life tables. One important example of an expectancy table is net reproduction rates, which shows the probability of a birth occurring to a female of a given age and the average number of births to be expected during the life time of a female cohort. Thus, the expected number of occurrences of some event to be experienced by a cohort during its life time can be shown by expectancy table. The oldest type of expectancy table is life table. It shows the probability of dying and surviving at a given age as well as the expected number of years of life remaining at the beginning of a specific age.

An expectancy table may be handled with two kinds of events. First, there are events which can occur but once and are non-reversible. Death happens only once in a life time of a person and we can calculate the probability of person dying. The life table yield expectancies for the first kind of event. Secondly, there are some events which may occur more than once in a life time of a person and therefore may be reversible and recurrent. Migration, morbidity, marriage, unemployment, etc., are such kind of events. For example, morbidity may be completely reversible if a person makes a complete recovery and recurrent if illness strikes again.

In recent past migration had attracted the attention of policy makers, planners, social scientists and researchers as having special significance in the context of rural development. Expectancy tables of migration gives information on the expected number of moves a person may make during his remaining life time. Wilber (1963) and Long (1973) have constructed the migration expectancy tables for the united states using the census data for the year 1958 under the assumption that (1) a maximum of one move per person per time period and (2) non-migration for persons reporting the same address at both the beginning and end of the period involved. Both assumptions include some degree of error since undoubtedly some move more than once and others have returned to their original place at the time of interview.

Expectancy tables are able to an idea about, what are the chances of a person moving during his remaining life time? And how many times will he move during his remaining life time?

Expected future mobility behavior data may be useful in projecting migration trends as well as gaining additional insights into policy measures that might control population movement. If the population redistribution is assessed in relation to different levels of socio-economic and demographic developments, Migration as a tool in the development process will be better achieved.

In the present study, we have tried to find out the nature and pattern of migration expectancy characterized by age and sex among the schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh living in rural area.

Data and Methodology:

This study based on primary data taken from a survey entitled “A study of Socio-Economic and Demographic characteristics of Schedule Tribe population in Eastern Uttar Pradesh” conducted in rural area of Eastern Uttar Pradesh. The sampling design used was multistage sampling procedure. The ultimate sampling unit for the sample selection was a household. For this study districts Mirzapur , Chandauli , Sonbhadra, Varanasi , Jaunpur and Azamgarh of Eastern Uttar Pradesh are selected. Using the above methodology 600 households of the selected districts was selected.

Calculation of migration expectancy:

Procedure for calculation of migration expectancy is a straightforward operation involving a few simple steps. It may be calculated by following the same routine from Jaffe’s illustration (1960, p.50) of calculating the average number of admissions to a mental hospital for the survivors of a cohort during the course of their life time. For completeness, the procedure of migration expectancy is given below:

I. In table age interval has been given in column one (1). Since migration is a rare event and it is difficult to obtain one year migration rate for a small area, data has been taken in five year age interval. Fortunately, the data for the number of migrants during (2010-2015) have been collected. Column two (2) gives the number of migrants during last five years. Dividing it by 5 we get the number of migrants for one year. Column three (3) gives the total number of male and female population in the respective age-interval in table (1.1)and table (1.2). The migration rate in column four (4) has been achieved by dividing the number of migrants by corresponding population by each age group.

II. Life tables are generally made for a larger geographical area like state or country as a whole and therefore the reliable life tables for smaller units like district are not available. Since the computations require the knowledge of the life table for some larger unit such as that of the state (here Uttar Pradesh) or the appropriate model life table, consistent with the mortality conditions of the area. Here we have taken Coale and Demeny's (1966) 'Model Life Table' to represent the mortality conditions of the area.

The rate of increase, the birth rate and death rates of the area and the model stable population decides the appropriate model life table. Here in our case, it was found that the level 17 of the "South Model" was most appropriate and hence it is taken to be the appropriate life table for the area.

The figures in column five(5) and six(6) i.e. lx and Lx were taken directly from 'Model Life Table'. The lx values in column five(5) shows survivors, the number of persons alive at the beginning of an age interval out of 100,000 born alive. Lx values is the number of years lived in the aggregate by the cohort of l_0 persons between age x and (x+1). The values of Lx at ages 60, 65, 70, 75 and 80 are 290291, 247608, 192283, 126701 and 89992 for male and 327927,291603,238214,167628,137286 for female respectively. Thus, we can obtain the values of Lx at age 60 and above by adding all the above five values.

III. In a specified age period, the expected number of moves may be obtained by multiplying the migration rate in column four(4) by the stationary population in column six(6) for the appropriate age interval. These values are given in column seven (7).

IV. The expected number of moves in the given age group and all older ages in column eight (8) are directly comparable to the T_x column of an ordinary life table. By accumulating figures in column eight (8), from highest to the lowest ages, we may get these expected moves.

V. To find out the expected number of moves per person in a specified age group and for all later ages given in column nine (9) is obtain by the cumulative moves in column eight (8) are divided by the survivors given in column five (5). Migration expectancy is same to life expectancy as far as computation and interpretation are concerned.

Computation of migration expectancy may be symbolized as

$$ {}_xM_{x+n} = \sum_{L=x}^{L=x+n} \frac{(P_x)({}_xL_{x+n})}{l_x} $$

Where ${}_xM_{x+n}$ is the average number of moves during the remaining lifetime of a person at age x or the moves between age x and x + n years.

P_x is the migration rate for the population at age x.

${}_xL_{x+n}$ is the stationary population between age x to x + n years.

l_x is the number of survivors at age x.

$\sum_{L=x}^{L=x+n}$ refers to the summation of the product of P_x and ${}_xL_{x+n}$ from x to x+n years.

It is well known that in India rural to urban migration is mainly male dominant. Male migration is mainly motivated by better job opportunities at destination to improve and

maintain economic condition. Better education and health facilities at urban areas may be another important pull factors to motivate rural to urban migration. Female migration is mainly due to marriage and better job opportunities at destination to improve socio – economic status.\Since the data discussed here deal with the life time migrants , migration rate are consistently higher among females than males for almost all ages This may be due to movement of females from her place of birth to another place due to marriage..However, migration rates among males are always higher than females if reason of migration is for work (singh et al.,1984). Using primary data migration expectancy is calculated for male and female separately for different age groups and whole schedule tribe population of Eastern Uttar Pradesh. A high rate rate of migration at beginning of the age group in (0-9) is due to accompanied children with parents. Obviously, migration rates for both males and females are found higher between age groups (15-19) to (25-29). These high rates are commutative effects of both marriage and job reasons. Age wise migration expectancy tables for male and female are presented by tables (1.1) and (1.2) respectively and for the whole schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh in Table (1.3). In general, the expected number of moves made by female was found higher than males among the schedule tribe in Eastern Uttar Pradesh.

The migration expectancy at birth for males and females was found 3 moves and 4 moves respectively. Marriage migration among females ,as said earlier, may be one of the factor s for the higher average number of moves made by females. Moreover, a higher number of moves (0.50) was observed among females than males (0.43) even after the age 60 years. The age wise expected number of moves at birth for both males and females as well as for the whole schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh shown by figure (1.1).The age wise migration expectancy for both males and females as well for the whole schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh shown by figure (1.2).

Table 1.1Migration Expectancy for male belongs to Schedule tribe in the Eastern Uttar Pradesh

Age Group (1)	Male migration (in 5 Year) (2)	Male Population in 2013 (3)	1 year migration rate (4) =(2)/((3)*5)	lx (5)	Lx (6)	Expected no of moves		Expected no of moves at birth and all older ages (9) =(8)/(5)
						In the age interval (7) =(4)*(6)	In the age interval and all older ages (8)	
0-4	45	201	0.045	100000	437632	19595	316689	**3.17**
5-9	48	183	0.052	84725	421244	22098	297093	3.51
10-14	50	169	0.059	83772	417349	24695	274995	3.28
15-19	60	143	**0.084**	83167	413593	34707	250300	3.01
20-24	72	149	**0.097**	82270	408003	39431	215593	2.62
25-29	66	160	**0.083**	80931	401335	33110	176162	2.18
30-34	60	153	0.078	79603	394163	30915	143052	1.80
35-39	50	153	0.065	78062	385964	25226	112137	1.44
40-44	40	149	0.054	76323	375980	20187	86910	1.14
45-49	35	132	0.053	74068	363067	19254	66724	0.90

50-54	20	120	0.033	71158	345797	11527	47470	0.67
55-59	15	105	0.029	67160	322287	9208	35943	0.54
60 +	12	85	0.028	61755	946875	26735	26735	**0.43**

Source: For columns 2and 3 primary data .For columns 5 and 6, Coale and Demeny's (1966) Model Life Table.

Table 1.2 Migration Expectancy for female belongs to Schedule tribe in the Eastern Uttar Pradesh

Age Group (1)	Female migration (in 5 Year) (2)	Female Population in 2013 (3)	1 year migration rate (4) =(2)/((3)*5)	lx (5)	Lx (6)	Expected no of moves		Expected no of moves at birth and all older ages (9)=(8)/(5)
						In the age interval (7) =(4)*(6)	In the age interval and all older ages (8)	
0-4	46	199	0.0462	100000	443424	20500	393579	**3.94**
5-9	50	179	0.0559	86029	427993	23910	373079	4.34
10-14	52	168	0.0619	85168	424459	26276	349169	4.10
15-19	85	130	**0.1308**	84615	421044	55060	322893	3.82
20-24	80	139	**0.1151**	83802	416359	47926	267833	3.20
25-29	75	153	**0.0980**	82741	410711	40266	219907	2.66
30-34	65	149	0.0872	81543	404522	35294	179641	2.20
35-39	60	151	0.0795	80265	397738	31608	144348	1.80
40-44	50	148	0.0676	78830	389909	26345	112739	1.43
45-49	45	130	0.0692	77134	380595	26349	86394	1.12
50-54	25	124	0.0403	75104	368546	14861	60045	0.80
55-59	18	119	0.0303	72314	352044	10650	45184	0.62
60 +	15	101	0.0297	68503	1162658	34534	34534	**0.50**

Source: For columns 2and 3 primary data .For columns 5 and 6, Coale and Demeny's (1966) Model Life Table.

Table 1.3 Migration Expectancy for Schedule tribe population in the Eastern Uttar Pradesh

Age Group (1)	Migration (in 5 Year) (2)	Population in 2013 (3)	1 year migration rate (4) =(2)/((3)*5)	lx (5)	Lx (6)	Expected no of moves		Expected no of moves at birth and all older ages (9) =(8)/(5)
						In the age interval (7) =(4)*(6)	In the age interval and all older ages (8)	
0-4	91	400	0.046	100000	437632	19912	346405	**3.46**

5-9	98	362	0.054	84725	421244	22808	326492	3.85
10-14	102	337	0.061	83772	417349	25264	303685	3.63
15-19	145	273	**0.106**	83167	413593	43935	278421	3.35
20-24	152	288	**0.106**	82270	408003	43067	234486	2.85
25-29	141	313	**0.090**	80931	401335	36159	191419	2.37
30-34	125	302	0.083	79603	394163	32629	155260	1.95
35-39	110	304	0.072	78062	385964	27932	122631	1.57
40-44	90	297	0.061	76323	375980	22787	94699	1.24
45-49	80	262	0.061	74068	363067	22172	71913	0.97
50-54	45	244	0.037	71158	345797	12755	49741	0.70
55-59	33	224	0.029	67160	322287	9496	36986	0.55
60 +	27	186	0.029	61755	946875	27490	27490	**0.45**

Source: For columns 2and 3 primary data .For columns 5 and 6, Coale and Demeny's (1966) Model Life

Table.Figure 1.1 Age–sex wise migration rate for male and female as well for the whole schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh.



Figure 1.2 Age–sex wise migration Expectancy for male and female as well for the whole schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh



Conclusion: Since a migration expectancy table gives the expected number of moves per person during his remaining lifetime, we can do comparisons between the expected moves of persons at a given age at different point in time, and between persons at the same point in time who have different characteristics (Wilber, 1963). In addition to comparisons by age and sex, we may find out the expectancy by rough distance categories, employment status, marital status and occupation status too. Wherever we have an appropriate life table and accessible migration data, we can make an expectancy table.

Table shows the expected number of moves at birth and at older ages. The results reveal that with the increase in age, migration expectancy decreases. Highest migration expectancy is seen in the age interval 5 to 19 and then it starts to decrease.

This paper discussed the nature, trend and pattern of the expected number of moves among the schedule tribe population in eastern Uttar Pradesh according to sex. The migration expectancy at birth for males and females was found 3 moves and 4 moves respectively. The expected number of moves made by female was found higher than males among the schedule tribe in Eastern Uttar Pradesh.

References:

Coale, A. J. and Demeny, P. (1966): "Regional Model Life Tables and Stable Population," Princeton University Press, Princeton, New Jersey.

District Census Handbook of Azamgarh,Chandauli,Jaunpur, Mirzapur, Sonbhadra,Varanasi,2011

Jaffe, A. J. (1960): "Handbook of Statistical Methods for Demographers," (Preliminary Edition-Third Printing) Washington, D. C.: U. S. Government Printing Office.

Grabill, W. H. (1945): "Attrition Life Tables for the Single Population," Journal of the American Statistical association, 40, 364-75.

Long, Larry, H. (1970): "On Measuring Geographical Mobility," Journal of the American Statistical Association, 65, 1195-1203.

Long, Larry, H. (1973): “New Estimates of Migration Expectancy in the United States," Journal of the American Statistical association, 68, 37-43.

Ogburn, W. F. and Winston, E. (1928-29): "The Frequency and Probability of Insanity," American Journal of Sociology, 34, 822-7.

Singh, S.N., Yadava, K.N.S(1984): “Migration expectancy in rural areas of Eastern Uttar Pradesh,” The Indian Journal of social works,45(2),155-166.

Stockwell, E. G. and Nem Charles, B. (1963): "Illustrative Tables of School Life," Journal of the American Statistical Association, 58, 1113-1124.

Wilber, G. L. (1963): "Migration Expectancy in the United States," Journal of American Statistical Association. 58, 444-453.

Wolfbein, S. L. (1949): "The Length of Working Life." Population Studies, 3, 286-294.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

जेल में सृजनात्मक कार्यक्रम का संरचनात्मक प्रकार्यात्मक पक्ष : एक समाजशास्त्री अध्ययन केन्द्रीय जेल जबलपुर के संबंध में

रीना वासनिक
पी–एच.डी. (समाज शास्त्र एंव समाज कार्य विभाग)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

भूमिका :– जेल प्रशासन की बढ़ती हुई संवेदनशीलता एंव जेल सम्वासियों के प्रति सुधारवादी दृष्टिकोण का अभ्युदय तथा सामाजिक दृष्टिकोण में उनकी सहभागिता के संरचनात्मक उपयोग के लिये सामाजिक पुर्नवास की विचारधारायें जेल प्रशासन को जहां एक तरफ मानवीय गुणों एवं सामाजिक मूल्यों के अनुसार जेल में परिरूद मानव शक्ति को तैयार करने की प्रेरणा दे रही है, वही दूसरी ओर सामाजिक धरातल में समतल रूप से प्रवाहित होने वाले सरस विचारों का सजृन करना भी आवश्यक हो गया है। बदलते हुए परिवेश में जेल प्रशासन ने अपने में आमूलचूल परिवर्तन कर मानवीय गणों से युक्त वैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत जेलों को पुर्नस्थापित करना प्रारंभ कर दिया है।

किसी भी व्यवस्था में नये सिरे से परिवर्तन ले आने के लिए न केवल उनको अपनाना वरन् निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अधिकारियों, कर्मचारियों सेवावासियो उनके परिवारजनों एवं जेल कर्मियों की सकारात्मक पहल एंव भूमिका एवं आवश्यक आयाम है। जेल में बंद बंदी भाईयों की तथा जेल वातावरण से संबंद्ध मानव समूह की मानसिकता में परिवर्तन ले आने के लिए इनमें खेलकूद, पी.टी., योगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्यिक गतिविधियां, मानसिक उपचार, शारीरिक संरक्षण एंव हिफाजत ऐसे बिन्दु है, जिनके माध्यम से सभी घटको को एक–दूसरे के नजदीक ले आना, आपसी सामंजस्य एवं विश्वास उत्पन्न करने का प्रयास करना, जागरूकता एवं समर्पण की भावना का विकास करना, जेल संगठन से जुड़े कर्मियों और बंदियों के जीवन में गतिशीलता ले आने के लिए विभिन्न प्रकार के विचार और बदले हुए दृष्टिकोण में एक–दूसरे से विचार विमर्श करके नया सृजनकरना होगा। जेल एक ऐसी संवेदनशील संस्था है जहां पूरे परिवेश को बदलने की आवश्यकता है।

जेल में सृजनशीलता के उद्देश्य :–

- बंदियों को व्यस्त रखना।
- बंदियो को प्रशिक्षित करना।
- बंदियों का सुधार करना।
- बंदियों को अनुशासन और नियंत्रण में रखना।
- बंदियों में सामाजिक जीवन के प्रति रूचि उत्पन्न करना।
- बंदियों के सामाजिक पुर्नवास में सहायक होना।

निदर्शन :– जबलपुर केन्द्रीय कारागार में वर्तमान में 2403 कैदी है इनमें से पुरूष एंव महिलाओं का 12 प्रतिशत निदर्शन के रूप में अर्थात् लगभग 300 कैदी, जिसमें 280 पुरूष और 20 महिला कैदी को लिया गया है। इसके साथ ही जेल में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर 197 कर्मचारी कार्यरत है, जिसका 10 प्रतिशत निर्यात 20 कर्मचारी या चयन दैव निदर्शन विधि के द्वार विषय से संबंधित तथ्यों का संकलन किया गया।

सृजनात्मक कार्यक्रम एक दृष्टि में :–

अ. परिवेश में सुधार

ब. काउंसिलिंग कार्यक्रम

स. नियमों का उचित ज्ञान कराना

द. बंदियों के लिए सृजनात्मक कार्यक्रम

अ. परिवेश में सुधार :–

- जेल परिसर का परिवेश :– परिसर का सुधार, भवन का सुधार, प्राकृतिक दृश्य व वातावरण बागवानी, गार्डन का लगाना, हिफाजत करना।

- जेल व्यवस्था का परिवेश :– अमले की समयबद्ध उपस्थिति, आत्मअनुशासन का विकास, कार्यालय संधारण पर ध्यान, संचार विहीनता को देर करना गुणात्मक निष्पादन को प्रोत्साहन देना, कार्य की समीक्षा करना।
- जेल के बंदियों का परिवेश :–बंदी समस्या को चिन्हित करना, स्वैच्छिक संगठन को जोड़ना, शासकीय/अद्धशासकीय संदर्शनों को जोड़ना, भम्रण एवं पारदर्शिता को बढ़ाना।

ब. काउंसिलिंग कार्यक्रम :– अधिकार, कर्त्तव्य, दायित्व सुविधा का ज्ञान करना, अनुशासन नियंत्रण, पुरस्कार, दण्ड की जानकारी देना, भोजन, वस्त्र, आवास, संचार, विधिक सहायता उपचार बावत् बताना, सुधार से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी देना।

स. नियमों का उचित ज्ञान करना :–जेल नियमावली के अंतर्गत मिलने वाली सभी सुविधाएं प्रदान कराना। नियमो का पालन कराना।

द. बंदियो के लिए सृजनात्मक कार्यक्रम :–

- शैक्षणिक कार्यक्रम :– सम्पूर्ण साक्षरता, उत्तर साक्षरता, प्राथमिक प्रौढ़ शिक्षा, राष्ट्र भाषा परीक्षा, स्कूल शिक्षा, महाविधालयीन शिक्षा।
- मानसिक शारिरीक कार्यक्रम :– खेलकूद, पी. टी., योगा, विपश्यना रैकी, आर्ट ऑफ लिविंग, खुशबू परियोजना, साथी कार्यक्रम, आस्था कार्यक्रम, चुनूगुन कार्यक्रम, ममता तथा प्रत्यक्ष कार्यक्रम।
- धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यक्रम :– प्रार्थना, भागवत, पूजा पाठ, वीडियो, सतसंग, धार्मिक प्रवचन और उपदेश।
- सांस्कृतिक कार्यक्रम :– गीत संगीत, नृत्य, ड्रामा, लेखन, गायन, पेन्टिंग, मूर्तिकला।
- औघोगिक प्रशिक्षण :– कम्प्यूटर टायपिंग, सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, कसीदकारी, प्रिटिंग, लाहारी, बढ़ईगिरी, साबुन निर्माण, भवन निर्माण एंव भवन सामग्री निर्माण कार्य, स्किल डेवलपमेंट पोग्राम, कृषि, बागवानी, गोपालयन एंव अन्य जीवनोपयोगी प्रशिक्षण ।
- महिला बंदियों के लिए विशिष्ट सृजनात्मक कार्यक्रम :– मोमबत्ती, अगरबत्ती, बरी, आचार, पापड प्रशिक्षण, सिलाई, बुनाई, ब्यूटी पार्लर, गुडिया बनाना या हस्तकला का प्रशिक्षण आदि।

बंदियो के विचार जेल की कार्यप्रणाली को रूचिकर बनाने के तरीके बावत्

तालिका क्रं.–1

क्रं.	बंदियों का विचार जेल की कार्यप्रणाली को रूचिकर बनाने के तरीके बावत्	बंदियों का विवरण				योग	
		पुरूष बंदी		महिला बंदी			
		संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8
1	खेल के माध्यम से	02	25.00	00	00	02	22.22
2	योग के माध्यम से	01	12.50	00	00	01	11.11
3	आध्यात्मिक कार्यक्रम द्वारा	01	12.50	00	00	01	11.11
4	सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा	04	50.00	01	100	05	55.56
	योग–	08	100	01	100	09	100

जेल की कार्यप्रणाली को रूचिकर बनाने के तरीके में सांस्कृतिक कार्यक्रम का विचार 09 पुरूष बंदी में से 05 (55.56) प्रतिशत ने कहा हैय 20 (22.22) प्रतिशत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी कुछ हद तक कार्यप्रणाली में परिवर्तन ला कर कुछ रूचिकर बनाया जा सकता है बाकि 02 (22.22) प्रतिशत ने कहा है कि योग ध्यान के माध्यम से तथा आध्यात्मिक कार्यक्रम द्वारा भी कुछ रूचि जेल कार्यप्रणाली के प्रति पैदा की जा सकती है। 50.00 प्रतिशत पुरूष बंदी सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा ही रूचिकर बनाने की बात कर रहे है। महिला बंदियों ने तो 100.00 प्रतिशत ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रमुख्यता दी है।

वर्ष 2015–2016 में विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्य में लगे बंदी

क्रं.	ट्रेड का नाम	प्रशिक्षण कार्य में लगे हुए बंदी	प्रतिशत
1	कृषि एवं बागवानी	293	07.60
2	बुनाई	2468	61.50
3	ट्रेलरिंग	360	09.20
4	लोहारी	84	02.10
5	कारपेन्टरी	240	06.20
6	प्रिंटिंग	198	05.30
7	साबुन बनाना	96	02.40
8	मोटर वांइडिंग	114	02.80
9	योग	3853	100

सृजनात्मक कार्यक्रम के परिणाम :– बंदियों की मानसिकता में परिवर्तन आया और उनमे आत्मविश्वास की मात्रा की वृद्धि हुई। वह जेल की संवेदनशीलता को समझने लगे। संस्था में आयोजित क्रीड़ाओं से जहां एक और बंदियों के शारीरिक विकास दूर हुए वहो दूसरी ओर योगा, विपश्यना, रैकी, आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से मनोविकार दूर करने का सफलतम प्रयास किया गया। व्यवहारिक परिवर्तन ले आने हेतु आध्यात्मिक कार्यक्रम के माध्यम से बंदियों के आचार–विचारों में परिस्मरण परिलक्षित हुआ है। बंदियों को प्राबेटेशन पैरोल एवं आपात रिहाई तथा विभिन्न अवसरों पर परिहार का लाभ प्रदान कर उन्हें समाज में पुनर्वासित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

उक्त सभी कार्यक्रम से जहां एक ओर बंदी का जेल से मुक्ति उपरांत समाज में पुर्नवास होगा वही दूसरी ओर समाज में अपराधिक सोचपूर्ण कुकृत्यों में कमी आयेगी एवं समाज को अपना दिग्भ्रमित व्यक्ति, अच्छा नागरिक बनकर प्राप्त होगा।

सुधार कार्यक्रमों व जेल के सृजनात्मक पक्ष से जुडकर बंदियों ने केवल अपने में कार्यकुशलता का विकास किया बल्कि जेल में अच्छा कार्य कर जेल में माफी प्राप्त कर अपनी सजा को भी कम करने मं सफल हुए।

<u>निष्कर्ष</u> :– सृजनात्मक कार्यक्रम से बंदी विश्वास में वृद्धि हुई है। उनके सोच व विचार धारा में यह परिवर्तन आया कि वह अपराधी प्रवृत्ति छोड़कर समाज में अपने को पुनः स्थापित कर सकता है। उसे लगने लगा कि जेल अधिकारी उनके जीवन निर्माण हेतु कार्य करते है। बंदी जेल में रहकर भी कुछ अनुशासनहीनता करते थे तथा नियमो का उल्लंघन भी करते थे। उनके सुधार एवं प्रशिक्षण कार्य से आत्मज्ञान उत्पन्न हुआ है। जेल संगठन संरचनात्मक रूप से सृदृढ़ हुआ है, जेल दण्डस्थल न होकर सुधारस्थल और सुजनात्मक की कार्यशाला के रूप में प्रतीत होता है।

संदर्भ :–

- विभागीय प्रशासनिक प्रतिवेदन केन्द्रीय जेल जबलपुर, (2015–2016)
- अपराध शास्त्र (विधि एवं न्यायिक विज्ञान) डॉ. राजू टंडन, साहित्य सेवा सदन सागर, (2010)
- अपराध शास्त्र डॉ. सतीशचन्द्र भटनागर सुविधा लॉ हाऊस भोपाल (2000)
- जेल में अभिनव कार्यक्रम डॉ. लाल जी, (प्रकाशक – जेल प्रशासन, 2006)
- जेल की दशा और दुर्दशा डॉ. लाल जी मिश्र, जेल विभाग (2002)

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लवकुश महाकाव्य का वात्सल्य वर्णन

डॉ. राजेश पाठक
अतिथि विद्वान, शासकीय महाविद्यालय पृथ्वीपुर, जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

यावत स्थास्यन्ति गिरिय : सरितष्च महीतले।
तावत रामायण कथा लोकेशु प्रचीरस्यते।।

अर्थात् जब तक पृथ्वी पर पर्वत और नदियॉ विद्यमान है तब तक लोक में रामायण कथा गाई जायेगी यादि महाभारत भारत वर्ष की शक्ति, उसकी मेधा और उसका मस्तिश्क है तो रामायण उसका हृदय। महाभारत का सृजन पट वेदव्यास के तप : सिद्ध ध्यान में, प्रज्ञा के प्रकाश में उसका प्रत्येक चरण मानो एक–एक ऋदक हो। वाणविद्ध क्रोंच मिथुन के शोक से जब वाल्मीकि का हृदय व्यथित हुआ तब रामायण की सृष्टि हुई जिसका प्रत्येक चरण मानो कवि हृदय के रक्तशाणिमा से लिखा गया हो। रामायण ओर महाभारत भारत वर्ष के भाव मण्डल के दो गोलार्द्ध हैं। जो राम है वही कृष्ण है। महाभारत कहता है कि भगवान है, किन्तु रामायण कहती है कि भगवान न केवल हम लोगों के मध्य आते है बल्कि हम लोगों जैसे बनकर प्रेम करते हैं। विश्व साहित्य में अनेक भाषाओं में रामकथा का वर्णन किया गया है। महाकवि रामाशंकर मिश्र द्वारा रचित लवकुश महाकाव्य भवभूति के उत्तर रामचरित के रहते हुए भी जिस प्रबंध पटुता के साथ अपनी प्रतिभा में काव्योत्कर्श उत्पन्न किया है वह अनूठा है। महाकवि ने प्रतिभा के सदाश्रय से आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों की पारंपरिक कथावस्तु को एक नये वाक्य क्लेवर में प्रस्तुत किया है जिसमें लवकुश की बाल क्रोड़ाओं का वर्णन वात्सल्य की भाव भूमि पर नवीनता का परिचायक है। प्राचीन स्रोतों से प्राप्त आधुनिक कवियों ने सीता निर्वासन और लवकुश के प्रसंगो को लेकर नये सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास किया है किन्तु लवकुश महाकाव्य की कथावस्तु बिना अतिक्रमण किये आधुनिकता के नाम पर विद्रोह और असंतोश की विकृतियों में न उलझकर नारी के सतीत्व आर वात्सल्य का सटीक चित्रण किया है। मानवता का हित ही लवकुश महाकाव्य का ध्रुव ध्येय है और ऋषि संस्कृति से समन्वित नैतिक जीवन मूल्यों का संरक्षण ही महाकाव्य का केन्द्र है। वात्सल्य भाव वर्णन करते समय महाकवि ने बालोचित वेश–भूषा, चेष्टाओं, क्रोड़ाओं, बालमनोभवो एवं अंतः प्रकृति का चित्रण अत्यंत सूक्ष्मता के साथ किया है –

खिला सुखद वात्सल्य – सुतरू था।

लव–कुश जिसके सुरभित फूल।।

वैदेही–पातिव्रत–गंगा के थे सत्य शील दो कूल।

वयस रच रही दिवस – निषा से पक्ष – मास
मासों से वर्ष ।

नन्हें – नन्हें अंग खिल रहे , पुश्कर खिलता यथा सहर्ष ।।

लवकुश की विजय वनाश्रय की विजय है, प्रभुसत्ता एवं यश विचार मूलक लोकतंत्र पर अभिनव, उदार, कला एवं सौन्दर्यपरक युवा पीढ़ी के अस्तित्व संघर्ष का विजय नाद है। पुरूष पर नारी करूणा का उत्र्सग निनाद है। राजा पर प्रजा और राजनीति पर ऋषि कविता की विषय वस्तु महाकाव्य में मधुर मनोज्ञ एवं अंतः अनुभूतियों के साथ इस प्रकार अभिव्यक्त हुई है जिस पर रामकथा रसज्ञों को गौरव की प्रबल अनुभूति होगी। पति द्वारा निर्वासित महारानी सीता की करूण दशा के लिए उत्तरदायी विधि के विधान पर कवि को प्रश्न चिन्ह लगाती हुई वाणी इस प्रकार मुखरित हुई है –

निश्छल पवित्र जीवन में कष्टों का कैसा नाता

सुकुमार सुअन के आगे असहाय हुई है माता

भाव काव्य का यदि सूक्ष्म सौन्दर्य है तो कला उसका वाह्य आकर्षण और दोनों का समन्वित रूप काव्य को पूर्णता प्रदान करता है। उक्त दृष्टि से रामकथा पर आधारित लवकुश महाकाव्य राम के धरोहर की गौरव गाथा है। भारतीय नारी की नियति और उसके आंतरिक स्वरूप की प्रस्तुति देखने को मिलती है –

नारी सुरसरि देवी है ।

मानवता सुख सेवी है ।

नारी कष्टो की भाषा .....

उक्त विचारो के माध्यम से कवि ने सीता के उदात्त चरित्र का वर्णन एक प्रतीक के रूप में किया है जिसमें सम्पूर्ण नारी जाति की पीड़ा का अनुभव होता है। लवकुश महाकाव्य में जहॉ एक ओर सीता का निर्बल असहाय रूप देखने को मिलता है तो वही दूसरी ओर निश्छल पति प्रेम और संतान के प्रति वात्सल्य का आदर्श रूप परिलक्षित होता है। प्राचीन काल से पौराणिक पात्रों की बाल्यावस्था कवियों के लिए वात्सल्य रस की विषय वस्तु रही है जिसमें लव–कुश की बालक्रोड़ाओं का कवि ने सांगोपांग वर्णन किया है जो रामकथा रसिकों के लिए नवीन भाव भूमि निर्मित कर पुरातन और नूतन का मिश्रण कर वात्सल्य की अनूठी झांकी प्रस्तुत करना लवकुश महाकाव्य का प्रमुख लक्ष्य है जो समूची मानव जाति के लिए प्रेरणास्पद है ।

संदर्भ सूची :–

01. लवकुश भूमिका – डॉ. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित।
02. लवकुश पृष्ठ संख्या 83 – रमाशंकर मिश्र।
03. लवकुश पृष्ठ संख्या 95 – रमाशंकर मिश्र।
04. लवकुश पृष्ठ संख्या 63 – रमाशंकर मिश्र।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

समाज में सामाजिक सुरक्षा का अर्थ एवं महत्व

राजेन्द्र गिरि
चौरई जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.)

प्रस्तावना : सामाजिक सुरक्षा की विचारधारा उतनी ही पुरानी है जितना कि समाज। परंतु व्यक्तियों की सामाजिक चेतना के साथ साथ उसके दृष्टिकोण तथा क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है। गंभीरतापूर्वक मनन करने पर यह प्रतीत होता है कि सम्मिलित परिवार तथा व्यक्तिगत दान योजना तथा असहाय व दरिद्र व्यक्तियों को सहायता करने की प्रवृति, आदि सभी में सामाजिक सुरक्षा की भावना निहित है। आद्योगिक क्रांति के पूर्व सम्मिलित परिवारों, धार्मिक मठों मंदिरों आदि ने अपने सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की परंतु कालांतर में उसे अपर्याप्त समझा गया। दूसरे औद्योगिक क्रांति के उपरांत समाज में पूंजीवाद का बोलबाला होने से श्रमिक वर्ग का शोषणश्शुरु हो गया। औद्योगीकरण के प्रारंभ में प्रायः सभी देशों में श्रमजीवी को बहुत कम मजदूरी दी जाती थी तथा मजदूरी के भुगतान में अनियमितता व कटोती आदि के कारण उन्हें आय की असुरक्षा का सामना करना पड़ा। रोजगार की अनिश्चितता ने जले पर नमक छिड़कने का कार्य किया। काम करने की दूषित दशाओं तथा मशीन आदि में सुरक्षा का पर्याप्त प्रबंध न होने से श्रमिक विभिन्न प्रकार की औद्योगिक दुर्घटनाओं तथा बीमारी के शिकार हुए। संयुक्त परिवार तथा ग्रामीण संगठन का ह्रास, बीमारी, बेकारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था की कठिनाईयों आदि ने सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। परिणामतः विभिन्न औद्योगिक देशों में मजदूरी भुगतान अधिनियम मातृत्व तथा दुर्घटना लाभ अधिनियम, सामाजिक बीमा संबंधी अधिनियम स्वीकार किए गय। इस प्रकार सामाजिक सुरक्षा की विचारधारा का सूत्रपात हुआ तथा शनैःशनैः इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई।

परिभाषा – सामाजिक सुरक्षा की कोई स्वीकृति परिभाषा नहीं है ओर विभिन्न देशों में इसका भिन्न भिन्न अर्थ लगाया जाता है। कुछ देशों मे इसका आशय आय सुरक्षा, स्वास्थ एवं कल्याण सुरक्षा का संपूर्ण क्षेत्र सम्मिलित है ओर कुछ देशों में तो आवास व्यवस्था भीश्शामिल की जाती है। सामाजिक सुरक्षा की अवधारणा को भली प्रकार समझने के लिए निम्न परिभाषाओं पर चिंतन करना आवश्यक हैं :–

सर विलियम बेवरिज के मतानुसार ''सामाजिक सुरक्षा का आशय एक ऐसी पद्धति युक्त योजना से है जिसके द्वारा आवश्यकता, बीमारी, अज्ञानता, फिजूलखर्ची ओर बेकारी इन पांचों दानवों पर विजय मिले।''

विवेचना :

अ. आवश्यकता के विरुद्ध सुरक्षा का अभिप्राय है कि प्रत्यैक नागरिक को उसकी सेवाओं के बदले इतनी पर्याप्त आय दिलाई जाए जोकि प्रत्येक नागरिक के आश्रितों के जीवन निर्वाह के लिए जबकि वह काम कर रहा है या नहीं दोनो ही समय पर्याप्त हो।

ब. अज्ञानता के विरुद्ध सुरक्षा से आशय समाज के सभी सदस्यों को अधिकाधिक शिक्षा संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करने का है।

स. बीमारी से सुरक्षा का आशय है कि बीमारी के समय प्रत्यैक नागरिक को चिकित्सा संबंधी सुविधाएं दिलाना तथा स्वास्थ का यथोचित स्तर बनाए रखने में उनकी सहायता करना।

द. बेकारी क विरुद्ध सुरक्षा के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक उत्पादक सेवकों को उनकी सेवाओं के बदले यथोचित आय का समुचित अवसर प्रदान करना सम्मिलित किया जाना है।

ई. फिजूलखर्ची के विरुद्ध सुरक्षा से आशय उन दोशों को रोकना है जो कि नगरों की अनियोजित वद्धि से उत्पन्न होते है। अर्थात् उद्योग एवं जनसंख्या का अधिक श्रेष्ठ विकास एवं आवास व्यवस्था में सुधार करना इस प्रकार की सुरक्षा के अतंर्गत आता है।

सन् 1942 में अपनी सामाजिक सुरक्षा की योजना को प्रस्तुत करते समय बेवरिज ने कहा था कि सामाजिक व आर्थिक पुनर्निमाण के मार्ग पर ये पांच दानव सबसे प्रमुख बाधाएं है। अतः

ऐसा संगठन जो इन पांच दानवों पर आक्रमण करने के उद्वेश्य से आयोजित किया जाए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला संगठन कहलाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन :– सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो कि समाज उपयुक्त संगठन द्वारा अपने सदस्यों के जीवन में आने वाले विभिन्न संकटों में प्रदान करता है। सुरक्षा एक मानसिक स्थिति है तथा एक वास्तविक व्यवस्था भी है। सुरक्षा प्राप्त होने से आशय यह है कि मनुष्य को इस बात का विश्वास हो जाए कि आवश्यकता पड़ने पर उसे निश्चित सुरक्षा प्राप्त होगी।

आई.एल.ओ. के मतानुसार सामाजिक सुरक्षा एक मानसिक तथा भौतिक दोनों ही प्रकार की अवधारणा है।

न्युजीलैंड की सामाजिक सुरक्षा पद्धति –न्युजीलैड में इसबात पर बल दिया गया है कि ''सभी नागरिकों के लिए कठिनाईयां होते हुए भी एक न्युनतम जीवन स्तर सुलभ किया जाए तथा उसके स्वास्थ की रक्षा की जाए।

मरिस स्टेक – सामाजिक सुरक्षा से तात्पर्य समाज द्वारा प्रदान की गई उस सुरक्षा से है जो कि आधुनिक जीवन में उत्पन्न होने वाली आकस्मिक विपित्तियों जैसे– बीमारी, बेकारी, वृद्धावस्था, औद्योगिक दुर्घटनाओं तथा अपंगता के विरुद्ध प्रदान की जाती हैं क्योंकि स्वय को तथा अपने परिवार को अपनी क्षमता या दूरदर्शिता के आधार पर रक्षा करने की आशा एक व्यक्ति से नहीं की जा सकती।

संक्षेप में सामाजिक सुरक्षा किसी देश के नागरिकों का वह मानवीय अधिकार है जिसके परिणामस्वरुप प्रत्यैक व्यक्ति को सामाजिक जोखिमों तथा अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं से सुरक्षा प्राप्त होती है।

विशेषताएं :

सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न परिभाषाओं के अध्ययन से इसकी निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएं प्रकट होती हैः–

1. सामाजिक सुरक्षा समाज के लोगों के द्वारा समाज के लोगों की असुरक्षा हेतु किया जाने वाला सामूहिक प्रयास है।
2. समाज के लोगों द्वारा यह प्रयास किसी संस्था या संगठन या सरकारके माध्यम से किया जा सकता है। सामान्यतः सभी देशों में सरकार के माध्यम से ही सामाजिक सुरक्षा के कार्य किए जाते है।
3. सामाजिक सुरक्षा समाज के लोगों की कुछ विशेष जोखिमों, आपत्तियों या दुर्घटनाओं के विरुद्ध सुरक्षा है।
4. सामाजिक सुरक्षा समाज के उन लोगों को प्रदान की जाती है जो स्वयं अपने निजी साधनों अथवा अपने साथियों के सहयोग से भी जोखिमों का सामना करने असमर्थ होते है।
5. सामाजिक सुरक्षा की विचारधारा सामाजिक न्याय तथा मानवीय प्रतिष्ठा के सिद्धान्त पर आधारित है।
6. सामाजिक सुरक्षा कोई दान नहीं है। बल्कि श्रमिकों द्वारा समाज की गई या की जाने वाली सेवाओं के बदले प्रतिफल है।
7. सामाजिक सुरक्षा का उद्वेश्य आपत्तियों या दुर्घटनाओं की स्थिति में भी एक न्यूनतम जीवन स्तर उपलब्ध कराना है।
8. वर्तमान युग में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार का महत्वपूर्ण दायित्व है।
9. सामाजिक सुरक्षा का उद्वेश्य आपत्तियों या दुर्घटनाओं की स्थिति में भी एक न्यूनतम जीवन स्तर उपलब्ध कराना है।
10. सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम एक विसतृत कार्यक्रम है जिसमें सामजिक सहायता सामाजिक बीमा सम्मिलित है।

सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता और महत्व

सामाजिक सुरक्षा आधुनिक औद्योगिक युग की आवश्यकता बन गई हैं। वर्तमान औद्योगिक युग की आवश्यकता बन गई है। वर्तमान औद्योगिकी युग में संयुक्त परिवार प्रथा के टूट जाने पारिवारिक इकाईयों के छोटा हो जाने, ओद्योगिक बीमारियों तथा दुर्घटनाओं के बढ़ते जाने से सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई ही जा रही है। गरीबी, अज्ञानता, बीमारी, अभाव आदि की बढ़ती हुई समस्यां ने समाज के अल्प साधनों वालें लोगों को झकझोर दिया है। ऐसे में अल्प साधनों वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिए उपाय करना प्रत्यैक

देश की कल्याणकारी सरकार तथा समृद्ध समाज का उत्तरदायित्व हो जाता है।

जी.डी.एच. कोल के शब्दों में ''समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली सरकार का अपने समस्त नागरिकों के लिए न्युनतम जीवन स्तर उपलब्ध करने का उत्तरदायित्व है।

भारत जैसे अनेक राष्टों में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का महत्व ओर भी अधिक है। महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि ''जनता की आंखों से आंसू पोंछने के लिए भारत में सामाजिक सुरक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है।'' वास्तव में भारत जैसे विकासशील राष्ट में जहां श्रमिकों का जीवन स्तर अत्यंत निम्न है। बैरोजगारी की विकाराल समस्या है प्रति व्यक्ति आय अत्यंत कम है, वहां सामाजिक सुरक्षा की बहुत अधिक आवश्यकता है। जब श्रमिक अपने सामान्य दैनिक जीवन में ही न्युनतम जीवन स्तर को बनाए रखने में कठिनाई अनुभव करते हें तों संकटों एवं दुर्घटनाओं के समय सामान्य जीवन स्तर बनाए रखने की बात तो सोची ही नहीं जा सकती है। अतः श्रमिकों को संकटकालीन अवस्थाओं में आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध करना अनिवार्य हो जाता है। प्रो. बी. पी. अदारकर ने इस संबंध में ठीक ही कहा है कि ''आपकों भारत में सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता को जानने के लिए बहुत अधिक प्रयास नहीं करना पड़ेगा। भारत की दरिद्रतापूर्ण दशा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पुकार–पुकार कर मांग कर रही है।

सामाजिक सुरक्षा को सरकार एवं सेवा योजकों का दायित्व तथा श्रमिक का अधिकार समझा जाने लगा है। मानव अधिकारों के घोषणा पत्र में इस बात को स्वीकार करते हुए यह लिखा गया है कि समाज के सदस्य के रुप में प्रत्यैक व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकारी है। वह राष्टीय एवं अन्तर्राष्टीय सहयोग से अपनी गरिमा के अनुकूल तथा व्यक्तित्व के स्वतंत्र विकास के लिए यह सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकारी है।

सामाजिक सुरक्षा का महत्व

सामाजिक सुरक्षा अन्य कई दृष्टिकोणों से भी आवश्यक है। इसका महत्व दिन प्रतिदिन अनेक कारणों से बढ़ता जा रहा है। हम संक्षेप में निम्न कुछ बिंदुओं में इसके महत्व को स्पष्ट कर रहे है।

1. कल्याणकारी सरकार के दायित्व की पूर्तिः– आधुनिक युग में प्रत्येक देश की कल्याणकारी सरकार का यह दायित्व है कि वह अपने देश के नागरिकों को सामजिक सुरक्षा प्रदान करे। देश में संपन्नता एवं विपन्नता की खायी को भरना प्रत्यैक कल्याणकारी सरकार का उत्तरदायित्व होता है। समाज के अल्प साधनों वालें लोगों को संकटों से बचाना ऐसी सरकार का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। अन्तर्राष्टीय श्रम संगठन ने लिखा है कि यह प्रत्यैक राज्य सरकार का कर्त्तव्य है कि वह समाज के प्रत्यैक सदस्य को उचित सामाजिक स्तर की गारण्टी दे। वास्तव में यह आधुनिक राज्य का मूल कर्त्तव्य एवं आवश्यक कार्य है। अतः सरकार को अपने इस दायित्व की पूर्ति करने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का संचालन करना चाहिए।
2. जीवन में स्थिरता– सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लोगों के जीवन में स्थिरता लाती है। ये संकटों एवं तनावों से मुक्ति प्रदान करती है। राष्टोय श्रम आयोग ने लिखा है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आधुनिक जीवन के कष्टों एवं तनावों में स्थिरता एवं सुरक्षा प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं श्रमिकों को दुर्घटनाओं, बीमारियों वृद्वावस्था आश्रितों के भविष्य की चिंताओं से मुक्त करती है जिससे लोगां को स्थिरता एवं शांति का जीवन जीने का अवसर मिलता है।
3. आकस्मिक संकटों में राहत प्रदान करनाः– सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता का एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि ये श्रमिक/कर्मचारियों को आकस्मिक संकटों की दशा में राहत पहुंचाती है। श्रमिक के जीवन में ऐसे कई आकस्मिक संकट आ जाते हैं जैसे औद्योगिक दुर्घटनाओं, बीमारी आदि। ऐसे समय में उसकी आय का स्त्रोत बंद हो जाता है। और वह तथा उसके परिवार के सदस्य आर्थिक संकट में पड़ जाते है। किंतु सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के

द्वारा उसे ऐसे संकटों के समय राहत पहुंचाई जा सकतो है।

4. वृद्धावस्था की चिंता से मुक्त करनाः– सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता वृद्धावस्था की चिंताओं से मुक्त करने के लिए भी होती है। वृद्धावस्था में कार्य करने की श्शक्ति क्षीण हो जाती है। अतः उसकी आय कम या बिल्कुल समाप्त हो सकती है। ऐसे समय में उसे अपने जीवन के निर्वाह के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है। पेंशन, राज्य बीमा, ग्रेच्युटी आदि की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के द्वारा वृद्धावस्था में कर्मचारियों श्रमिकों की सहायता की जा सकती है।
5. स्वास्थ की रक्षा के लिएः– सामाजिक सुरक्षा श्रमिकों/कर्मचारियों के स्वास्थ की रक्षा क लिए भी महत्वपूर्ण है। श्रमिकों को कई सामान्य बीमारियां हो सकती है। इन बीमारियों से छुटकारा दिलाने तथा स्वास्थ की रक्षा करने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का संचालन किया जाता है। महिला श्रमिकों की प्रसुति काल में स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की बहुत अधिक आवश्यकता होती है। भारत में कर्मचारी राज्य बीमा अधिकनियम के अंतर्गत पुरुष एवं महिला श्रमिकों/कर्मचारियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अनेक व्यवस्थाएं की गई है। मातृत्व लाभ अधिकनियम महिला श्रमिकों को प्रसुतिकाल में आराम देने के लिए बनाया गया है।
6. बेरोजगारी से सुरक्षाः– सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बेरोजगार व्यक्तियों के लिए भी आवश्यक है। कुछ व्यक्तियों को प्रारंभ से ही कोई कार्य नहीं मिलता है। कुछ व्यक्ति जो पहले रोजगार में थे, किंतु कारखानों में छटनी करने या जबरन छुट्टी के कारण अब बेकार हा जाते हो सकते है। बेरोजगारी भत्ते की व्यवस्था करके उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त छंटनी तथा जबरन छुट्टी के समय कुछ मजदूरी का भुगतान करके भी उन्हैं सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस प्रकार सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं बेरोजगार व्यक्तियों को भी सुरक्षा प्रदान करती है।
7. आश्रितों की सुरक्षाः– सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का महत्व इसलिए भी है। कि ये श्रमिकों/कर्मचारियों के आश्रितों को सुरक्षित रखती है। यदि किसी कर्मचारी/श्रमिक की अकाल मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रितों का जीवन अनिश्चित हो सकता है। उनक जीवन में कुछ स्थायत्वि लाने के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं बहुत बड़ी सीमा तक सहायता कर सकती है। सामाजिक बीमा, अन्य बीमा योजनाओं के द्वारा कर्मचारियों/ श्रमिकों के आश्रितों को सुरक्षा प्रदान कह जा सकती है। भारत में मृत्यु राहत कोष की भी स्थापना की गई है। जिससे से श्रमिकों की मृत्यु की दशा में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जमा संबंध बीमा योजना के अंतर्गत भी श्रमिकों के आश्रितों को सुरक्षा प्रदान की जाती है।
8. सामाजिक बुराईयों से सुरक्षा :– सामाजिक सुरक्षा कार्यकम से अनेक सामाजिक बुराईयों को दूर किया जा सकता है। तथा इनसे श्रमिकों को सुरक्षित किया जा सकता है। अत्यधिक निर्धनता से समाज में वेश्यावृति भिक्षावृति चोरी, डकेती जैसी बुराइयों का जन्म होता है। समाज के लोगों को पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके उन्हें इन बुराईयों से बचाया जा सकता है।
9. कुशल श्रमिकों की निरंतर उपलब्धिः– भारत के भूतपूर्व राष्टपति वी.वी. गिरि ने लिखा है कि ''सामाजिक सुरक्षा के अभाव में स्थायी एवं कुशल श्रमिकों का बड़ा महत्व है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के द्वारा सभी कर्मचारियों/श्रमिकों को संस्था के प्रति स्थायी रुप से आकर्षित किया जा सकता है।
10. सुदृढ़ श्रम संबंधों का निर्माण :– सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के कियान्वयन से संस्था में अच्छे सुदृढ़ श्रम संबंधों का निर्माण किया जा सकता है। संस्था के कर्मचारी जब सुरक्षित अनुभव करते है। तथा उन्हें संकट के समय सुरक्षा प्रदान की जाती है तो वे

संस्था को अपनत्व के भाव से देखते हैं। परिणामस्वरुप श्रमिकों एवं सेवायोजकों के बीच अच्छे संबंधों का निर्माण होता है।

11. औद्योगिक शांति :– सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा ग्रेच्युटी राज्य बीमा पेंशन आदि को लागू करके अनावश्यक श्रम विवादों को रोका जा सकता है। इसस देश में औद्योगिक श्शांति बनी रहती है।
12. कार्यकुशलता में वृद्धि :– वी. वी. गिरी के अनुसार ''सामाजिक सुरक्षा के कार्य श्रमिकों को अधिक कुशल बनाने में योगदान देते है। जीवन में आने वाले संकटों से निश्चिन्त हो जाने पर सभी अपने कार्य को मन लगाकर कर सकते है। इससे उनकी कार्यकुशलता में वद्धि होती है।

राष्टीय श्रम आयोग ने लिखा है कि ''सामाजिक सुरक्षा विकास के लिए प्रेरणा है तथा श्रमिकों की कार्यकुशलता में सुधार की प्रकिया में भय को समाप्त करने की आशा प्रदान करती है।

सामाजिक सुरक्षा का क्षेत्र

सामाजिक सुरक्षा की अवधारणा अत्यंत विस्तृत है। इसमें वे सभी प्रकार के कार्य सम्मिलित किए जाते है। जिनके द्वारा समाज के लोगों को आकस्मिक दुर्घटनाओं या संकटों से सुरक्षा प्रदान की जाती है। सामान्यतः सामाजिक सुरक्षा में दो महत्वपूर्ण कार्य सम्मिलित किए जाते है –

अ. सामाजिक सहायता तथा

ब. सामाजिक बीमा।

अ. सामाजिक सहायता

सामाजिक सहायता वह सहायता है जो सरकार द्वारा अपने साधनों में से अभावग्रस्त व्यक्तियों या अल्पसाधनों वाले व्यक्तियों को न्युनतम जीवन स्तर बनाए रखने के लिए उपलब्ध की जाती है। सरकार यह सहायता कोई दान–स्वरुप नही देती है बल्कि इसे प्राप्त करना लोगों का अधिकार होता है। सामाजिक सहायता का अधिकार बनने के लिए किसी भी व्यक्ति को अपना अंशदान भी नहीं करना पड़ता है बल्कि सरकार ही अपने कोष से यह सहायता उपलब्ध करती है। सरकार इस प्रकार की सहायता देने के लिए सामान्य बजट मं व्यवस्था करती है। जिसे करों या अन्य आय से प्राप्त किया जाता है।

राष्ट्रीय श्रम आयोग ने सामाजिक सहायता की परिभाषा देते हुए लिखा है कि ''सामाजिक सहायता न्युनतम जीवन स्तर के लिए अधिकारपूर्वक लाभ प्रदान करती है तथा कार्यरोपड़ द्वारा इस योजना की वित्त व्यवस्था की जाती है। भारत में सामाजिक सहायता की अनेक योजनाएं हैं, यथा मृत्यु सहायता कोष' 'वृद्धावस्था पेंशन योजना आदि। इन सब योजनाओं से कर्मचारियों को सहायता उपलब्ध हो सकती है, किंतु कर्मचारियों को कुछ भी देना नहीं पड़ता।

सामाजिक सहायता की विशेषताए

सामाजिक सहायता की कुछ प्रमुख विशषताएं निम्नानुसार है

1. सामाजिक सहायता कार्यकम सरकार द्वारा संचालित कार्यकम होता है।
2. इस कार्यकम के माध्यम से सरकार आर्थिक रुप से कमजोर या आर्थिक संकटों से घिरे हुए व्यक्तियों को राहत प्रदान करने अथवा उनकों संकट से मुक्ति दिलाने का प्रयास करती है।
3. इस सहायता के प्राप्त करने वाले को कोई अंशदान नही देना पड़ता है।
4. इस सहायता का उद्वेश्य लोगों के न्युनतम जीवन स्तर के अधिकार को सुनिश्चित करना है।
5. सामाजिक सहायता का उद्वेश्य लोगों के न्युनतम जीवन स्तर अधिकार को सुनिश्चत करना है।

ब. सामाजिक बीमा

सामाजिक बीमा वह व्यवस्था है जिसमें श्रमिकों, सेवायोजकों तथा सरकार सहयोग से बेरोजगारी, बीमारी दुर्घटनाओं मृत्यु आदि अनेक जोखिमों का बीमा करवाया जाता है ताकि उन जोखिमों में भी उसका तथा उसके परिवार का जीवन स्तर बनाये रखा जा सकता है।

सर विलियम बेवरिज के अनुसार अंशदान के बदले व्यक्तियों को अधिकार के रुप में निर्वाह

स्तर तक सुविधाएं देना ही सामाजिक बीमा है ताकि वे निश्चित होकर जीवन यापन कर सकें।

राष्ट्रीय श्रम आयोग ने सामाजिक बीमा की परिभाषा करते हुए लिखा है कि ''सामाजिक बीमा वह योजना है जो अल्प आय वर्ग के लोंगों को अधिकारपूर्वक वह राशि लाभ के रुप में प्रदान करती है जो बीमित, सेवायोजक तथा सरकार के अंशदान से एकत्रित होती है।

इस प्रकार स्पष्ट हो जाता हे कि सामाजिक बीमा एक ऐसी युक्ति है जिसके द्वारा बीमित की बेराजगारी बीमारी या आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय जीवन स्तर को बनाए रखने के उद्वेश्य से एक सामान्य कोष में से सुविधाएं प्रदान की जाती है। यह सामान्य कोष श्रमिकों, सेवायों तथा सरकार के त्रिपक्षीय अंशदान से बनाया जाता है। सामाजिक बीमा में अनेक प्रकार के बीमा सम्मिलित होत है। जैसे बीमारी बीमा मृत्यु बीमा, असमर्थता/अयोग्यता बीमा, बेरोजगारी बीमा, वृद्धावस्था बीमा आदि। हमारे देश में बेरोजगारी बीमा को छोड़कर सभी प्रकार की सामजिक बीमा योजनाएं चलाई जा रही है।

सामाजिक बीमा की विशेषताएं

सामाजिक बीमा की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार है

1. सामाजिक बीमा अंशदान देकर करवाया जाता है।
2. यह अंशदान सामान्यतः सेवायोजक कर्मगचारियों तथा सरकार तीनों ही पक्षकारों द्वारा दिया जाता है।

प्रतिदर्श सदस्यों की विशेषताएं

प्रस्तुत शोध अध्ययन के अंतर्गत सर्वेक्षण हेतु प्रतिदर्श के रुप में कुल मिलाकर 4210 सदस्यों का चयन किया गया। सदस्यों का पदकम के या श्रेणी अनुसार विवरण अग्रांकित सारणी एवं आगामी पृष्ट में रेखाचित्र में प्रस्तुत हैः–

सारणी कंमांक 1

प्रतिदर्श सदस्यों का पदश्रेणी के अनुसार

क्र.	श्रेणी	संख्या	प्रतिशत
1.	प्रथम श्रेणी	00	00
2.	द्वितीय श्रेणी	309	7.5
3.	तृतीय श्रेणी	3901	92.5
	योग	4210	100

स्त्रोतः– सर्वेक्षण द्वारा संगृहित प्राथमिक समंक

व्यक्तिगत सर्वेक्षण एवं साक्षात्कार में यह पाया गया है कि प्रस्तुत शोध क्षेत्र के अंतर्गत स्थापति संगठनों के कर्मचारी जो क. रा. बी. योजना के सदस्य है ओर जिन्हें प्रतिदर्श रुप में चयनित किया गया उनमें सर्वाधिक संख्या चतुर्थ एवं तुतीय श्रेणी कामगार है जो कुल मिलाकर प्रतिदर्श सदस्यों का 92.5 प्रतिशत है। द्वितीय श्रेणी कर्मचारियों की संख्या 309 है जो कुल मिलाकर प्रतिदर्श सदस्यों का 7.5 प्रतिशत है जबकि प्रथम श्रेणी कर्मचारी इन योजनाओं के सदस्य नहीं पाये गये।

प्रतिदर्श सदस्यों का विभाजन कार्यविधि के अनुसार भी किया गया हैं। कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखकर प्रतिदर्श सदस्यों को निम्नानुसार विभाजित किया गया है।

1. निर्माण या उत्पादन के आधार पर
2. व्यापार या कय विकय के आधार पर एवं
3. सेवाकार्य के रुप में।

सारणी कं 2

प्रतिदर्श सदस्यों का कार्यविधि अनुसार विवरण

क्र.	कार्यविधि	संख्या	पतिशत
1.	निमार्ण/उत्पादन	1781	42.3
2.	व्यापार विपणन	1419	33.7
3.	सेवा क्षेत्र शिक्षा सहित	1010	24.0
	योग	4210	100

स्त्रोतः– सर्वेक्षण द्वारा संगृहित प्राथमिक समंक

उपरोक्त सारणी एवं अग्र रेखाचित्र में कार्यविधि अनुसार चयनित प्रतिदर्श सदस्यों की संख्या प्रस्तुत है। स्पष्ट है कि चयनित सदस्यों में से 1781 सदस्य अर्थात 42.3 प्रतिशत निर्माण

उद्योग से संबंधित है जबकि व्यापारिक कियाओं ओर सेवा कार्यों में संलग्न प्रतिष्ठानों के सदस्य कमशः 33.7 प्रतिशत एवं 24 प्रतिशत है। निष्कर्ष सर्वाधिक प्रतिशत सदस्य निर्माण कियाओं में संलग्न है जबकि सबसे कम सदस्य व्यापारिक कियाओं के पश्चात सेवा क्षेत्र में संलग्न प्रतिष्ठानों के कर्मचारी है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :

1. प्रो. ज्ञानेन्द्र उपाध्याय – व्यवसाय, समाज और सरकार – रमेश बुक डिपो, जयपुर – 2002
2. प्रो. जे. के. अग्रवाल– शोध प्रणाली एवं सांख्यिकी विधियां – रमेश बुक डिपो, जयपुर –2002
3. प्रो. जे. के. अग्रवाल– शोध प्रणाली एवं सांख्यिकी प्रविधियां – रमेश बुक डिपो, जयपुर –2002
4. डॉ. जी.डी. शर्मा, के.के. शर्मा व जी.सी. सुराणा – मानव संसाधन प्रबंध – रमेश बंक डिपो, जयपुर – 2003
5. डॉ. जी.डी. शर्मा, व जी.सी. सुराणा – सेवावर्गीय प्रबंध – रमेश बंक डिपो, जयपुर – 2003
6. डॉ. आर. एस.त्रिवेदी एवं डॉ. डी. पी. शुक्ला – रिसर्च मैथडोलॉजी – साहित्य भवन पब्लि. एण्ड डिस्ट्री. आगरा– 2001

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

अपराध प्रवृति का बालक

श्रीमति शशि झरोलिया
Asst. Pro. Nes Education Collage Jabalpur

प्रस्तावना :–किशोरावस्था में जो बालक एवं बालिकाएं समाज या राज्य के सामान्य नियमों की अवहेलना करते हैं तथा कानूनों को तोड़ते हैं वे किशोर अपराध प्रवृति बालक–बालिकाएं कहे जाते हैं। किशोर के असामाजिक कार्य इतने गंभीर होते हैं कि उन्हें न्यायालयों से दण्ड मिलता हैं। प्रारंभिक अवस्था में जो समस्यामूलक बालक होते है। बड़े होने पर वे अपराधी बालक हो जाते है।

प्रत्येक बालक को अपने परिवार ओर समाज के अनुरुप व्यहार करना पड़ता है। उसके नैतिक गुण सामाजिक व्यवहार ओर आदर्श समाज ओर परिवार के अनुरुप विकसित होते हैं। जब कभी बालक परिवार और आदर्श समाज ओर परिवार के अनुरुप विकसित होते है। जब कभी बालक परिवार और समाज के सिद्धान्तों से विपरीत व्यवहार करता है। तबवह समस्यात्मक बालक माना जाता है। और जबवह समाज के मानदण्डों क विपरीत कार्य करने लगता है तब वह अपराधी कहा जाता है।

बालक में अपराध प्रवृति के बढ़नें के संबंध में शिक्षाविद् ओर मनोवैज्ञानिक चिन्हित रहते है। वे उन कारणों का अध्ययन कर जिस कारण बालक में अपराध प्रवृति बड़ती है। उसके सुधार के लिए कार्यकम आयोजित करते है।

मनोवैज्ञानिकों के मतानुसार – अपराधी बालक वे होते हैं जो असामाजिक कार्यों में लिप्त रहते हैं और समाज के लिए खतरा उत्पन्न करते हैं। संभवत उनका यह असामाजिक व्यवहार उनके आनन्द के लिए हो या उनकी आत्म संतुष्टि के लिए परंतु नुकसान समाज को उठाना पड़ता है। जैसे– जनता की सामग्री को नुकसान पहुंचाना, तोड़–फोड़ करना, चोरी करना, सेक्स संबंधी अपराध आदि।

विद्वानों ने किशोर अपराधी की निम्नलिखित परिभाषाएं दी हैं:–

न्यु मेयरः– ''एक किशोर अपराधी कम आयु वाला वह व्यक्ति हैं जो समाज विरोधी कार्य करने का दोषी है, और जिसका दुराचरण कानून का उल्लंघन है।''

अपराध प्रवृति का बालक

हीली :– ''जो बालक समाज द्वारा स्वीकृत आचरण नहीं करता, वह अपराधी बालक कहलाता है।''

गुडः– ''कोई बालक, जिसका व्यवहार सामान्य सामाजिक व्यवहार से इतना भिन्न हो जाये कि उसे समाज विरोधी कहा जा सके, बाल अपराधी है।''

किशोर अपराध के उदाहरण

1. चोरी करना।
2. दूसरों से मार पीट कर उन्हें शारीरिक आघात पहुंचाना।
3. निर्बलों को शारीरिक एवं मानसिक कष्ट पहुंचाना।
4. तोड़फोड़ करना, सार्वजनिक वस्तुओं को हानि पहुंचाना।
5. सामाजिक ओर राज्य के नियमों का उल्लंघन करना।
6. अपराधियों ओर राज्य के नियमों का उल्लंघन करना।
7. आवारागर्दी, छेड़छाड़ आदि करना।
8. जुआ, शराब, सट्टा, जेबकटी आदि कार्य करना।
9. संस्थानों के नियमों का उल्लंघन कर अनुशासनहीन कार्य करना।
10. यौन संबंधी कार्य– सम या विषम लिंगीय वालों के साथ जबरदस्ती मैथुन जैसे व्यभिचार के कार्य करना।

किशोर अपराध प्रवृति बालक के लक्षण

1. शरीर गठा और हष्ठपुष्ट होता है।
2. साहसी और निडर होता है।

3. क्रूर, इर्ष्यालु ओर नीच स्वभाव का होता है।
4. संवेगों की स्थिरता नहीं रहती।
5. मंद बुद्धि का होता है।
6. विनाशकारी या ध्वंसात्मक कार्यों में आगे रहता है।
7. अपराधों की योजना बनाने में कुशल होता है।
8. मानसिक कार्य जैसे– लिखना, पढ़ना या चित्त की एकाग्रता में असफल रहता है।
9. जिद्दी ओर स्वार्थी होता है।
10. यौन संबंधी कार्यों में अधिक रुचि रखता है।

अपराधी प्रवृति के कारण

1. अनुवांशिक कारण :– लोम्ब्रोसो का मत है कि कुछ बालक जन्म से ही अपराधी मनोवृति का होना है। इसका कारण उनके माता पिता का अपराधी मनोवृति का होना है। अपराधी माता पिता की संतान अपराधी स्वभाव की होते हैं। बर्ट, ग्लूएक ओर अन्य मनोवैज्ञानिकों का मत है कि मंद बुद्धि के माता पिता की संतान मंद बुद्धि की होती है ओर मंद बुद्धि के कारण वे शीघ्र अपराधी मनोवृति के हो जाते है। इसी प्रकार अस्थिर संवेगों वाले माता पिता की संतान भी अस्थिर संवेगों वाली होती है। अपने एक अध्ययन में व्याभिचार में लिप्त माता पिता की संतानों में भी व्यभिचार की तीव्र मनोवृति पाई।
2. शारीरिक कारण :– अंग भंग या अन्य शारीरिक न्यूवता दोष के कारण बालक का परिवार ओर समाज में तिरस्कार होता है। इससे उसके आत्म सम्मान को ठेस पहुंचती है। फलस्वरुप उसमें बदला लेने की प्रवृति जागृत हो जाती है। अवसर आने पर वह बदले की भावना से प्रेरित होकर अपराधपूर्ण कार्यों में लग जाता है।
3. परिवारिक कारण :– पारिवारिक कलह, माता पिता के आपसी झगड़े सदैव हतोत्साहित करने वाली बातें बड़ो का उपेक्षापूर्ण व्यवहार, दूसरों से तुलना कर नीचा दिखाने की भावना मानसिक ओर शारीरिक इच्छाओं की पूर्ति न होना, तथा अभाव में पला बालक अपराधी मनोवृति का हो जाता है।

कोल महादय का कथन है कि जिस परिवार में बालकों को स्नेह, सहानुभूति और प्रोत्साहन नहीं मिलता जहां सदैव असुरक्षा और भय का पर्यावरण बना रहता है, ऐसे परिवार के बालकों में अपराध की मनोवृति विकसित हो जाती है। बर्ट का मत है कि अधिक रुढ़िवादी, सख्त अनुशासन प्रिय ओर बालक बालिकाओं को जरा भी स्वतंत्रता न देने वाले माता पिता की संताने अपराध मनोवृति वाली हो जाती है।

लेमाक ने अपने अध्ययन में पाया कि बड़े परिवार मे से एक या दो बालक अपराध मनोवृति के हो जाते हैं। इसी प्रकार माता पिता का निम्न श्रेणी का व्यवसाय भी बालक बालिकाओं में अपराधी मनोवृति विकसित करने का कारण होता है।

ऐलिस ने अशिक्षित माता पिता की संतानो को अपराधी मनोवृति वाला पाया।

4. व्यक्तिगत अनुभव :– कुछ बालकों को समाज में अच्छे ओर बुरे व्यक्तिगत अनुभव होते है जैसे – बीड़ी, सिगरेट, शराब के पीने का प्रारंभिक अनुभव बड़ा सुखद होता है। साथियो की प्रेरणा और प्रोत्साहन से शोक बढ़ता जाता है। प्रारंभ में चोरी, जुआं सट्टा ओर लिंगीय कार्यों में बड़ा आनन्द आता है। धीरे धीरे बालकों की आदतें पड़ जाती है। स्वाभाविक रुप से एसी इच्छाएं पूरी करता है। लोम्ब्रोसी ने व्यभिचार के मूल कारणों में प्रारंभिक यौन सुख का अनुभव प्राप्त करना पाया। समाज द्वारा मिले बुरे व्यक्तिगत अनुभव जैसे तिरस्कार, दण्ड, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या, सताया जाना, अभाव आदि का भी बालक के मतिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है। समय आने पर वह बदले की भावना से निरीह , कमजोर ओर असहाय लोगों को सताता हैं ओर धीरे धीरे अपराधी मनोवृति का हो जाता है।

5. संगति :– बाल अपराधियों की संख्या बढ़ने कर मुख्य कारण उनकी बुरी संगति है। किशोरावस्था में अधिकांश बालक

बालिकाएं घर के बाहर मित्र मण्डली मं स्वच्छदं जीवन व्यतीत करना पसंद करते है। यदि उनके मित्र बुरे आचरण वाले हो तो उसका प्रभाव नय लड़के लड़कियों पर भी पड़ता है। इस आयु में मित्रों का प्रभाव इतना अधिक होता है। कि उन्हैं बड़ों की बात या शिक्षा अच्छी नहीं लगती। समवय समूह में ही बालक बुरे कार्य ओर अपराध करना सीख जाते है। ग्लूएक के एक अध्ययन के अनुसार 500 अपराधी बालकों में से 95 प्रतिशत शराबियों, यौन, अपराधों ओर गुण्डों की संगति में ही अपराध करना सीखते हैं।

6. गंदी बस्तियां :–अधिकांश बाल अपराधी गंदी बस्तियों में रहते है। गंदी बस्तियों में निर्धनों ओर अपराध मनोवृति वाले मनुष्य अधिक रहते हे। वहां का सामाजिक वातावरण वैसा ही होता है। सब स्त्री पुरुष, शराब, जुंआ, जेबकटी, सट्ठा, चोरी, व्यभिचार, मारपीठ हत्याएं आदि में लगे रहते है। ऐसे वातावरण में पलने वाले लड़के– लड़कियां में ये सब दुर्गण बचपन से ही आ जाते है। बड़े होने पर वे अपने बड़ों का अनुकरण करते है। बड़े लोग ही उन्हें बुरे कार्यो का प्रशिक्षण और प्रोत्साहन देते है।

7. मानसिक रोग :–कुछ बालक अविकसित मस्तिष्क तनावों के कारण अपराध करने लगते है। मन्द बुद्धि के कारण अच्छे और बुरे का उन्हें ज्ञान नहीं होता इसलिए वे शीर्घ संवेग खो देते है। और बदला लेने की भावना से अपराध कर बैठते है। कुछ बालकों को सदैव मानसिक तनाव और अन्तर्द्धन्द्व बना रहता है। इस तनाव के कारण उसमें अपराध के कारण उसमें अपराध की मनावृति आ जाती है। कुछ बालकों की इच्छाएं पूरी नहीं होती तो वे निराश हो जाते है। निराश व्यक्ति अपनी अचफलता का बदला अपराध करके लेता है। जैसे असफल छात्र या असफल प्रेमी अपनी असफलता का बदला अध्यापक या सफल प्रेमी या प्रेमिका से लेता है। कुछ बालको में तीव्र आन्तरिक संवेगों के कारण ''अपराध प्रवृत्ति'' विकसित हो जाती है। इस प्रवृत्ति के वशीभूत होकर वे अपराध करते है। उन्हें बिना अपराध किये चैन नहीं पड़ता। अपराध उनका एक साधारण पर आवश्यक दैनिक कार्य हो जाता है।

Reference :

Heck, A.O .–education of Exceptional Children, N.Y. McGraw, 1940.

Kirk S.A. –Education of Exceptional Children, Oxford and IBU Publishing Co. New Delhi, 1970.

Martnese E.H. -Teaching Problems of Gifted Children] Pamphlet No.45,Washington, 1933.

Shankar U. - Problem Children, Atmaram & Sons Delhi, 1990.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Eco-friendly Management of Sootymold Disease on Butea monosperma (Palash) at Jabalpur

Rolli Mishra and A.K. Pandey
Department of Biological Sciences, Rani Durgavati University, Jabalpur (M.P.)

ABSTRACT : Fungal Disease of Buteamonosperma a important medicinal plant clearly indicates that the plant is attacked by many fungi including sootymold disease severe incidence of sootymold was recorded at all the sampling site given in the paper. A total 15 fungi were recorded. Among these Trichoderma viride FCNBM#15 Imposed maximum inhibition to the growth the growth of the all fungi of the sootymold complex. Culture filtrate toxicity of Trichoderma viride FCNBM#15 was found significant on in-vitro growth of sootymold fungi. So Trichoderma viride FCNBM#15 was the most effective antagonist against the test sootymold fungi.

Keywords : Buteamonosperma, Trichoderma viride ,fungi, Culture Filtrate Toxicity

INTRODUCTION : Butea Monosperma, popularly called as Palas is one of the important forest plant of high economic important forest plant of high economic values. It is considered a home of several Gods. More or less all the part of plant is used as medicines, insecticides and for dyes values in tribal areas. These are used for the production of cheap leaf plates and cups for rural feast. Leaves are also used in wrapping of tobacco to makes biddies. The plant is attacked by several fungi disease including sooty mold. The name itself descriptive as sooty mold is a black, powdery coating on commonly given to a condition that is not truly a disease, but a black coating on leaves branches and fruit made up of fungal growth. A black velvety coating made up of fungal growth. A black velvety coating made up of fungal strand is formed on the surface of leaves twigs and fruit. Sooty mold comprises a mixture of many fungi growing on sugary honey dew, secreted by aphids, scales of whitefly and other insects which suck sap from their host plant. They are saprophytic fungus associated only on surface of leaves. it is normally considered to be a cosmetic or aesthetic problem. However, it is reduce the economic values of the leaves and also hampered photosynthetic areas. The disease occur mainly in January, the plant disease impact negatively through economic loss. (Rivera et al., 2002)

MATERIAL & METHOD

(1) Survey & Collection of Plant samples

Thorough systematic and periodical survey Will be at in and around of Jabalpur. Diseased samples of the target plant were collected different location of Jabalpur viz. Dumna, Sitapahadi, Pachpedi, Barela, Vehicle factory, and brought to the laboratory for further processing.

(2) Preservation of Samples

For proper drying, diseased plants samples collected during survey were kept between two sheets of blotting paper and placed on a flat surface and kept pressed with light weight material paper was changed regularly after every 24hrs till complete dryness.

(3) Recovery of the Pathogens and other Non-pathogens

The samples brought from the field were further analysed for the isolation of fungi. For quantitative estimation and comparing the fungal flora of different diseased samples "Pour plate" method were followed (Walksman, 1922; Brierly et al., 1927). Serial dilutions of the samples was prepared. 10gms of each sample was over dried and grinded in vortere mixer. There sample was placed in 125ml Erlenmeyer flask containing 100mlsterile distilled water. The flask containing the suspension was shaken well with the help of rotary shaker (Yorko's) for 30mins. at medium speed and normal temperature. This was kept undisturbed for one hour and then 10ml. of clear

suspension was transferred to another flask containing 90ml of sterile distilled water. It was repeated to obtain further dilutions (Cook, 1954).

Each dilution, 1ml. of suspension was transferred aseptically into pre-sterilized petriplates and approximately 10 - 15ml. of potato - dextrose - agar medium.

(4) Identification of Fungi

The identification was done after studying the morphological and cultural characteristics with the help of manuals, monographs and paper of various workers (Barnett and Hunter, 1972; Ellis, 1971, 1976, Subramanium, 1971; and Sutton, 1980).

(5) Preparation and Maintenance of Culture:

Fungi isolated were aseptically transferred to agar slants and by repeated sub-culturing pure cultures of different isolates were obtained. The stock culture of the micro-organisms were maintained on the PDA slants and stored at a low temperature in the refrigerator. The other slants were kept in the incubator (BOD) at 28 ± 1°C and were routinely transferred into the fresh slants for experimental purposes.

(6) Distribution of Fungi

Study the distribution of fungi isolated earlier from the various samples the percentage frequency and the abundance of various species were detected. Frequency as introducted Raunkier (1934) indicates the number of sampling units in which a given species occurred and thus expresses the distribution or dispersion of various species in a community. From this, percentage frequency is calculated as follows.

$$\text{Percentage frequency} = \frac{\text{Number of sampling units in which the species occurred}}{\text{Total number of units studied}} \times 100$$

$$\text{Percentage abundance} = \frac{\text{Total Number of colonies of a species in all abservations}}{\text{Total number of colonies}} \times 100$$

(7) Culture Filtrate Toxicity

The culture of each isolated strain was inoculated separately in presterilized plate containing medium. After six days, two agar blocks (5mm diameter) of fungi, cut with the help of sterilized cork borer from actively growing cultures were separately transferred into 150ml Erlenmeyer flask containing 50ml autoclaved CDY broth. Each experiment was done in triplicate. Flasks were incubated in KUMAR's BOD incubator for 15 days at 28 ± 2^0C. Each flask was shaken every alternate day to maintain homogenous growth in liquid medium. After incubation, the cultures were filtered through Seitz filter paper to remove all the bacterial and all other contamination.

"Poisoned food technique" suggested by Sharvell, (1956) and Neely, (1971) was followed to test the toxicity of the culture filtrates. Two concentrationi.e. 2ml and 4ml in 20ml of autoclaved, cooled CDYA medium was poured separately into presterilized petriplates. CDYA plate devoid of culture filtrate served as control. Each plate after solidification were inoculated with the test pathogen (5mm disc from seven days old culture) and kept for incubation at 28 ± 2^0C in BOD incubator. The percentage growth inhibition was calculated by Vincent formula as discussed earlier.

Culture filtrate of each antagonist (2ml and 4ml were also added in Erlenmeyer flask containing autoclaved, cooled 50ml CDY broth separately. These flasks were seeded with 5mm agar blocks of test pathogen separated from seven days old cultures grown on PDA medium, CDY broth devoid of culture filtrate served as control. After incubation period of seven days, cultures were filtered through Whatman filter paper no 42 and oven dried at 60°C. Inhibition in dry weight

was calculated.Composition of Ciapek - Dox - Yeast - Extract agar medium

$NaNO_3$	-2.0gm.
K_2HPO_4	-1.0gm.
$MgSO_4 . 7H_2O$	-0.5gm.
HCl	-0.5gm.
Sucrose	-30gm.
Ferrous sulphate	- 0.01gm.
Yeast extract	-1.0gm.
Agar – Agar	-20gm.
Distilled Water	- 1000ml.

RESULT & DISCOUSTION

(a) Distribution of fungi

During survey of the field at in and around of Jabalpur, it was noticed that sootymold and other disease were more prevelant during January to March in Butea monosperma trees. A servere incidence of sootymold was recorded at all the sampling sites. A total of 15 fungi were recorded from six different sampling sites **Table 1** Maximum number of fungi were recorded from the sample collected from Pariyat, which was followed by Dumna. Minimum number of fungi were recorded at the Barela sampling site. It may be due to physiochemical conditions at Pariyat, site was found to be highly conducible for fungal growth and colonization. Aspergillus niger FCNBM#07 showed maximum frequency in all the selected sampling sites. It was followed by A. flavus FCNBM#06, Trichoderma viride FCNBM#15, Absidia corymbifera FCNBM#01.

Many well known sooty mold fungi viz. Capnodendron trichomericolaFCNBM#04, Acremonium persinium FCNBM#02,Alternaria alternate FCNBM#03, Cephalosporium sp. FCNBM#09, and Phoma sp. FCNBM#08 were also frequently-encountered in the samples. Amongst these Alternaria alternata FCNBM#03, Curvularia lunata FCNBM#1l, Fusarium oxysporum FCNBM#12 and Penicillium nigricans FCNBM#14 are well known plant pathogens.Similar observation regarding variation in composition sootymold disease have also been reported by (Cooke, 1976). Occurrence of very high fungal populations in samples might be because of availability of nutrients and required elements.

Culture Filtrate Toxicity

Inhibition of in-vitro growth of sootymold were also determined by Poisoned Food Technique. It is evident from the data decorded in **Table 2** clarly indicate that a varying degree of inhibition in cell-free culture filtrate obtained from fermented of Trichoderma viride FCNBM#15 had significant impact on in-vitro growth of sootymold fungi. It was varied grately with different fungi.

Cell free culture filtrate of T. viride FCNBM#15 imposed maximum inhibition on the growth of Curvularia lunata FCNBM#11 which was followed by Capnodendron trichomericala FCNBM#04 at higher canceatration. Inhibition was also significant incase of Fusarium oxyaporum FCNBM#12, Mucor racemoium FCNBM#13, Phoma sp. FCNBM#08, Aspergillus fumigates FCNBM#05. More or less similar observation were also recorded at lower concentration. Similar obseration have also recorded by many earlier workers. Dennis and Webster (1971a) reported that the extent of growth inhibition depends on the concentration of the culture filtrate used. Production of the anti-fungal metabolite might be the main inhibitory factor in the culture filtrates (Pandey et al., 1993; Chet et al.,1981; Dubey and Dwivedi, 1988). Similar observations also recorded with different fungi studied by them.

Conclusion : On the basis of above observation it can be concluded that the strain i.e. Trichoderma viride FCNBM#15have been very high bio-potential against the sootymold disease of Palash (Butea monosperma). We can be developed for the management of this disease.

Table (i). Distribution of fungi associated with sootymold of Butea monosperm.

S. No	Name of the fungi	No. of fungus	% Growth inhibition Average ± SE	
			C_1	C_2
1	Absidia corymbifera	FCNBM#01	25.24±0.41	40.16±0.24
2	Acremonium persinium	FCNBM#02	20.16±0.12	45.20±0.16
3	Alternaria alternate	FCNBM#03	39.80±0.74	69.93±0.52
4	Capnodendron trichomericola	FCNBM#04	27.23±0.16	53.40±0.57
5	Aspergillus fumigates	FCNBM#05	25.24±0.42	38.24±0.12
6	Aspergillus flavus	FCNBM#06	30.56±0.34	59.40±0.30
7	Aspergillus niger	FCNBM#07	43.29±0.44	71.33±0.67
8	Phoma sp.	FCNBM#08	39.33±0.32	63.86±0.75
9	Cephalosporium sp.	FCNBM#09	24.76±1.18	51.10±0.28
10	Chaetomium globosum	FCNBM#10	50.32±0.40	65.63±0.75
11	Curvularia lunata	FCNBM#11	35.80±0.12	54.66±1.12
12	Fusarium oxysporum	FCNBM#12	39.60±0.25	59.26±0.28
13	Mucor racemoium	FCNBM#13	30.56±0.14	50.32±0.18

Table (ii). Effect of culture filtrate of T. viride FGCCBM#15 on radial growth of sootymold fungi

S. No	Name of the fungi	No. of fungus	Frequency (%)						
			A	B	C	D	E	F	G
1	Absidia corymbifera	FCNBM#01	22.22	30.56	16.67	11.11	05.56	00.00	03.24
2	Acremonium persinium	FCNBM#02	11.11	16.67	00.00	00.00	05.56	00.00	00.00
3	Alternaria alternate	FCNBM#03	25.00	05.56	11.11	00.00	05.56	00.00	07.78
4	Capnodendron trichomericola	FCNBM#04	16.67	05.56	2.78	00.00	11.11	5.56	00.00
5	Aspergillus fumigates	FCNBM#05	77.78	50.00	30.56	27.78	44.44	33.33	58.11
6	Aspergillus flavus	FCNBM#06	68.11	50.00	55.56	00.00	00.00	00.00	22.22
7	Aspergillus niger	FCNBM#07	98.00	93.00	85.11	86.20	81.00	80.00	74.52
8	Phoma sp.	FCNBM#08	33.33	22.22	11.11	27.78	19.56	00.00	03.24
9	Cephalosporium sp.	FCNBM#09	11.11	22.22	00.00	11.11	00.00	05.56	00.00
10	Chaetomium globosum	FCNBM#10	68.11	30.56	00.00	00.00	27.78	05.56	00.00
11	Curvularia lunata	FCNBM#11	80.56	16.67	11.11	27.78	33.33	16.67	13.89
12	Fusarium oxysporum	FCNBM#12	72.22	63.89	36.11	44.44	33.33	02.78	30.56
13	Mucor racemoium	FCNBM#13	33.33	19.44	05.56	00.00	00.00	00.00	03.24
14	Penicillium nigricans	FCNBM#14	38.89	11.11	00.00	16.67	00.00	00.00	00.00
15	Trichoderma viride	FCNBM#15	22.22	11.11	05.56	02.78	05.56	11.11	05.56

A. Pariyat E. Bhedaghat
B. Pariyat E. Bhedaghat
C. Dumna F. Sitapahadi
D. Kalpi G. Pachpedi
E. Gwarighat

FCNBM.Fungal Culture Number Butea monosperma.

References :

Agrawal, G.P. and Hasija, S.K. (1986). Micro-organism in the laboratory in: A laboratory guide for mycology, microbiology and plant pathology. Print House (India), lukhnow, pp.155

Brierley, W.B., Jewson, S.T. and Brierely, M. (1927). The quantitative Study of soil Fungi. Proc. and Papers, 1st Intnl.Congo of Soil Science, **3**:48.

Barnett, H.L. and Hunter, B.B. (1972).Illustrated Genera of Imperfect fungi.Burgess Publishing Co. pp. 241.

Cook, W.B. (1954). Fungi in polluted water and sewage III.Fungi in a small polluted stream.Sewage Industrial Wastes, **26**(6): 790-794.

Ellis, M.B. (1971). Dematiaceous hypomycetes.CAB International Mycological Institute, Kew, England.

Ellis, M.B. (1976). More Dematiaceous hypomycetes.CAB International Mycological Institute, Kew, England.

Ellis, M.B. (1976). More Dematiaceous hypomycetes.CAB International Mycological Institute, Kew, England.

Subramanian, C.V. (1971). Hyphomycetes.Indian Counc. Agric. Res., Publications, New Delhi.

Sutton B.C. (1980). The coelomycetes : Fungi Imperfecfi with Pycnidia, Acervuli and Stromata, common wealth. Mycological Institute, New Surry, England.696 pp.

Sharvelle, E.G. and Pelletier (1956).A modified paper disk method of laboratory fugicide bioassay.Phytopath. 46:26

Neely, D. (1971).Deposition and tenacity of foliage protectant fungicides.Plant Dis. Reptr. **55**: 898-902.

Waksman, S.A. (1922). A tentative outline of plant method for determining the number of microorganisms in soil.Soil Sci.**14**: 27-28.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में बहुजन समाज पार्टी का दृष्टिकोण

सुभाष कुमार सोनी
शोध छात्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

भारत जो कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उनमें पांच प्रमुख दलों में बहुजन समाज पार्टी एक है। बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा है बहुजन समाज का सामाजिक रूपान्तरण या आर्थिक निस्तारण बहुजन समाज के मुख्य अंग अनुसूचित जाति/जनजाति पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक हैं जिसे सिक्ख बौद्ध पारसी मुस्लिम आदि जो कि भारत की जनसंख्या का 85 प्रतिशत है। इन वर्गो के लोग मनुवादी प्रथा के शिकार हैं। इस प्रथा ने इन वर्गो के जीवन को प्रभावित किया है। अन्य शब्दों मे ये वर्ग के लोग मानव अधिकार से वंचित हैं। जो कि हिन्दुओं की उच्च जाति वर्ग को प्राप्त है जो कि प्राचीन भारतीय मनुवादी प्रथा का हिस्सा है। वे सभी महापुरूष बहुजन समाज से संबंध रखते हैं इस मनुवादी प्रथा का विरोध करते हुये साहसिक लड़ाई लड़ी यह प्रथा अमानवीय एवं पशुवृत थी जो कि निम्न वर्ग पर थोपी जा रही थी इन महापुरूषों न मनुवादी प्रथा को हटाने के साथ निम्न वर्गो को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कि जो सम्मान अभी तक उच्च वर्ग को प्राप्त था।

बाबा भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक राजनीतिक जागरूकता लाने के लिये आंदोलन चलाया जो कि प्रभावशाली सिद्ध हुआ इस संबधं मे अनेक महापुरूषों ने प्रयास किये जिनमें मुख्य थे छत्रपति साहू जी महाराज नारायण गुरू पेरियार ई.वी. रामास्वामी महात्मा ज्योतिवा फुले इन्होंने मनुवादी प्रथा के विरोध मे आवाज उठाई इस संघर्ष मे बाबा भीमराव अंबेडकर तथा माननीय कांशीराम ने जो आंदोलन खड़ा किया उसका परिणाम दूरगामी हुआ। मनुवादी सामाजिक प्रथा के विरूद्ध कांशीराम जी ने जो आवाज उठाई वह सिर्फ अनुसूचित जाति जनजाति के लिये ही नहीं बल्कि समाज के सभी पिछड़े वर्ग के लिये जो इस मनुवादी प्रथा से प्रताणित थे इस कारण माननीय कांशीराम ने बहुजन समाज की अवधारणा स्थापित की । उनकी तीव्र इच्छा थी कि बहुजन समाज उन सामाजिक क्रियाओं और अधिकारों का लाभ उठा सके जो कि हमारे संविधान मे निहित हैं और एक ऐसा प्लेटफार्म स्थापित हो जो उन्हें राजनीतिक गतिविधियों मे भी जागरूक बनाये और यही बहुजन समाज पार्टी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य था। केन्द्र एवं राज्य में बहुजन समाज के लोगों को उचित स्थान प्राप्त हो तथा संविधान मे उल्लिखित अधिकारों को प्राप्त कर समाज मे सम्मान से जी सकें यही बसपा का उद्देश्य है। सिर्फ एक ऐसी सरकार जो बहुजन समाज द्वारा स्थापित हो वही भारत मे बहुजन समाज के लोगों को उनके अधिकार प्रदान कर सकती हैं तथा बहुजन समाज के लोगों को आत्म सम्मान से जीने के लिये प्रेरित करती है।

बहुजन समाज को बनाने मे बहुजन समाज पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है बहुजन समाज की राजनीति तथा नीतियों पर विस्तार से जानकारी देना जरूरी है जिस से बहुजन समाज राजनीतिक क्षेत्र मे सही फैसला ले सके यह नीतियां ही बहुजन समाज को उपर उठा सकती है तथा इसी से देश का विकास संभव है।

बहुजन समाज की राजनीति जिस तेज गति से और तीव्रता के साथ आगे बढ़नी चाहिये थी उस तेज गति से आगे नही बढ़ रही ह। जब की आबादी के हिसाब से बहुजन समाज का देश की राजनीति मे वर्चस्व होना चाहिये था लेकिन बी.एस.पी.की स्थापना से पहले बाबा साहेब डा0 अंबेडकर के देहान्त के बाद लम्बे अर्से तक इन लोगों को इनकी इस ताकत का एहसास कराने वाला सही राजनीतिक नेतृत्व न मिलने के कारण ये लोग राजनीतिक क्षेत्र में बहुत पीछे रह गये और मुठठी भर आबादी रखने वाले मनुवादी समाज के लोग काफी आगे बढ़ गये हालांकि इसका मूल कारण इस देश की मनुवादी व्यवस्था ही है जिसने साम दाम दण्ड भेद के आधार पर अपने मनुवादी समाज को सदैव राजनीतिक क्षेत्र मे आगे रखा है और राजनीतिक सत्ता की मास्टर चाबी के माध्यम से अपने समाज के हितों के लिये ही कार्य किया है तथा बहुजन समाज की हर क्षेत्र मे उपेक्षा की हैं।

इस मनुवादी व्यवस्था ने समुचे बहुजन समाज को शूद्र वर्ण मे शामिल करके एक सोची

समझी राजनीतिक साजिश के तहत इनको जिंदगी के हर पहलू में जीने मरने के हर मामले में गुलाम व लाचार बनाकर रखा है और इनके लिये ऐसे नियम बनाकर इस बहुजन समाज पर थोप दिये गये हैं कि ये लोग कभी भी अपने पैरों पर खड़े ही न हो सकें।

इसके तहत ही मनुवादियों के बुजुर्गो ने सबसे खतरनाक नियम बनाया है कि उन्होंने जाति वाद वर्ण व्यवस्था के आधार पर बहुजन समाज में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को कई हजार जातियों में बाट कर इनमें छोटे बड़े की खाई पैदा करके इन्हें विभाजित कर दिया है। अर्थात इन्हे बहुजन समाज से अल्पजन बना दिया है। जिससे यह लोग कदापि न तो अपना सिर उठा सकें और न ही इस देश की राजनीति करने के बारे मे सोच भी सकें इसके लिये उन्होने समय समय पर किसी न किसी रूप मे सामाजिक आधार का ही सहारा लिया है जिसको बहुजन मे जन्मे अनेक महापुरूषों ने गम्भीरता से लिया है। बहुजन समाज की राजनीति को कामयाब बनाने के लिये यहां के सामाजिक दृष्टिकोण को ही ध्यान मे ही रखकर बहुजन समाज को तैयार करना जरूरी समझा अन्यथा यह समाज राजनीतिक क्षेत्र में कभी भी सफलता हासिल नहीं कर सकता है इस कार्य के लिये महात्मा ज्योतिवा फुले छत्रपति साहु जी महाराज बाबा डॉ. अंबेडकर नारायण गुरू व पेरियार रामास्वामी का सराहनीय व उल्लेखनीय योगदान रहा है।

इन महापुरूषों में से सर्वप्रथम क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिवा फुले थे जिनमें मनुवादी कट्टर पंथियों से लोहा लेने का अद्भुत साहस व उत्साह था। अविश्रान्त परिश्रम करने की शक्ति थी ओर अपने कार्यो के प्रति लगन व निष्ठा थी समाज के दलित पतित पीड़ित व शोषित वर्गों के लिए उनके हृदय में अपार करूणा थी और मानवता के प्रति हार्दिक प्रेम ऐसे प्रथम महापुरूष समाज सुधारक महात्मा ज्योतिवा फुले का जन्म 20 फरवरी 1827 को महाराष्ट्र एक माली परिवार में हुआ जिसको मनुवादी लोग उस समय शूद्र जाति मानते थे जो आज की पिछड़ी जाति मे से एक है।

महाराष्ट्र मे नारी शिक्षा आंदोलन अस्पृश्यता निवारक आंदोलन किसान मजदूर आंदोलन और ब्राहाणेत्तर आंदोलन इन सब के सर्वप्रथम संचालक महात्मा ज्योतिवा फुले थे यह समतावादी महात्मा ज्योतिवा फुले 28 नवम्बर 1890 मे चल बसे। बाबा साहेब डा अंबेडकर ने भी महात्मा ज्योतिवा फुले को अपनी पुस्तक शूद्र कौन थे अर्पण करके अपनी श्रद्वांजली अर्पित की है। महात्मा ज्योतिवा फुले का जीवन बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के लिये प्रेरणा दायक रहा है।

बड़ोदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ जो कि कुर्मी जाति (अन्य पिछड़ा वर्ग) के थे उन्होंने डॉ. अंबेडकर की प्रतिभा को जानकर उन्हें अमेरिका मे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये हर प्रकार से सहयोग दिया जो कि उस काल मे मनुवादी व्यवस्था के लिये चुनौति थी इसी कुर्मी जाति में 26 जुलाई 1874 को जन्मे कोल्हापुर रियासत के नरेश छत्रपति शिवाजी के वंशज छत्रपति साहू जी महाराज का सत्ता मे रहकर समतावादी समाज के निर्माण मे अद्वितीय योगदान रहा है।

साथ ही आनेवाले समय में बहुजन समाज की सरकारों को चलाने के लिये अनुकरणीय रास्ता आज से लगभग पहले ही बना दिया गया था उस समय ब्राम्हणों का मुकाबला करना कोई आसान काम नहीं था। ब्राम्हण पण्डे पुजारियों एंव पुरूहितों के भाव इतने उंचे थे कि इन लोगों ने नदी स्नान करते समय एंव राज्य अभिषेख के समय साहू जी महाराज को शूद्र घोषित कर दिया था। यही नहीं बल्कि सवर्ण राजाओं के मध्य उन्हे अपमानित भी किया गया परन्तु साहू जी महाराज कभी विचलित नहीं हुये और सत्ता के सामने मनुवादी लोगों को झुकना ही पड़ा।

छत्रपति साहू जी महाराज भारत के प्रथम शासक थे जिन्हांने सत्ता के माध्यम से सामाजिक न्याय एंव समतावादी समाज की नींव डाली अपने राज्य मे कानूनन दलितों पिछड़ो के लिये सन् 1902 में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया छत्रपति साहू जी की प्रबल आकांक्षा थी की कथित शूद्र एंव पिछड़ी जातियों को शासन व्यवसाय एंव स्थानीय निकायों मे अधिक से अधिक हिस्सा मिले और जिसका एक मात्र साधन है उस वर्ग के लिये नौकरियों एंव शिक्षा संस्थाओं मे आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिये उनका यह भी कहना था कि सामाजिक सुधारोंके पहले राजनीतिक अधिकार दिये जायें और राजनीतिक आजादी का उपयोग समाज के दलितों एव शोषितो के उद्धार मे करें।

छत्रपति साहू जी महाराज ने भ्रष्टाचारी शंकराचार्यो की सम्पत्ति जप्त करके उनके स्थान पर दलित वर्ग के प्रशासको की नियुक्ति की, साथ ही मठों मंदिरो घाटों धर्मो तीर्थ स्थानों से पंडित पुजारी एंव पुरोहितों का आरक्षण समाप्त कर उनके स्थान पर शिक्षा दिलाकर पिछड़े तथा दलित वर्ग के पुजारियों की नियुक्ति की। अपने राज्यभवन मे कोई ब्राम्हण पुरोहित नही रखा इसके विरोध में ब्राम्हण अधिकारियों एंव कर्मचारियों ने सामुहिक इस्तीफे दे दिये साहू जी ने इन सब के इस्तीफे मंजूर कर उनके स्थान पर पिछड़े दलित एंव मुसलमानों को भर्ती कर लिया मुसलमानों के लिये भी पाठशालाएं छात्रावास खोले शाहपुरी मे मस्जिद निर्माण के लिये प्रचुर मात्रा मे धन दिया । दलित वर्ग से जबरिया मजदूरी करने पर रोक लगा दी जोगियों देवदासियों एंव शूद्रो की अबैध संतानों के लिये सम्पत्ति का उत्तराधिकारी लागू किया उसी दौरान हिन्दू धर्म की पैदा की हुई कठिनाईयां अन्याय अत्याचारों अमानवीय व्यवहार की कठोर यादों तथा पीड़ाओं का बोझ लिये 14 अप्रेल सन 1891 को जन्मे बाबा साहेब अपने शैक्षणिक जीवन मे महाराजा बड़ोदा की सहायता तथा उनकी भावनाओं को मूर्त रूप देकर शिक्षा क्षेत्र मे ब्राम्हणों की मस्तिष्क विशिष्टता को रौंदते हुये अमेरिका मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सन 1916 में भारत लौटे उस समय अछूतों के हित संरक्षक छत्रपति साहू जी महाराज जब दलितों एंव पिछड़ों के लिये मान और सम्मान के आदोलन का कारवां तेजी से आगे बढ़ा रहे थे तभी उनकी भेंट विलक्षण प्रतिभा के धनी नवयुवक भीमराव अंबेडकर से हुई।

महात्मा ज्योतिवा फुले की सामाजिक क्रान्ति से प्रभावित युवा भीमराव अंबेडकर की शिक्षा एंव ज्ञान प्राप्त करने की लगन से साहू जी महाराज बहुत ही प्रभावित हुये तथा यह अनुमान करके कि यह युवक पढ़ लिख कर सामाजिक क्रान्ति के कारवां को अवश्य ही आगे बढ़ायेगा इसी उद्देश्य से भीमराव अंबेडकर की प्रतिभा को निखारने के लिये साहू जी ने अधिक से अधिक आर्थिक सहायता देकर उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये लंदन भेजा। यही नहीं बल्कि दुखियों की आवाज बुलंद करने के लिये भीमराव अंबेडकर को साहित्य प्रकाशन के लिये वांछित धनराशि भी दी। सन् 1920 में मानगांव की विशाल सभा में साहू जी महाराज ने भीमराव अंबेडकर का हाथ उठाते हुये कहा था कि आपने अंबेडकर के रूप मे अपना संरक्षक पा लिया है भीमराव अंबेडकर ने फरवरी 1921 मे लंदन से एक पत्र साहू जी महाराज के लिये लिखा था कि मुझे व्यक्तिगत ऐश्वर्य की कोई कामना नहीं है मैं चाहता हूं कि आपके संरक्षण में और अधिक जनसेवा योग्य बन सकूं परन्तु कुछ समय के बाद साहू जी महाराज की मृत्यु हो गई और मृत्यु की खबर सुनते ही शोक विहवल होकर डॉ अंबेडकर ने लंदन से ही इनकी मृत्यु पर शोक संवेदना मे यह लिखा था कि मेरा महान उपकारी संरक्षक एंव दलितो का मसीहा चला गया है।

लेकिन उनकी मृत्यु के लगभग दो साल पूर्व बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की देख रेख मे सन् 1920 मे नागपुर में अखिल भारतीय बहिष्कृत परिषद की सभा हुई जिसकी अध्यक्षता साहू जी महाराज कर रहे थे उसमे साहू जी ने यह कहा था कि अछुतों की उन्नति मे बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति का चाहे वह अछूत समाज का ही हो उसका तीव्र विरोध करना चाहिये और अछूतों को अपनी उन्नति के लिये अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिये।

इस प्रकार महात्मा ज्योतिवा फुले व छत्रपति साहू जी महाराज ने अपने अपने तरीके से मनुवाद के खिलाफ जबरदस्त संघर्ष किया और बहुजन समाज को मनुवाद के बारे में जागरूक बनाकर उसके खिलाफ संघर्ष करने के लिये उन्हे काफी हद तक तैयार भी किया परन्तु बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के ऊपर तो इन दोनों सामाजिक क्रान्ति के मसीहाओं का पूरा प्रभाव उनकी विचारधारा पर समाहित हो गया था जिसके कारण वे हिन्दू समाज मे प्रचलित मनुवाद के घोर विरोधक थे हिन्दू समाज के वैदिक काल से लेकर आज तक के इतिहास के आधार पर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर मनुवाद के विरोधक बने हुये थे परन्तु यह सत्य है कि महाराष्ट्र के विशिष्ट इतिहास ने तथा मनुवाद के फलस्वरूप जीवन के अपमान जनक अनुभवों ने डॉ. अंबेडकर के मनुवाद विरोधी विचारों मे उग्रता तथा तीक्ष्णता पैदा की थी और इसके लिये बाबा साहेब अंबेडकर को कतई दोष नहीं दिया जा सकता है।

इसके अलावा उन्होंने मनुवाद के खिलाफ संघर्ष करने के साथ साथ बहुजन समाज का

स्वाभिमान की जिंदगी बसर करने के लिये कानूनी अधिकार भी दिलवाये ऐसे महान पुरूष बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के बारे मे जितना भी लिखा जाये महसूस किया जाये उतना ही कम होगा। अनुभव बताता है कि सवर्ण कुल में पैदा होने वाले समाज सुधारक ने केवल उदारता दिखाई है परन्तु वे समाज मे समतावादी सिद्धांत को कायम करने मे असफल रहे हैं क्योंकि उनमें समाज को विशाक्त करने वाले हिन्दुओं के धार्मिक ग्रंथों एवं मनुस्मृति को जलाने का साहस नहीं था इस संदर्भ में मनुवाद के कट्टर विरोधी माने जाने वाले और मनुवादियों को मुहतोड़ जबाव देने वाले महापुरूष पेरियार रामास्वामी ने भी जिनका जन्म 17 सितम्बर सन् 1879 को हुआ था उन्होने सन् 1922 में कांग्रेस अधिवेशन में यह कहा था कि सर्वप्रथम समाज सुधारकों को मनुस्मृति और रामायण को जलाने के लिये तैयार होना चाहिये ।

सवर्ण वर्ग के लोग समाज सुधारक इसलिए बने क्योकि उन्होंने अपनी बहन–बेटियों का बाल–विधवा बनना अपनी विधवा माताओ का तिरस्कार, निरादर,अपमान पति के मरने के बाद बाल मुड़वाना उनके पति के साथ जलना जबरन जलाना उन्हें अभागिन कुल कलंकनी कहना उन्हे शिक्षा व सम्पत्ति के अधिकार से शूद्रो की भॉति वंचित करना आदि देखा। इन कुरीतियों से उनके स्वयं के परिवार प्रभावित एवं ग्रसित थे जो उनकी व्यक्तिगत एवं पारिवारिक समस्यायें थी जिनको दूर करना मानवता की दृष्टि से भी आवश्यक था।परन्तु आज के सवर्ण लोग अपने को सम्पूर्ण समाज का समाज सुधारक बताकर चतुर्थ वर्ण दलित तथा पिछड़ी जाति को भ्रमित कर उनसे वोट प्राप्त करने व उनका सम्मान पाने का असफल प्रयास करते रहते हैं उन्हे बहुजन समाज के जयचन्द्र एवं विभीषण अधिक दिन तक नही बचा पायेंगे क्योकि वे भी अपनी क्षणिक सुविधा के लिए डूबती हुई नाव में बैठे हैं। इसके अतिरिक्त बाबा साहेब डॉ0 अम्वेडकर को जब भारतीय संविधान बनाने का मौका मिला तो तब उन्होंने बहुजन समाज के हितों का पूरा–पूरा ध्यान रखा। हालॉकि यह मौका उन्हे कोई आसानी से नहीं मिला था इसके लिए उन्हें मनुवादियों से काफी बड़ा और कड़ा संघर्ष करना पड़ा था।इसमे कोई संदेह नहीं है कि बाबा साहेब डॉ0अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के तहत कमजोर तबके के लोगों को जो कानूनी हक और अधिकार दिलाये हैं उन्हें दिलाने के लिए इनको कांग्रेस व मनुवादियों से कदम–कदम पर काफी संघर्ष करना पड़ा था। उदाहरण के तौर पर ब्रिटिश पार्लियामेंट के निर्णयानुसार स्वतंत्र भारत ने अपना संविधान बनान का जब निर्णय किया था तो उस समय कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पूरे देश में यह पूरी–पूरी कोशिश की थी कि बाबा साहेब डॉ0अम्बेडकर किसी भी तरह भारतीय संविधान को बनाने में सम्मिलित न हो सके। इस संविधान को बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन हुआ जिसके सदस्यो का चुनाव विभिन्न प्रान्तों की विधान सभाओं द्वारा चुने गये सदस्यों में से होना था। भारत में उस समय बंगाल,पंजाब और सीमा प्रान्तों को छोड़कर सभी प्रान्तो में कांग्रेस का शासन था इनमें अछूतो के भी सदस्य थे किन्तु उनका तन व मन मनुवादी कांगस के कब्जे में था। बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर बहुत दुःखी थे और दुःखी हो कर जब वे दिल्ली से बम्बई जा रहे थे तो बंबई जाने से पूर्व वे कलकत्ता गये थे। कलकत्ता में गरीब तबके के लोग बाबा साहेब अम्बेडकर से मिले और उन्होने अपने हित में उन्हे संविधान सभा मं जाने के लिए अपील की।

तब बाबा साहेब डॉ0अम्बेडकर ने अपनी मुश्किलो को लोगो के सामने रखा। इसके बाद बाबा साहेब अम्बेडकर की मुश्किलो को ध्यान में रखते हुए बंगाल में मुस्लिम लीग के सहयोग से सन् 1946 में बंगाली अछूत सदस्यों ने जयसोर और खुलना की सीट से उन्हे चुनकर भेजने का निर्णय लिया। बाबा साहेब अम्बेडकर को हराने के हराने के लिए कांग्रेस के महारथियो ने हर प्रकार का प्रयास किया था ताकि वे चुनकर संविधान सभा में न पहुॅच सकें किन्तु सदा की भॉति इस बार भी कांग्रेसियों के हथकण्डे फेल हो गये और बाबा साहेब डॉ0 अम्वेडकर संविधान सभा में चुनकर चले गये। बाबा साहेब डॉ0अम्बेडकर की इस विजय से एक बार फिर अछूतो का सितारा चमका। बंगाल की विधानसभा ने यह जो सराहनीय कार्य किया इससे पूरे देश के बहुजन समाज के लोग उनके कृतज्ञ रहेंगे। अगर बाबा साहेब अम्बेडकर भारतीय सविधान सभा में न होते तो इस देश का संविधान दूसरा ही होता उसमे भी मनुवाद का ही हर प्रकार से बोलबाला दिखाई देता। इस संविधान सभा में बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर के साथ–साथ बंगाल के मूल निवासी श्री जोगेन्द्रनाथ मण्डल जो अछूत (चण्डाल)

समाज से ताल्लुक रखत थे भी बंगाल से चुनकर गये थे । अंग्रेजो की शर्तो से मजबूर होकर कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर को पूना बैरिस्टर जयकर की सीट खाली कराकर 9 जुलाई 1947 को भारत की संविधान सथा के लिए चुनकर भेजा। इसके बाद देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनकी काबिलियत के सामने झुककर उनसे (बाबा साहेबडॉ0अम्बेडकर से) यह पूछा क्या आप स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री बनना स्वीकार करेंगे? बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर ने अपने समाज के हित को ध्यान में रखकर इस नयी जिम्मेदारी को स्वीकार कर लिया। कांग्रेस के मंत्रिमंडल में बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर के प्रवेश करने पर उनके अनुयायियों में गहरी चिन्ता पैदा हो गयी। इस चिन्ता को दूर करते हुए बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर ने सिद्धार्थ कालेज मुंबई में अपने अनुयायियों को सितम्बर 1947 में कहा था की समुद्र में जब भी तूफान आता है तब जहाज का कप्तान जहाज के सवारियों को बचाने के लिए जहाज को सुरक्षित स्थान में ले जाता है लंगर डालकर समुद्र में शान्ति होने की प्रतीक्षा करता है जब तूफान दूर चला जाता है तब कप्तान जहाज को लेकर फिर चल पड़ता है आज मनुवादियों अर्थात कांग्रेसियो के हाथों सत्ता आ जाने से कमजोर तबको के भविष्य का सितारा बादलों से घिरा हुआ है कमजोर तबकों के समस्या रूपी जहाज को मनुवादियो की कुटिलतापूर्ण चालो से बचने के लिए मैं कांग्रेस मंत्रीमण्डल में शामिल हुआ हूँ। जैसे ही वह तूफान शांत होगा मैं इस मंत्रीमण्डल से अलग हो जाऊंगा। इसलिए कोई भी कमजोर तबके का आदमी जो मेरे नेतृत्व में विश्वास करते हैं कांग्रेस में शामिल न हों और मेरे आदेशों की शांति से प्रतिक्षा करें । इस बारे में डॉ0 अम्बेडकर ने लखनऊ में भी 17 अप्रैल 1948 को अखिल भारतीय शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन के अधिवेशन में बोलते हुए कहा था जैसे पत्थर पानी की गहराई में पड़ा रहने पर भी सड़ता या गलता नहीं है उसी तरह मैं भी चाहे कांग्रेस के मंत्रीमण्डल में रंहू या किसी और पार्टी कें मंत्री मंण्डल में अपने उद्देश्य से कभी विचलित नही हो सकता पत्थर की भांती सदा ही में सुदृढ रहूंगा।

उन्होंने अपने अनुयायियों से कहा आप लोग भी अपने आचरण को पत्थर जैसा बनाये ताकि मनुवादियों की चालें उससे टक्कर खा कर नेस्तानाबूद हो जाये बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर ने विश्वास दिलाया मैं कांग्रेस मंत्री मण्डल में देश और पिछडे वर्गो की भलाई करने के लिए शामिल हुआ हूँ मैं कांग्रेस का चार आने वाला सदस्य भी नही बना हूँ। कांग्रेस संस्था और केन्द्रीय मंत्रीमण्डल यें दोनो विभिन्न संस्थाये है कांग्रेस एक जलता हुआ घर है उसमें आग लग चुकी है इसलिए जलते घर में पवेश करने का कोई साहस न करे, परन्तु इससे पहले 15 अगस्त 1947 को जब पाकिस्तान और भारत दोनों स्वतंत्र हुए तो 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान का मसविदा बनाने के लिए एक समिति बनी जिनके अध्यक्ष बाबा साहेब अम्बेडकर बनाये गये थे। इस समिति में कहने को तो 6 सदस्य थे किन्तु एक की मृत्यु हो गई थी दूसरे अमेरिका चले गये थे तीसरे सियासी कामो में उलझे हुये थे दो सदस्य दिल्ली से दूर रहते थे इसलिए संविधान लिखने का सारा काम बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर को अकेले ही करना पड़ा। बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान का मसविदा तैयार करके 4 नवम्बर 1948 को संविधान निर्माण सभा मे पेश कर दिया सदस्यों ने उनकी विद्वता और परिश्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की किन्तु संविधान सभा के सदस्यों को छोड़कर मनुवादियों द्वारा लगभग कई महिनों तक आलोचना होती रही तब बाबा साहेब डॉ अंबेडकर ने उस पर एक लम्बा वक्त दिया जिसका सारांश इस पकार है। अध्यक्ष महोदय एंव सदस्यों मैं संविधान सभा मे केवल इस भावना से आया था कि मैं अछूत वर्ग के हितों की रक्षा कर सकूं मुझे नहीं मालूम था यहां मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौपी जायेगी जब मैं संविधान की मसविदा कमेटी मैं नियुक्त किया गया तो मुझे आश्चर्य हुआ और मसविदा समिति ने जब मुझे अपना अध्यक्ष चुना तो मेरे हृदय में धक्का लगा मैं असमंजस मे पड़ गया कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी मुझ पर क्यों डाली जा रही है। फिर मुझे हर्ष भी हुआ कि मुझे अपने देश की सेवा करने का यह अवसर मिल रहा है। महानुभावो संविधान कितना ही अच्छा हो यदि उस पर अमल करने वाले अच्छे न हां तो उससे जनहित न होगा और यदि अमल करने वाले अच्छे हों बुरा विधान भी हितकारी हो सकता है। यह नहीं कहा जा सकता है कि इस संविधान मे अमल करने वाले कैसे होगें 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू करके देश स्वतंत्र होगा किसी समय यह देश स्वतंत्र था

परन्तु अपने ही लोगों के विश्वास घात से हम स्वतंत्रता से वंचित हुये क्या इतिहास अपने को दोहरायेगा इस विचार से मेरा मन चिंतित है। क्या भारत की जनता अपने मत मजहब या स्वार्थ की अपेक्षा देश को अधिक महत्व देगी। मेरी भावना है अपने रक्त की अंतिम बूंद तक देकर हमे अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिये यदि हम लोकतंत्र को सुदृढ करना चाहते हैं तो हमं अपने सामाजिक और आर्थिक लक्ष्य वैध – मार्ग से प्राप्त करने चाहिये हिन्सात्मक और कूटनीतिक उपायों से नहीं इस देश में जितनी भक्ति जितनी वीर पूजा आर जितना अंधविश्वास है उतना किसी अन्य देश में नहीं है। धर्म में भक्ति तथा वीर पूजा मुक्ति का साधन भले ही हो सकती है परन्तु राजनीति में भक्ति तथा वीर पूजा अधोगति में ले जाने वाला अधिनायकवाद हो जाता है। स्वतंत्रता, समता और बन्धुत्वभाव के आधार पर अधिष्ठित सामाजिक जीवन ही लोकतंत्र कहलाता है। स्वतंत्रता तो हमें मिली किन्तु भारत में समता का अभाव है यहॉ के सामाजिक और आर्थिक जीवन में विषमता का बोलबाला है। इस विषमता को शीघ्र मिटा देना होगा अन्यथा बड़े परिश्रम से निर्मित हुआ यह लोकतंत्र का मंदिर मिट्टी में मिल जायेगा। हम एक राष्ट्र हैं ऐसा मानना आत्मवंचना है। हजारों जातियों में बॅटे हुए लोग एक राष्ट्र कैसे हो सकते हैं। यह जातियॉ और वर्ण राष्ट्र–विरोध इन बाधाओं पर विजय पाने से ही हम एक राष्ट्र हो सकेंगे जिस संविधान में जनता के लिए जनता का और जनता द्वारा तत्व निहित किये हैं वह दीर्घकाल तक बना रहे यदि हम ऐसा चाहते हैं तो हमें सामने उपस्थित संकटो को समझने और उन्हें दूर करने में देर नहीं करना चाहिए। देश की सच्ची सेवा का यही मार्ग है। बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर के इस सुन्दर अमृतोपम प्रवचन की सभी ने प्रशंसा की दूसरे दिन संविधान सभा में मसविदा बिल पास किया गया सभा के अध्यक्ष डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जो बाद में भारत के पहले राष्ट्रपति बने ने बाबा साहब डॉ0 अंबेडकर की योग्यता निष्ठा और उत्साह की प्रशंसा की लोगों ने बाबा साहेब डा0 अंबेडकर को आधुनिक मनु और 20 सदी का स्मृतिकार कहा। कैसा आश्चर्य मनु स्मृति को जलाने वाला अछूतों का नेता स्वतंत्र भारत का स्मृतिकार बन गया बाबा साहेब डा0अबेंडकर के इस कार्य से प्रसन्न होकर मुम्बई के शेडयूल्स फेडरेशन ने सोने के आवरण में संविधान की एक प्रति बाबा साहेब को भेंट करके उनका सम्मान किया और इसके कुछ समय बाद अमेरिका की कोलम्बिया यूनिर्वसिटी ने भी 5 जून 1952 को संसार के सर्वोत्तम संविधान के निर्माता बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर को एल0एल0डी0 की डिग्री देकर सम्मानित किया।

इस प्रकार बाबा साहेब डा0 अंबेडकर ने अपने जीवन में जो उतार चढाव देखे इनमें सबकी सीख लेकर इन्होने राजनीतिक सत्ता का एहसास किया और राजनीतिक सत्ता के बारे में इन्होंने ये कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिस चाबी के माध्यम से हर प्रकार के ताले खोले जा सकते है। अर्थात यदि बहुजन समाज के लोग अपने आप को तयार करके राजनीतिक सत्ता रूपी मास्टर चाबी अपने हाथों में ले लेते हैं तो फिर ये लोग जिंदगी के हर पहलू में आगे बढ़ने के लिये हर प्रकार के स्वयं खोल सकते है इन सब महामानवो के उद्देश्यों ने बहुजन समाज के उत्थान के लिये अथक प्रयास किये जिससे आज बहुजन समाज पार्टी देश मे पूरी शक्ति से खडी है। इसको गिराना आज किसी के लिये भी असम्भव है। दलितों को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिये इनके युग पुरूषों ने जो आंदोलन चलाये उनको ध्यान में रखकर ही बसपा का निर्माण किया ये आंदोलन उनकी नीतियों में जीवित हैं।

बहुजन समाज के सामाजिक आर्थिक विकास के लिये राजनीतिक शक्ति का होना आवाश्यक है। इसलिये एक दल का गठन आवश्यक था जो सिर्फ बहुजन समाज के लोगों द्वारा चलाये जाये 15 दिसम्बर 2001 को माननीय कांशीराम जी ने लक्ष्मण मेला ग्राउण्ड लखनऊ में एक सभा में बहुजन समाज को सम्बोधित करते हुये कु0 मायावती जी को पार्टी का उपाध्यक्ष तथा पार्टी का राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित किया यह कार्य माननीय कांशीराम जी ने तब किया जब उनका शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ रहा था।

15 सितम्बर 2003 को माननीय कांशीराम जी के स्वास्थ्य मे अचानक गिरावट आ गई जिससे दल की सारी जिम्मेदारियां बहन सुश्री मायावती के कंधो पर आ पड़ी और 18 सितम्बर 2003 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते कु0 मायावती ने एक सम्बोधन में सबको सुनिश्चित किया कि मेरे जीवन काल में मै चाहूंगी की

बहुजन समाज के लोग न सिर्फ सामाजिक आर्थिक प्रगति करें बल्कि वे सभी गरीब लोग जो कि हिन्दू समाज की उच्च जाति से सम्बंध रखते हैं छोटे किसान व्यापारी और वे लोग छोटे और मसाले व्यवसाय मे संलग्न हैं विकास करें । परंतु मनुवादी विचारधारा के लोग जो कि बहुजन समाज हिंदु समाज के दबे कुचले लोगों के विरूद्व षडयंत्र रच रहे हैं जिससे वे उन्नति न कर पायें बहुजन समाज पार्टी की छवि को धूमिल करने के प्रयास में भी ये मनुवादी लोग संलग्न हैं परंतु इन सब आधारों पर हम यह कह सकते हैं कि यह झूठ आधारहीन तथ्यो का पुलिंदा है।

बहुजन समाज पार्टी का मुख्य उद्देश्य नीतियां और विचारधारा स्पष्ट और साफ है। वह है सम्पूर्ण राष्ट्र वृहद जनसंख्या का कल्याण बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा के अनुसार मनुवादी विचारधारा जो वर्ण आधारित है को समाप्त करना होगा बहुजन समाज पार्टी का उद्देश्य कठोर एंव ईमानदार मानवीय सामाजिक प्रथा की स्थापना करना है जो कि आधारित है सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक न्याय एंव समानता में जो कि भारत के संविधान की प्रस्तावना मे निहित है। बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर के विचारो से प्रभावित होकर माननीय कांशीराम जी ने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना 14 अप्रेल 1984 को की ।

बहुजन समाज पार्टी की स्थापना के बाद से वह लगातार अपना जनाधार बढ़ाने मे सफल रही आज बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने तथा बहुजन ने अपने उत्थान के लिये ब0स0पा0 को सभी राजनीतिक दल की अग्रिम पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया है। बहुजन समाज ने आज समाज में प्रतिष्ठित स्थान बना लिया अछूत की भावना समाप्त होने लगी है। दलित वर्ग अपने उपर होने वाले अत्याचार व शोषण के विरूद्व अब संघर्ष के लिये तैयार है। उनके उपर शोषण न हो इसके लिये अनेक कानून भी हैं। दलितों के उत्कर्ष के पीछे बहुजन समाज पार्टी का हाथ है। जिसने भारतीय राजनीति मे प्रवेश कर एक नए राजनीतिक समीकरण का सूत्रपात किया है। बसपा के कारण बहुजन समाज राजनीतिक क्षेत्र के साथ शैक्षणिक प्रगति भी कर रहा है इस शैक्षणिक प्रगति के कारण यह वर्ग उन्नति की ओर उन्मुख है बहुजन समाज पार्टी की नीतियो ने भारतीय जनता के सभी वगा मे अपना स्थान बना कर रखा है बहुजन समाज इन नीतियों से विकास कर सकती है साथ ही पूरा देश भी विकास के पद पर अग्रसर हो सकता है शोषित दलितों ही नही बल्कि गरीबों को ध्यान मे रखकर बसपा की नीतियां बनी हुई है। पार्टी के संविधान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक आर्थिक क्षेत्र मे क्रांन्तिकारी परिवर्तन लाना है। इसका उद्देश्य है न्याय स्वतत्रता समानता भाईचारा और यही हमारे भारत के संविधान का मुख्य अंग है बहुजन समाज पार्टी के अनुसार यही संपूर्ण राष्ट्र और सभी श्रेणी के उत्थान के लिये अतिआवश्यक है वे सभी लोग जो मनुवादी विचारधारा के हैं वे बहुजन समाज और बहुजन समाज पार्टी के साथ हाथ मिलाते हैं तो यह अपनत्व सम्मान और प्रसन्नता की बात होगी उन सभी लोगों को पार्टी मे उचित पद दिया जायेगा। ये पद उनकी क्षमता एंव समर्पण के आधार पर निश्चित किये जायेंगे और उनके तथा बहुजन समाज के मध्य अंतर नही किया जायेगा उन्हें पार्टी में उचित स्थान देने के अतिरिक्त सरकार निर्माण और राज्यसभा और लोकसभा में भी भागीदारी दी जाएगी ये सारी बाते केवल खोखली नहीं है। परन्तु पूर्व की बहुजन समाज पार्टी सरकार के द्वारा अपने वादों को निभाया भी गया है। उत्तर प्रदेश मे मायावती जी के नेतृत्व मे चार बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी है और उसमे उच्च जातिवर्ग के लोगो को भी उचित स्थान प्राप्त हुआ है यही नही एक उच्च जाति के व्यक्ति को महाअधिवक्ता जैसा उच्च पद भी प्रदान किया गया है उन्हें लोकसभा तथा राज्यसभा और विधान परिषद तथा विधानसभा के चुनाव मे नामित भी किया बहुजन समाज पार्टी केवल दलितों की पार्टी नही बल्कि सम्पूर्ण समाज की पार्टी है। उसने केवल एक क्षेत्र के बारे मे नहीं सोचा बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के उत्थान एंव विकास के लिये कार्य किया है।

बहुजन समाज पाटी की नीतियां तथा कांग्रेस कोई अमूल्य परिवर्तन वादी पार्टी नही है। कांग्रेस को क्रांतिकारी संगठन होने का गौरव तो प्राप्त है निश्चित ही कांग्रेस को यह गौरव उस आंदोलन ने दिलाया है जो उसने कभी छेड़ा था कि हम पूर्ण स्वराज लेंगे अंग्रेजों के खिलाफ सिविल नाफरमानी करेगें और लगान नहीं देंगे लेकिन लोग यह भूल जाते है कि यह जरूरी नही कि कोई क्रांतिकारी पार्टी आमूल परिवर्तन पार्टी भी हो कोई क्रांतिकारी पार्टी अमूल

परिवर्तन वादी पार्टी भी है या नहीं निश्चय ही यह उन सामाजिक तथा भावनात्मक वास्तविकताओं पर निर्भर करता ह जो कांति की प्रेरणा देती है।

सामाजिक तथा आर्थिक पुनः निर्माण के अमूल परिवर्तनवादी कार्यकम के बिना अस्पृश्य दलित कभी भी अपनी दशा में सुधार नहीं कर सकते चूंकि कांग्रेस अमूल परिवर्तनवादी नहीं है उस पर विश्वास नही किया जा सकता कि वह ऐसा कोई कार्यकम हाथ मे लेगी अस्पृश्यों के लिये ऐसी पार्टी मे शामिल होना बेकार और बेमानी है कांग्रेस उनके लिये कुछ भी नहीं करेगी उल्टे वह पहले की भांति दुरूपयोग करेगी।

कांग्रेस मे शामिल होने से अस्पृश्यों को नुकसान हुये हैं वे केवल नुकसान ही नहीं है बल्कि उन्हे दुष्परिणाम भी सहने पड़े हैं समूची सामाजिक गतिविधि ठप्प हो गई है। समुचे राजनीतिक अधिकार छिन गये हैं। यह कहना पर्याप्त नहीं होगा कि नये संविधान के अधीन अस्पृश्य प्रगति नहीं कर रहे हैं वस्तुतः उन्हें जंजीरो से जकड़ दिया गया है। बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की उक्तियों से यह बात स्वच्छ पानी की तरह स्पष्ट है कि कांग्रेस जैसी मनुवादी पार्टियो से बहुजन समाज का कभी भी भला नही हो सकता है सैकड़ो ऐसे उदाहरण है यह साबित करने के लिये कि कांग्रेस हमेशा से मनुवादी प्रवृत्ती वाली तथा वर्ण व्यवस्था को कायम रखने वाली पार्टी रही है तथा उससे सामाजिक परिवर्तन की उम्मीद करना प्यास बुझाने के लिये रेगिस्तान मे पानी तलाश करने जैसा है। बहुजन समाज के लोग कब तक इस बात का रोना रोते रहेंगे कि सभी पार्टीयां मनुवादी प्रवृत्ती की होने के कारण सामाजिक परिवर्तन की सदा से विरोधी रही है। ये सारी पार्टियां सामाजिक न्याय की बात तो करती हैं ताकि बहुजन समाज को हमेशा की तरह बरगलाये रखा जाये लेकिन सामाजिक परिवर्तन करके समाज मे समानता एंव मानवता लायी जाये इसके लिये प्रयास करना तो दूर इस संबंध मे ये पार्टियां बात तक नहीं करती क्योकि इनकी सोच मे ही खोट हैं युग निर्माता बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की यह बात याद आती है कि मनुवादियों को कोई अधिकार नही है कि वे दलितों का नेतृत्व करें क्योकि वे दलितों का कभी भला नहीं कर सकते समाजवादी रचना को सही दिशा तो समाज के उसी वर्ग का व्यक्ति दे सकता है जिसने खुद निरादर एंव दरिद्रता का अनुभव किया हो आखिरकार इस सोच ने दलित शोषित पिछड़ों एंव मजहबी अल्पसंख्यकों बहुजन समाज में जन्मे व्यक्तिओं को अपने एक अलग राजनीतिक पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनाने को मजबूर किया।

14 अप्रेल 1984 को जब बहुजन समाज पार्टी अर्थात बीएसपी का गठन किया गया तो मान्यवर कांशीराम जी की उम्र 50 साल की तथा मायावती की उम्र मात्र 28 वर्ष थी । बीसपी कोई एक दिन की सोच की उपज नही थी बल्कि वर्षो की दिनरात की अथक मेहनत का नतीजा थी जो बामसेफ अर्थात बैंक बर्ड (एस सी एस टी ओबीसी)एंण्ड माइनॉरिटी कम्यूनीटीज इम्पलाइज फेडरेशन दलित शोषित समाज संघर्ष समिति अर्थात डीएस–4 के माध्यम से देश भर में की गयी थी बीसपी को एक राजनीतिक दल के रूप मे अस्तित्व मे लाया गया ताकि सत्ता की मास्टर चाबी अपने हाथ में लेकर बहुजन समाज को स्वयं अपनी तकदीर का मालिक बनाया जा सके क्योकि अभी तक वह मनुवाद का गुलाम है मनुवाद के षडयंत्र के शिकार है तथा वर्णवाद से घोर पीड़ित है। मनुवादी जाति पण्डागिरि सारी जातियां व वर्णो को नियंत्रित करती है। यह सभी वर्ग जातियां कुठिल जाति परम्पराओं के बंधन मे जकडी हुई है और यह सभी जातियां स्वयं को एक दूसरे से ऊंचा सिद्ध करने का झूठा प्रयास करती है वर्तमान मे 6 हजार जातियां शूद्र कहलाती है शूद्र नीचे की ओर जाने वाली ब्राह्मण क्षत्रिय एंव वैश्यों के पश्चात चौंथी सीढ़ी है। यह सिद्धांत पूर्णतः असमानता पर आधारित है। हम अन्याय पूर्ण सामाजिक परम्पराओं का परिवर्तन वास्तव मे समानता के सिंद्वातों पर करना चाहते हैं सामाजिक रूप से सभी को समान होना चाहिये एक प्रश्न के उत्तर मे कि क्या ब्रहाणों पिछडी जातियों का शोषक है क्या आप सोचते हैं कि आधुनिक संसार मे ब्राह्मणों का भी उत्पीडन एंव शोषण हो सकता है समाजिक व्यवस्था के अतर्गत मनुवादी की देन के सदंर्भ मे कु0 मायावती ने उसे काफी समय पूर्व अपनी पुस्तक मे रेखाचित्र के माध्यम से विभिन्न जातियों की स्थिति को दर्शाया था । उनके अनुसार मनुवादी व्यवस्था से ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य ये तीनों लाभान्वित थी जो कि कुल संख्या का 10 से 15 प्रतिशत है जबकि व्यवस्था से

पीड़ित जातियां 85 से 90 प्रतिशत हैं ये जातियां अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ी जाति तथा मध्यम जाति हैं। एक प्रकार से शायद जाति के रूप मे नहीं बल्कि निश्चय ही व्यक्ति के आधार पर देश के कुछ भागो मे अवश्य जैसे पंजाब मे ब्राह्मण शोषक नही है। स्वयं माननीय काशीराम जी पंजाब के निवासी थे जब तक वे पंजाब मे रहे उनको कभी नही लगा कि ब्राम्हण दलित वर्ग का शोषण करते हैं इस प्रकार यह अत्याचार लगभग सर्वव्यापी था पंजाब इसका अपवाद रहा है। जहां ब्राम्हण लोगों पर इस प्रकार के अपमान लाद पाने की स्थिति मे नहीं था कुछ क्षेत्रो जैसे कांगणा मे उन्हे दलित माना सकता है। ये सारे वाद भारत के लिये विदेशी है केवल मनुवाद जन्तजात भारतीय है इसलिये हमें भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल एक भिन्न प्रकार का वाद बनाना होगा यदि आप कोई अन्य वाद लाना चाहते हैं तो आपको भारतीय यथार्तता का ज्ञान होना चाहिये जैसा कि बहुजन समाज पार्टी ने करने की योजना बनाई है जो भी बहुजन समाज पार्टी की नीति है। वह एक दूसरे से गुथी हुई है ये नीतियां एक दूसरे से जुडी हुई हैं। आज बहुजन समाज पार्टी परिवर्तन चाहने वाली शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने का प्रयास कर रही है कभी बहुजन समाज एक का भी प्रतिनिधत्व करने की स्थिति मे नही थे परन्तु आज परिवर्तन चाहने वाली शक्तियों का प्रतिनिधित्व करने के लिये अपने को तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं यह चाहे सामाजिक हो आर्थिक या राजनीतिक हो बहुजन समाज क महापुरूषो और नेताओं ने भी बी.एस.पी. की स्थापना इसलिये की है कि वर्तमान सभी राजनीतिक दल यथा स्थिति अर्थात जैसी सामाजिक व्यवस्था सैकड़ों सालों से चली आ रही है उसको बनाये रखना चाहते हैं यहां तक कि बाम पंथी दल भी यथा स्थिति के हामी है कुछ मामलो मे वे बिल्कुल ही व्यर्थ हैं रिपब्लिकन पार्टी की असफलता से भी काफी कुछ सबक लिया गया है जिस समाज की गैर राजनीतिक जड़े मजबूत नहीं होती उस समाज की राजनीति कभी कामयाब नही होती इस तरह बामसेफ बनाकर दलित शोषित समाज के राजनीतिक आधार की बुनियाद को मजबूत किया गया राजनीति सत्ता के लिये होती है और सत्ता बिना संघर्ष के नहीं मिलती 15 प्रतिशत मनुवादी समुदाय 85 प्रतिशत पिछड़े समाज अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ी जातियों पर शासन कर उनका शोषण कर रहा है। इस असमान व गैर बराबरी वाली सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष करने के लिये तथा जातिविहीन न बराबरी वाले समाज की संरचना के लिये 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति बनाई गई शुरू मे तो डी. एस–4 को एक प्रकार के संघर्षात्मक आंदोलन के रूप मे विकसित किया गया डी. एस–4 के झण्डे के नीचे 6 दिसम्बर 1983 को एक आंदोलन की शुरूआत हुई इस आंदोलन का नाम समता और सम्मान के लिये रखा गया देश के पांच कोनों कन्याकुमारी कोहिमा कारगिल पुरी तथा पोरबंदर से दो दो दिन के अंतराल पर दिल्ली के लिये साईकिल मार्च शुरू किया गया 100 दिनो के भीतर 100000 किलोमीटर की दूरी तय करते हुये यह साईकिल मार्च दिल्ली पहुंचा उन 100 दिनों मे डी.एस–4 के 300000 कार्यकर्ताओं ने 7500 सार्वजनिक सभायें की तथा किसी सभा मे 20000 से कम लोग उपस्थित नहीं थे हम इतने कम समय मे 1000000 से ज्यादा लोगों तक समता और सम्मान की बात पहुंचा सके थे इस पूरे आंदोलन मे 1500000 रूपये से भी ज्यादा की धनराशि खर्च हुई जब हम इस गैर बराबरी वाले समाज को ध्वस्त कर एक नये समाज की स्थापना के लिये संघर्ष की बात करते हैं तो हमें विकल्प भी प्रस्तुत करना होगा और यह विकल्प राजनीतिक सत्ता को हासिल किये बगैर सम्भव नहीं है भारत की कुल आबादी का 85 प्रतिशत हिस्सा अनुसूचित जाति /जनजाति अन्य पिछडा वर्ग एंव धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों का है। इसलिये इसे बहुजन समाज कहा गया है बहुजन समाज की अपनी कोई राजनीतिक पार्टी हो इस जरूरत को महसूस करते हुये बहुजन समाज के लोगो ने मान्यवर कांशीराम जी के नेतृत्व मे बहुजन समाज के नाम पर बहुजन समाज पार्टी नामक राजनीतिक पार्टी का गठन किया यह पार्टी बहुजन समाज के लोगों को जिन्हे मनुवादी व्यवस्था के आधार पर कई हजार टुकड़ों मे बांट कर रखा गया है। जोड़ने मे दिलचस्पी रखती है और बहुजन समाज की अपनी हुकूमत बनाने व बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के अधूरे मिशन को पूरा करने के लिये कृत्य संकल्प है। पिछड़े वर्ग के लोगों को जिन्हें अन्य पिछड़े वर्ग ओ.बी.सी. के नाम से भी जाना जाता है संविधान लागू होने के कई दशकों बाद भी न तो कोई मान्यता

मिली है और न ही कोई अधिकार प्राप्त हुआ है। हांलाकि संविधान की धारा 340 के अंतर्गत बाबा साहेब डा0 अंबेडकर ने उनके लिये विशेष प्रावधान किया था उसी प्रावधान के तहत ही प्रथमतः काका कालेलकर आयोग की नियुक्ति की गई थी जिसकी रपट भारत सरकार ने ठुकरा दी थी लेकिन उसके बाद 1978 मे पुनः जनता शासन द्वारा मंडल आयोग की नियुक्ति की गई विगत कई वर्षो से यह समाज अपेक्षा करते आया था कि कोई न कोई राजनीतिक दल या गैर राजनीतिक संगठन मंडल आयोग की रपट लागू करवाने के प्रश्न को गम्भीरता से लेकर अपने स्तर पर कुछ न कुछ करेगा परन्तु ऐसा नही हो पाया। अन्ततः बी.एस.पी. ने इसका बीड़ा उठाया मंडल आयोग के बारे मे सरकार व विरोधी दलो द्वारा अपनाये गये रवैये के मद्देनजर तथा विशेष रूप से 25 जुलाई सन् 1984 को सरकार द्वारा संसद मे दिये गये स्पष्टीकरण को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने इस प्रश्न को केंद्र राज्य मंडल व जिला स्तर पर उठाने का निश्चय किया इस कार्यवाही के अंतर्गत संसद भवन के सामने पहली अगस्त से 14 अगस्त 1984 तक बी. एस.पी. की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया तथा गिरफ्तारी दी गई ।

सरकारी आकड़ों के अनुसार जब अंग्रेज भारत छोड़ कर गये थे उस समय मुसलमान सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत थे परन्तु आज मात्र एक या डेढ़ प्रतिशत रह गया है साम्प्रदायिक दंगों की आड़ मे भी मुस्लिम समाज को आर्थिक क्षेत्र मे कमजोर बनाया गया जिसके कारण ये अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है सरकारी नौकरी मे पूरा मौंका न मिलने के कारण उन्होने छोटे छोटे कुटीर उद्योग को शुरू किया परन्तु वहां भी साम्प्रदायिक दंगो की आड़ में उनके उद्योग को तबाह व बर्बाद कर दिया गया मेरठ जमशेदपुर सहारनपुर मुरादाबाद भिवन्डी भागलपुर तथा हैदराबाद आदि के हिन्दु मुस्लिम दंगे इस बात के गवाह हैं कि मनुवादियों ने षडयंत्र करके मुस्लिम समाज को आर्थिक तार पर कभी मजबूत नही होने दिया।

बी0एस0पी0 के उद्देश्य एव कार्य :–

पार्टी के मुख्य उद्देश्य एवं कार्य समाज मे क्रांतिकारी परिवर्तन लाना है। सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र मे बहुजन समाज पार्टी का विकास तथा समाज मे दबे कुचले वर्ग के लोगों को शोषण से मुक्ति प्रदान करने के लिये बहुजन समाज पार्टी कृतसंकलित है। पार्टी के मुख्य उद्देश्य हैं –

(1) भारत के सम्पूर्ण नागरिक कानून की दृष्टि में एक बराबर हैं। सब के साथ हर प्रकार से समान व्यवहार किया जाये। दलिता को समानता के अधिकार से वंचित न किया जाये

(2) ऐसे व्यक्ति जो दबे कुचले हैं वे स्वतत्र रूप से अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें इस आधार की नीव बहुजन समाज पार्टी द्वारा रखी गई है।

(3) वे सभी अधिकार जो भारतीय नागरिकों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त हैं को किसी कीमत एंव परिस्थिति में कठोरता से लागू करना।

(4) संविधान मे निहित राज्य एवं केंद्र सरकारों की विशेष देखभाल एवं सामाजिक आर्थिक सुरक्षा उन लोगों को प्रदान करना जो कि समाज के पिछड़े वर्ग के हैं और सदियां से समाज के हर क्षेत्र से वचिंत रहे हैं।

(5) समाज मे अमीर गरीब के मध्य खाई को समाप्त करना और पार्टी का मुख्य राजनैतिक सिद्धांत है। ''एक व्यक्ति एक वोट एक मूल्य '' जो हमारे गणतंत्र का आधार है।

(6) जब तक सामाजिक आर्थिक रूप से दबे कुचले लोगों को राजनैतिक शक्ति नहीं मिल पायेगी तब तक इनका उत्थान कठिन है अतः दलितों को राजनैतिक भागीदारी प्रदान करना।

(7) बाबा साहेब डा0 अंबेडकर के मिशन को मंजिल तक पहुंचाना।

(8) समाज मे व्याप्त आर्थिक सांस्कृतिक सामाजिक एव राजनैतिक विषमताओं को मिटाना।

(9) बहुजन समाज जिसे इस देश की मनुवादी व्यवस्था में कई हजार टुकडों में तोडा है उन्हें आपस मे संगठित कर आपसी भाइचारा पैदा

करना तथा एक राजनीतिक दल के रूप मे राजनीतिक सत्ता प्रदान करना ताकि ये समाज अपनी हर प्रकार की समस्याओं का समाधान मनुवादी समाज से करवाने के वजह स्वयं राजनीतिक सत्ता हासिल करके उसके माध्यम से हल कर सकं।

(1) अनुसूचित जाति/जनजाति पिछड़े वर्ग अल्प संख्यक वर्ग देश के सबसे शोषित वर्ग हैं यह वर्ग भारत का बहुजन समाज है।

पार्टी बहुजन समाज वर्ग के लिये कार्य करेगी–

(क) पिछड़ापन की समाप्ति

(ख) शोषण एवं उत्पीड़न के विरूद्व संर्घष

(ग) समाज एवं सार्वजनिक रूप से इनके जीवन का कल्याण

(घ) दैनिक जीवन में इनके जीवन स्तर का बेहतर करना

(2) भारतीय समाज जो कि जातिगत असमानता पर आधारित है। उसके विरूद्व एक आंदोलन करना और सामाजिक प्रथा का पुनः निर्माण करना जिसका आधार समानता एवं मानवीय मूल्य हैं वे सभी लोग जो कि पार्टी के साथ सम्मिलित होते हैं और सामाजिक आंदोलन मे भाग लेते हैं वे पार्टी मे सम्मानित होंगे बहुजन समाज पार्टी इन आधारों पर उन लोगां से आपील करती है समतावादी नीतियों के क्रियान्वयन के लिये इसके सदस्य बनें इसके पीछे उनके तर्क हैं।

1. बी.एस.पी दलित शोषित पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करती है
2. इन वर्गो को सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं राजनीतिक शोषण से मुक्ति मिल सके
3. इन वर्गो के स्वाभिमान एवं मौलिक अधिकारो की रक्षा हो सके।
4. न्याय स्वतत्रंता समता तथा भ्रातृत्व पर आधारित समाज की स्थापना की जा सके ।
5.तथा देश में सही अर्थो मे प्रजातंत्र की स्थापना को जा सके।

ब.स.पा. के मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य भारतीय समाज और आर्थिक जगत में एक कांतिकारी परिवर्तन के साथ केवल बहुजन समाज ही नहीं बल्कि समस्त देश वासियों के हित को ध्यान मे रखकर निर्मित किये गये हैं सबको समानता का अधिकार और न्याय मिले ऐसी अवधारणा के साथ बहुजन समाज पार्टी का गठन हुआ संविधानिक अधिकारों का प्रयोग तथा न्याय समानता स्वतंत्रता आदि मौलिक अधिकारों के प्रयोग का हनन न हो इस नीति के साथ बहुजन समाज पार्टी भी अपने मूल्य उद्देश्य के साथ अडिग है राज्य सरकारो एंव केंद्र सरकार को उनके कर्तव्यो की याद दिलाना तथा ब.स. पा. के सरकार बनने पर स्वयं इन कर्तव्यो का पालन करना बसपा की नीति मे सम्मलित है।

सन्दर्भग्रंथ :

1.कु0 मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एंव बहुजन मुवमेंट का सफरनामा बसपा केन्द्रीय कार्यालय नई दिल्ली पृ0 429

2.कमलाकांत– ज्योतिराव फुले राजा पाकेट बुक्स नई दिल्ली 2006 पृ0 8

3.कु0 मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एवं बहुजन मुवमेंट का सफरनामा ब.स.पा. केन्द्रीय कार्यालय नई दिल्ली पृ0 430

4.कमलाकांत– ज्योतिराव फुले राजा पाकेट बुक्स नई दिल्ली 2006 पृ0 10

5.कमलाकांत– डा0 भीमराव अंबेडकर राजा पाकेट बुक्स नई दिल्ली 2006 पृ0 81

6.कु0 मायावती – बहुजन समाज और उसकी राजनीति बसपा केन्द्रीय कार्यालय नई दिल्ली 2000 पृ 151

7.अभिलोष दास – संसार के महापुरूष कबीर पारख संस्थान इलाहाबाद पृ0 157

8.अभिलोष दास – संसार के महापुरूष कबीर पारख संस्थान इलाहाबाद पृ0 157–58

9.अभिलोष दास – संसार के महापुरूष कबीर पारख संस्थान इलाहाबाद पृ0 159

10. इस संदर्भ मे अशोक वाजपेयी जी ने दैनिक जागरण इलाहाबाद से एक लेख भी प्रस्तुत किया है जिसमें भारतीय शौषित समाज को उत्थान के लिये उपाय के संबंध मे उल्लेखनीय तर्क है।

11.ए0आर0कडवे– भारतीय राजनीति मे दलितों की भूमिका पुणे 1998 पृ0 103

12. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब नई दिल्ली पृ0 26

13. स्वरूप चंद बौद्व – डा0अंबेडकर और पिछडा वर्ग सम्यक प्रकाशन नई दिल्ली पृ0 78

14. रिजवान अहमद द्वारा भारतीय समाज और दलित नामक संगोष्ठी मे प्रस्तुत शोध पत्र नागपुर 1988

15.कु0 मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एंव बहुजन मुवमेट का सफरनामा पृ0 438

16. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब नई दिल्ली पृ0 27

17.ए0आर0कडवे– भारतीय राजनीति मे दलितो की भूमिका पृ0 114

18. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब पृ0 31

19. दिल्ली विश्वविद्यालय मे आयोजितशोध संगोष्टी मे प्रस्तुत शोधपत्र बाबा साहेब की दलित राजनीति 1998 प्रोसीडिंग बाबा भीमराव अंबेडकर का भारत के विकास मे योगदान

20. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब पृ0 41

21. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब पृ0 42

22. स्वरूप चंद बौद्व – डा0अंबेडकर और पिछडा वर्ग सम्यक प्रकाशन नई दिल्ली पृ0 81

23. स्वरूप चंद बौद्व – डा0अंबेडकर और पिछडा वर्ग सम्यक प्रकाशन नई दिल्ली पृ0 82

24. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब पृ0 42–43

25. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब पृ0 78

26. शीलप्रिय बौद्व – बाबा साहेब पृ0 79

27.कु0 मायावती – बहुजन समाज और उसकी राजनीति बसपा केन्द्रीय कार्यालय नई दिल्ली 2000 पृ 228

28. डा अंबेडकर – शूद्रो की खोज दिल्ली पृ0 23

29.कु0 मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एव बहुजन मुवमेट का सफरनामा पृ0 291

30.कु0 मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एव बहुजन मुवमेट का सफरनामा पृ0 291

31.कु0 मायावती मेरे संघर्षमय जीवन एंव बहुजन मुवमेट का सफरनामा पृ0 293

32.कु0 मायावती – बसपा राजनीति में बहुजन समाज का योगदान पृ0 5–6

33.कु0 मायावती – बहुजन समाज पार्टी का उत्तरप्रदेश दलित उत्थान के लिये अभियान पृ 20

34.कु0 मायावती – बहुजन समाज पार्टी का उत्तरप्रदेश दलित उत्थान के लिये अभियान पृ 18

35.कु0 मायावती – बहुजन समाज पार्टी का उत्तरप्रदेश दलित उत्थान के लिये अभियान पृ 18

36.बसपा और उसके उददेश्य – पार्टी द्वारा जारी पुस्तक लखनउ

37.बसपा और उसके उददेश्य – पार्टी द्वारा जारी पुस्तक लखनउ

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय ग्राम जीवन के सांस्कृतिक आयाम

भगवत प्रसाद झारिया

सांस्कृतिक आयाम

'संस्कृति' अन्त जगत की वस्तु है। इसका सीधा संबंध मनुष्य के संस्कारों से है। व्यक्तिगत और समाज जातिगत दो प्रकार के संस्कार होते है। समाज या जातिगत संस्कारों को ही संस्कृति कहते हैं।

संस्कृति क्या है ?

हमारे रीति रिवाज ही हमारी संस्कृति है मनुष्य सामाजिक प्राणी होने के कारण समाज से बधा रहता है। समाज के रीति रिवाज मानने को वह बाध्य हो जाता है। बाद में जब यही रीति रिवाज पूर्णतया संस्कृत अथवा शुद्ध हो जाते है। तब इनका विशुद्ध रुप संस्कृति कहलाता है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार

''मनुष्य की सर्वोत्तम साधनाओं की परिणति का नाम ही संस्कृति है।''

सभ्यता बाह्य जगत की वस्तु है, जबकि संस्कृति सूक्ष्म है। डॉ. रामधारी सिंह दिनकर के श्शब्दों में –

''संस्कृति इसमें उसी तरह व्याप्त है जैसे दूध में मक्खन अथवा फूलों में सुगंध।''

लोक विश्वास

समाज की परंपराएं सदैव विद्यमान रहती है, उनमें विखराव नहीं आता कई बार देश की विद्या से अधिक शक्तिशाली उनकी परंपराएं हो जाती है। जब कोई व्यक्ति या वर्ग उन्हें तोड़ने का प्रयास करता है तो पूरे समाज एकत्र होकर उसका विरोध करते हैं जैसे – समय का बदलाव होता गया। नई नई परंपराएं भी बनती गई पुरानी परंपराओं को व्यक्ति छोड़कर नई परंपराओं की और आकर्षित हुआ क्योंकि नई परंपराएं समाज के लिए ज्यादा उपयोगी सिद्ध हुआ। अतः वे समस्त परंपराएं और जन विश्वास जो समय की गति के साथ पग मिलाकर नहीं चल पाते रुढ़ियों अथवा अंधविश्वास कहलाते है। ये रुढ़िया या अंधविश्वास जब समाज में प्रचलित रहते है। तो समाज का विकास अवरुद्ध हो जाता है। समाज के विकास में ये बाधक सिद्ध होती है।

ग्रामीण लोग सहज एवं सरल और हम दर्द होने के कारण अशिक्षित होते है। गामीण अपने रीतियों एवं परंपराओं के प्रति सहयोगी होते है। कभी कभी इन्हें धर्म से जोड़ने का प्रयास भी करते है। शहरी परिवेश से अछूते रहने के कारण भी उन्हें रीति रिवाजों का आश्रय लेना पड़ता है।

''ग्रामीण प्राय अंधविश्वासी होते है। स्त्री पुरुष दोनों रुढ़ियों को मानते हैं इनमें साधारण या सामान्य वर्ग ही नहीं बल्कि गांव जगत के उच्च मध्यम वर्गीय भी मानते है।''

नजर लगना

छोटे छोटे अंधविश्वास हमारी प्रगति को किस प्रकार रोकते है। प्रेमचंद ने इस तरह के अंधविश्वासों का अत्यधिक भयंकर परिणाम दिखाकर उसके प्रति अनास्था व्यक्त की है। इस अंधविश्वास का परिणाम उपन्यासों में वे दिखा चुके है। वरदान निर्मला उपन्यास में भी सुधा के लड़के के अस्वस्थ होते ही निर्मला की मां बोल पड़ी।

''नजर कोई लगता नहीं बेटी किसी किसी आदमी की पीठ बुरी होती है। आप ही लग जाती है। कभी कभी मां बाप की नजर भी लग जाती है।''

''नजर लगना'' गांव की औरतों को अपने बच्चों के प्रति इसका भय बना रहता है। बच्चे जरा अवस्थ्य हुए कि नजर उतारना प्रारंभ कर दिया जाता है। गांव के पढ़े लिखे भी इस बात को स्वीकार करते है।

भूत–प्रेत

भूत प्रेत की कथाएं पहले कथा साहित्य में सस्ते मनोरंजन और रोमांच के लिए ग्रहित थी किंतु स्वतंत्रयोत्तर कथा साहित्य में उन्हें नयी

प्रतिष्ठा मिली है। उनका चित्रांकन किसी अन्य उद्वेश्य से नहीं अपितु तटस्थ मिली है। उनका चित्रांकन किसी अन्य उद्वेश्य से नहीं अपित् तटस्थ चित्रण के ही उद्वेश्य से हुआ है।

परती परिकथा में रेणु ने पूर्णिमा अंचल के एक विकसित गांव को लिया परंतु विकास और नयी समस्वरता के होते भी गांव भूतभांवर और अंधविश्वासों की गहरी परतों में दबा है। संस्कृति के नाम पर विकृति है। लोगों की धारणा है कि हवेली के पिछवाड़े वाले ताडवृक्ष पर ब्रह्मपिशाच का राज्य रहता है। विशाल परती पर डेढ़ सौ एकड़ की पांच परिधियों पर इस ब्रह्मपिशाच का राज्य था प्रत्यैक वर्ष श्शरद की चांदनी में वह इन पांच चकों में अपना रुपया पसार कर सूखने देता था।

हिमांशु श्रीवास्तव की पुस्तक नदी फिर वह चली में एक ब्राहमण का मारा गया लड़का जामुन के पेड़ पर ब्रह पिशाच होकर निवास करता है और लोगों को सपने देकर विधिवत अपना चबूतरा बनवाकर पूजा लेता है। भूत प्रेत में आस्था रखने वाली जातियां अपेक्षाकृत कम विकसित अशिक्षित तथा असभ्य है प्रत्यैक देश के समाज में इनके संबंध में भिन्न भिन्न तथा स्थानीय रंगों में भरपूर लोक कथा प्रचलित है। अधिकांश ग्रामीण जन जीवन में इस अंधविश्वास का प्रसार अधिक पाया जाता है। महोब के देहातो में जाकर इन अंधविश्वासों को देखकर अपनी कृतियों में इनका उल्लेख भी मुंशी जी ने किया है। वरदान कथा की नायिका मझगवां से कमला के नाम पत्र लिखती है–

हमारे घर के पिछवाड़े एक गड्डा है। यहां किवंदती है कि गडढे में चुड़ेल नहाने आया करती हैं और रवे अकारण राह चलने से छेड़छाड़ करती है। इसी तरह दरवाजे पर पीपल का एक पेड़ वह भूतों का अड्डा है।

जादू टोना

एक दूसरे का अहित करना टोटका कहलाता हैं। यह अंधविश्वास ग्रामों में बहुत समय से चला आया है। जादू टोने टोटके का प्रभावकारी ग्रामों में बहुत समय से चला आया है। जादू टोने टोटके का प्रभावकारी शक्तियों में समाज के अपेक्षाकृत निम्न वर्ग में अधिक आस्था के साथ विश्वास पाये जाते है। प्रेमचंद्र ने अपनी औपन्यासिक कृतियों में जन जीवन के इस अंधविश्वास का भी उल्लेख किया हैं जैसे गोदान का होरी घर में आने वाली गाय के बांधने के प्रबंध में साचत हैं।

लेकिन चौमासे में उसके लिए कोई दूसरी जगह ठीक करनी होगी बाहर लोग इनजर लगा देते है। कभी–कभी टोना टोटका कर देते हैकि गाय का दूध ही सूख जाता है।''

इसी प्रकार गाय के टोने टोटके से बचाने के लिए धनिया कहती है –

''सहुआइन की दुकान से थोड़ा सा काला डोरा मंगवा लो, गाय को नजर बहुत लगती है।''

''रंगभूमि में ताहिर अली की सौतेली मां जेनेव बेगम, अहीरन जमुनी को भय बताते हुए कहती है –

''मगर तुझसे कह देती हूं कि तू कल से घर में न बैठने पायेगी। पुलिस की रपठ तो साहब के हाथ में है, पर हमें भी खुदा ने ऐसा इलम दिया है कि जहां एक नक्श लिखाकर दम किया कि जिन्नात अपना काम करने लगे।''

जड़ी बूटियों का प्रयोग

प्राचीन युग में जंगलों से प्राप्त जड़ी बूटियों को बीमारी के निदान हेतु इनका उपयोग होता है। शहरी सुख – सुविधाओं का अभाव होने क कारण चिकित्सा के लिए गांव में जड़ी – बूटियों का प्रयोग होता है। गांव के असभ्य दवाईयों में विश्वास नहीं करते वैसे भी गांव में अस्पताल जैसी सुविधाएं नहीं है। जड़ी – बूटी का प्रयोग ही ज्यादा होता है।

''गोदान में मालती के सिर में दर्द होने पर पहाड़ी युवती द्वारा जड़ी बूटी लाकर देने का प्रयास है –

''वहीं काली युवती हाथ में एक झाड़ लिए हुए समीप आकर मेहता को कही जाने को तैयार देखकर बोली में यह जड़ी खोज लायी अभी घिसकर लगाती हूं।''

इसी प्रकार मिस्टर खन्ना को देहाती, जड़ी – बूटी के बारे में बतलाया है –

''देहाती ने अपना औषधालय खोलकर दिखलाया मामूली चीजें भी जगल से आदमी उखड़कर ले जाते है और शहरों में अन्तारों के हाथ दो वार आने में बेच आते है जैसे मकोय, केमी, सहदेइया, मुकरौधे, धतूरे के बीच मदार के फूल करंजे घुमची आदि। हर एक चीज दिखाता था और रटे हुए शब्दों में उसके गुण की बयान करता जाता था। यह मकोप है सरकार। ताप हो मंदाकिन हो तिल्ली हो, धड़कन हो, शूल हो खासी हो एक ही खुराक से आराम हो जाता है।''

लोकाचार

लोक विविध प्रकार के कार्य करता है। उसके कुछ नियम होते है जिनका पालन करना होता है। प्रत्येक समाज अपने रीति–रिवाज रिवाजों को माने को बाध्य है। समाज से पृथक मनुष्य को कोई आस्तित्व नहीं है, और वह इनके बीच में रहता है, पृथाओं लोकाचारों को सहज ही स्वीकार करता है। इनमें से कुछ तो सामाजिक के संस्कारों के गहराई तक बसे होने के कारण युगों तक निभायी जाती है। और कुछ समय के साथ साथ परिवर्तित होकर नये रुप में सामने आती है। जैसे

पुत्र जन्म पर आंदोत्सव वैसे तो समाज में पुत्र पुत्रियों के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है। श्शहर में और गांवों में भी यह प्रथा है, किंतु रुढ़ समाज में सिर्फ पुत्र का जन्म श्शुभ माना जाता था पुत्रियों को हेय दृष्टि से देखा गया है।

कर्मभूमि में अमरकांत जब पत्नि सुखदा की प्रसव वेदना बढ़ जाने के कारण रात में डॉक्टर बुलाकर वापिस आता है तो कुछ दूर हृदय आनंद से फूल उठा।

लाला समरकांत डॉ. से कहते हैं कृपोते ने जन्म लिया है।''

बच्चे के जन्म पर सोहर गाना – पुत्र पुत्रियों के जन्म पर उत्तर भारत में मांगलिक गीत गाये जाते है। सोहर गाने की प्रथा समाज में प्रचलित ह। गोदान में धनिया अनाज की टोकरी घर में रखकर अपनी दोनों लड़कियों के साथ पोते के जन्मोत्सव में गला फाड़कर सोहर गा रही थी जिससे सारा गांव सुन ले। आज यह पहला मौका था कि ऐसे श्शुभ अवसर पर विरादरी की कोई औरत न थी अगर विरादरी को उसकी परवा नहीं है तो वह भी विरादरी की परवा नहीं करती।

बच्चे के जन्म के अन्य के संस्कारों में एक संस्कार है छटी मनाना। सेवासदन में सदन के यहां पुत्र जन्म की सूचना लेकर पदमसिंह जब अपने बड़े भाई के यहां पुत्र जन्म की सूचना लेकर पदमसिंह जब अपने बड़े भाई के यहां जाता ह तो बड़ भााई का कहना है कि छटी तक पहुंच जायेंगे, छटी धूमधाम से मनायेंगे।

शादी में कन्या द्वारा पीली साड़ी पहनना कंगन बाधना

दुल्हन को लाल साड़ी के स्थान पर पीले रंग की साड़ी पहनाई जाती है जिसे कहीं कहीं पियरी भी कहा जाता है। वैवाहिकी रिवाजों को पूर्ण करने में कंगन भी वर एवं कन्या को पहनाया जात है। वरदान में प्रेमचन्द लिखते हैं– विवाह को केवल पांच दिन रह गये नातेदार और संबंधी लोग दूर तथा समीप से आने लगे। आंगन में सुंदर मण्डप छा गया। हाथ में कंगन बांध गये। यह कच्चे धागे का कंगन पवित्र धर्म की हथकड़ी है जो कभी हाथ से न निकलेगी।

मेले

भारत वर्ष में मेले का जैसे सांस्कृतिक महत्व है और ग्रामीण जन समुदाय उसमें जैसी रुचि प्रदर्शित करता है। उसे देखने के लिए कथा साहित्य में उसका प्रतिफलन दृष्टव्य है। इधर नगरों में ग्रामवासियों के आगमन की सुविधाओं और अवसरों में अभिवृद्धि हुई है जिससे मेला रुचि का अवमूल्यन हुआ है। द्वितीय महायुद्ध काल में सुरक्षा दृष्टि से मेलों पर नियंत्रण भी हुआ था। फिर भी प्रयाग गढ़मुक्तेश्वर हरिद्वार और सोनपुर आदि के मेले की जापकीर्ण महा सागरोपय हिल्लोलित विशालता के आलेखन के सामान्तर ग्रामांचलों में समय समय पर आयोजित मेलों और उसके परिप्रेक्ष्य में उमड़ते जीवन का अंकन अपेक्षित था।

प्रेमचंद ने वरदान में मेलों का वर्णन किया है, माघ का महीना था। प्रयाग में कुंभ का मेला लगा हुआ था। बड़े बड़े साधु महात्मा जिनके दर्शन की इच्छा लोंगों को हिमालय की अंधेरी गुफाओं में खीच ले जाती थी उस समय गंगा जी की पवित्र तंरगों से मिलने के लिए आये हुए थे।

लोकगीत

गीत जीवन में आत्मिक उल्लास लाते है। हमारे यहां के संस्कारों में गीत संस्कार प्रमुख है। ग्रामीण जीवन जन जीवन में इनका ज्यादा से ज्यादा महत्व है। होली के समय फाग गायी जाती हैं विवाह के समय गारी का प्रचलन है। कहीं कहीं गांवों में भजन मंडली भी मिल जाती है।

विवाह गीत

विवाह के समय गीतादि का प्रचलन गांवों में है। गांव की महिला मण्डप के नीचे गारी गाती है। वरदान में लोकगीत का उल्लेख प्रेमचंद ने किया है–

''तुम तो श्याम बड़े बेखबर हो।

तुम तो श्याम पियो दूध के कुल्हड़,

मेरी तो पानी पै गुजर, पानी पे गुजर हो तुम तो श्याम।''

ईश्वर गीत / धार्मिक गीत

लोकगीतों के अलावा धार्मिक गीत भी होते है। गांवो में मंदिरों में चौपालों में भजन मंडली अपना गीत प्रारंभ करती है। नवरात्रि में ग्रामीण लोग ज्वारे बोते हैं। और उसमें भक्तों की गीत चलती है। पांडेपुर बस्ती में रंगभूमि सूरदास और उसके साथी बैठकर गीत गाते है। प्रेमचंद लिखते है–

सूरदास की सुरीली तान आकाश मंडप में यो नत्य करती हुई मालूम होती थी जैसे प्रकाश ज्योति जल के अन्तः स्थल में नृत्य रती है।

झीनी झीनी बीनी चंदरिया

काहे के ताना काहे के भरनी, कौन तार से बीनी चंदरिया। दास कबीर जतन में आढ़ी, ज्यौं की त्यौं धर दीनी चंदरिया।

वरदान में बाला जी प्रताप के आने पर लोग स्वागत गीत गाते है–

बालाजी तेरा आना मुबारक होवे।

धनि धनि भाग्य है इस नगरी के धनि धनि भाग्य हमारे।

पर्व

हिंदु समाज में बहुत से पर्व उत्सव है हर समुदाय का व्यक्ति इन्हें स्वीकार करता है। इन पर्वों को मनाने की प्रथा संस्कृति पुरानी से चली आ रही है। इसलिए आज के समाज भी इन पर्वों को मनाते है।

हर समाज में अपने त्यौहार होते है। जैसे ईसाइ में किसमस मुसलमानें मे ईद, मोहर्रम, सिक्खों में लोहड़ी आदि।

प्रेमचंद ने उत्तर भारत के हिंदु समाज के पर्वो का उल्लेख किया है। दीपावली, होली, जन्माष्टमी हमारे यहां के पर्व है।

होली

होली का पर्व किसी रुप में विश्व के लगभग सभी देशों में मनाया जाता है। भारत में होली के अवसर रंगों की धूम तथ्झा मस्ती के वातावरण के बीच होली मनाने की प्रथा है। होली के अवसर पर फाग गायी जाती है। मुंशी जी ने अपने उपन्यासों में इसका चित्रण किया है।

प्रेमाश्रम क लाल प्रभाशंकर धूमधाम से होली मनाया करते थे। उसी प्रथा के कारण सेवासदन की सुमन को यह चिंता हो रही थी कि होली के लिए कपड़ों का कैसे प्रबंध करें? गजाधर को इधर एक महीने से सेठ जी ने जवाब दे दिया था।

गोदान में प्रेमचंद लिखते हैं– ''देहातों में साल के छः महीने किसी न किसी उत्सव में ढोल मजीरा बजता रहता है। होली के एक महीने पहले से एक महीना बाद तक फाग उड़ती है, आषाढ़ लगते ही आल्हा श्शुरु हो जाता है और सावन भादों में कजलिया होती है।

''लेकिन अबकी गोबर में गांव के सारे नवयुवकों को अपने द्वार पर खींच लिया हैं गोबर के हार पर मंत्र छूट रही है, जन के बीड़े लगा रहे है, रंग घोला जा रहा है, फर्श बिछा हुआ है गाना हो रहा है।

गांव के भूखे नंगे लंगोटी में फाग सबै आनंद मनावे रंग उड़ावे और मैं अभागिनी अपनी चारपाई पर सफेद साड़ी पहने पड़ी रहूं। परसों सायंकाल से ही गांव में चहल पहल मचने लगी।

नवयुवकों का एक छल हाय में डस लिये, अश्लील श्शब्द बकते द्वार द्वार फेरी लगने लगे।

ग्रामीण आदिवासी लोग फाग में महुये के श्शराब का नशा भी करते है। एक दूसरे के घर जाकर तिलक लगाकर साथ मैं बेठकर महुए की श्शराब पीकर एक त्यौहार को मनाते है।

जन्माष्टमी

भादों माह में जन्माष्अमी सब जगह मनाई जाती है। गायत्री देवी को गोरखपुर बुलाने का सही समय ज्ञानशंकर की दृष्टि से जन्माष्टमी उत्सव का था। इसका वर्णन करते हुए प्रेमचंद प्रेमाश्रय में लिखते है–

''भादों का महीना था। जन्माष्टमी आ रही थी। शहर में उत्सव मनाने की तैयारी हो रही थी। कई वर्षो से गायत्री के यहां का उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जाता दूर दूर से गवैये आते थे रासलीला की मंडलिया बुलायी जाती थी, रइसों और हाकियों को दावत दी जाती थी।

रामलीला

ग्रामीणों के सांस्कृतिक मनोरंजन रामलीला का हिंदी कथा साहित्य में साहित्य में सर्वाधिक 'शैलेष मटियानी के आंचलिक साहित्य में चित्रित होना एक विशेष अर्थ रखता है। मटियानी ने पहाड़ी गांवों का चित्रण किया है। जहां आधुनिकता का बुद्धिवादी प्रसार अपेक्षाकृत बहुत न्यून है। गांव में रामलीला कमेटी है जो उपयुक्त लोगों का चयन करती है। सर्व सहमति से होता है। पंचायत आदि चुनावों का गांव की एकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

लोक नाटय परंपरा में उत्तर भारत की रामलीला का बड़ा महत्व है। गांवों में रामलीला का बहुत महत्व है। गांवो में रामलीला का बहुत प्रचलन है। गांव के लोग श्रद्धा एवं भक्ति से रामलीला देखते है। प्रेमचंद ने अपने उपन्यासों मे नाटय मंडली की चर्चा की है। गोदान में होली में गोबर की चौपाल तथा जैठ के दशहरे पर धनुष यज्ञ भी बड़ी जोरो से तैयारिया हो रही है। कहीं रंगमंच बन रहा था कहीं मंडप कही मेहमानों का अतिथि गृह।

वे अपनी कृतिया में रामलीला का जो उल्लेख किया है संभवत इसके पीछे अपनी बाल स्मृतियों की रामलला रही होगी–

इधर एक मुद्दत से रामलीला देखने नहीं गया। बंदरों के भददे चेहरे लगाये आधी टांगो का पजाम और काले रंग का उंचा कुर्ता पहने आमदियों को दौड़ाते हूं हूं करते देखकर अब हंसी आती है लेकिन एक जमाना वह था जब मझे भी रामलीला में आनंद आता था।

लोकनृत्य

नृत्य हमारे समाज का एक संस्कार हैं। मनोरंजन के लिए जहां श्शहरों में अन्य साधन है। वहां गांवों में नृत्य आदि के माध्यम से अपना मनोरंजन ग्रामों के निवासी करते है। भारत के प्रायः सभी गांवों म नृत्य का अपना अलग अलग प्रचलन है। हर जाति की अपनी निजी विशेषतया है, नृत्य का अलग ढंग है। करमा नृत्य, शैला नृत्य, होली नृत्य, वर्षा नृत्य।

लोकगीतों के माध्यम से लोक नृत्य प्रचलित होता है। कर्मभूमि में गंगा के किनारे गांव में अमरकांत है तो वहां वह दखता हैं।

युवको और युवतियों के जोड़े बंधे हुए है। हरेक जोड़ दस पंद्रह मिनट तक थिरककर चला जाता है। नाचने में कितना उन्माद कितना आनंद है अमर ने न समझा था। एक युवती घूंघट बढ़ाये हुए रंगभूमि में आती हैं। युवती के अंगों में इतनी लचक है, उसक अंग विलास में भावों की ऐसी व्यंजना है कि लोग मुग्ध हुए जाते है। इस जोड़ के बाद दूसरा जोड़ आता है। दोनों कभी हाथ में हाथ मिलाकर कभी कमर पर हाथ रखकर कभी कूल्हों को तान से मटकाकर नाचने में उन्मुक्त हो रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. श्रीलाल शुक्ल – सुरक्षा तथा अन्य कहानियों – प्रकाशन समाचार दिल्ली – 1992
2. महेश दर्पण – बीसवीं शताब्दी की हिन्दी कहानियों (ग्यारह–बारह)
3. मालती जोशी – बोल री कठपुतली – किताब घर, दिल्ली – 1992

4. पिया पीर न जानी – परमेश्वरी प्रकाशन, दिल्ली 2001
5. मोरी रंग दे चुनारियां – विकास पेपर बैक्स, दिल्ली – 1992
6. उदय प्रकाश – तिरछी तथा अन्य कहानियां – वाणी प्रकाशन, दिल्ली – 1989
7. पार गोमरा का स्कूटर – राधा कृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1997
8. अब्दुल बिसमिल्ला–अतिथि देवा भव – राजकमल प्रकाशन, दिल्ली – 1989
9. पंकज विष्ट – बच्चे गवाह नहीं हो सकते – राधा कृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1986
10. काशीनाथ सिंह – सदी का सबसे बड़ा आदमी – राजकमल प्रकाशन, दिल्ली – 1989

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Tara and Lata: The Two Passionate Protagonists in Passion: A Driving Force in Dramatic Characters *Brajangana Kavya and Do the Needful*

Payal Mukherjee, English, R.D.V.V. Jabalpur

Abstract : Passion, the unique decider of multiple courses of events in human history has been shared by man and woman alike and consequently has been reflected in literature in various colours. This unique chemistry of human mind has been regarded as a genuine factor operating in a large scale in manipulation of sequence of events as well as in being instrumental in fixing climaxes and anti-climaxes. How and where did these passions originate from and how does it perform in creating great turbulence in human relationship is still a matter to be solved. The study needs a deep psychological enquiry into the eternal human mind and contemporary social structure to come up with satisfactory answer.

It is true that human life is short and youth is shorter. It happens sometimes that last gets the better of human knowledge and reason and attempts to cross the boundary of social bondage. It happens in all ages and all times. If we analyze two female minds-products of thoroughly different set and settings – we will find that passion is something that makes existence really deplorable for a sophisticated mind in bondage and prepares the doom for the person. Let us take examples from Michael Madhusudan Dutt's *Brajangana Kavya* and Mahesh Dattani's *Do the Needful*.

Michael reconstructed an epical character from *Mahabharata* and made Tara's appearance as bold, fearless yet mild and submissive and thereby fusing it with an undercurrent of oncoming culture of women emancipation. During the renaissance in Bengal in last part of the ninetieth century and first part of the twentieth century, Dutt appeared with an in-genuine talent and undeniable literal spirit. Especially in the world of drama, he went on creating female characters in such a massive scale and with such a classic spell that seemed to stupefy the orthodox Bengali society and shook the roots of conservatism. Such a brilliant fusion of tradition and modernity can hardly be seen in any contemporary writer of that genre. Michael pursued an epical route that worked towards paving a way for liberated women of next century. His selection of language was inevitably classical to match with the esteemed character of the celebrated epic. But the spirit was absolutely new, presentation was unique and the unbridled current of mind was deciphered with a startling perfection.

On the other hand, Dattani's treatment of Lata's character in *Do the Needful,* enjoys a free flow of modern language, wit and humour following a decisive mind of today's woman. Dattani's background is notably modern and he is a product of enlightened upper middle class of post independent India. Mahesh perceives the trends in this society and attempts to find out as well as to expose the necessity to know the reasons and the factors responsible for these trends. His perception is clear, his persuasion is easy and systematic and his treatment is logical and convincing. If we discuss the female characters of Lata and Tara as they appear respectively in *Do the Needful* and *Brajangana kavya*-we may happen to see the far sight of the dramatists and appreciate the dramatic value of these characters as a matter of study and passion.

Dutt's protagonist Tara, wife of Guru Augustya falls in love with Chandradeva (The Moon God) and sends him an emotional confession with a suggestion to meet in a stipulated place and openly fixes a meeting with him to satisfy her passionate love .This is rarely seen in any other esteemed character of her time. The unprecedented physical appeal of this God casts a magical spell upon her and her love increases by leaps and bounds. She deciphers

these emotional outbursts in her remarks where she crosses all her boundaries and leaves the explanation of the hitherto unthought-of emotion. She unfolds the secrets of the unexpected boons that Chandra enjoyed during his probationary period in his Guru's ashram. These she explained to be her offerings to her beloved. She states that her mind is ready to make up the gap between them any time he wants to do the same. Practically, it is a taboo that she dares to break. The wife of guru is regarded as a Mother. This great deviation from social and religious hierarchy is of course a great instance of boundless love that we witness in case of Troy and Helen and Antony and Cleopatra. Tara acknowledges that she may be subjected to severe punishment as she holds her action totally against all ritual sanctions. She even expresses her deep scorn for Chandra's dearest wife Rohini. Tara's offer exhibits the overthrow of all limits over a woman's mind as well as the victory of female aggressiveness to satisfy her passion even at the cost of committing a sacrilege.

Lata, on the other hand, steps in as an enlightened woman of modern age. Although born in a traditional Hindu Gowda family, she entertains no such attachments to the traditional racial values. A total nonconformist, she seems to be genuine individual who has decided to follow her own suit. Lata is given to a relationship with a Muslim boy and this is branded as cardinal pleasure by her parents. Lata is not a rebel. She is stuck with her parents while at the same time not at all ready to call off her affair. She does not consider it to be a clandestine one and seeks a compromise between the parent's demands and her own zeal. She grabs it the moment she catches her would be husband with the gardener boy in a gay relationship. Lata makes maximum use of the event and continues with her reckless life after her marriage with a person of same mentality who finds enough reason to satisfy the voluptuousness of both.

How did the characters crack the targets is not the matter to discuss here. The focus here is on the playwright's treatment of the energy, attitude and unblinking persuasion of a definite goal in the lady. She does not suffer from any guilt. She is determined in her thoughts and knew what she wanted. But with a calm and calculative planning she stepped in her future step.

Of course Dutt was times ahead of his contemporaries. He does not enjoy the post - Indian liberal mood of higher middleclass Indian society in Metros. Although these people are modern in their outer dealings, but they are rigid when their fundamental social relationships are concerned. Dutt has to share a society where the existence of social hypocrisy is not less, but the avenues are decidedly different. And again Dutt draws the line from past to present and suffers from an obvious limitation where as Dattani has the full fledge liberty to draw the events and enjoys the freedom of escaping the factor of impracticability. Dutt has to work within the challenges of time, place and action. His framework is totally imaginative with only bare outlines as indicators. He has to present a character keeping the ethical values and guilt feelings intact, yet steering the characters towards the ultimate righteousness to choose their own way.

Both of them characters, Lata and Tara, are determined in nature. They execute their last ferociously ignoring the bondages of the society. With unflinching straight forwardness, they express their relentless perusal of love. Lata is delighted that the shift to Mumbai will offer her promiscuity a new lease of life. Likewise Tara is thrilled at the prospect of her meeting with Chandradev. Both do not consider anything in the realization of their purpose.

Again, both of the dramatists keep a dethatched outlook so far as the approval and disapproval of their character's moral status. They are noticeably silent on the possible repercussion of their decisions. Where Dattani armours his character with wit, humour and glamourous cunningness, Dutt adorns his heroine with outright innocence, honesty and purely sensuous appeal .Both Lata and Tara suffer from passionate love and both of them are far from regrets of their actions. Another similarity between these two

characters is their enlightened background. As Lata's background is English education, Tara comes from a hermitage. Lata's connection with her lover is a scandalous affair for her parents and Tara's position is all the more critical as it calls for a name of sacrilege as she is cast in the role of a mother for her husband's students. Both of them command a clear knowledge of their blasphemy and approach their target with an incisive sharpness.

The only difference between the two lies in their own assessment of their mindset. Lata has no guilt feelings and feels confident enough to throw away the inhibitions in order to get maximum lenience in her quest. On the other hand, Tara's stand is more difficult. Born, brought up and married amidst a typical vedic framework, it is impossible for her to give her own actions a clean chit. She accepts her guilt but calls it an inevitable turn of events for which she ultimately charges her fate. If we look at the accountability of a dramatist to the society, especially in the context of classic dramas, with a revolutionary hue, then we have to admit that these two characters have made a sincere attempt to raise the claims of women to attain their success in the field of romance. If polygamy or marriages with more than one woman has been allowed in case of male members then why and how does this kind of restriction holds good for women in a civilized society, be it Vedic or be it modern? In the final analysis, Tara's love is more painful, incomplete and torturous then that of Lata. Tara shows that the man- made laws has never allowed freedom to a women and her true passion. The abnormal relationship with an aged and indifferent husband committed to the pursuit of knowledge is enough excuse for an attractive young woman to fall in love with an extremely handsome young man and provide enough explanation to ignore a social taboo that considers a relationship with master's wife celibacy.

Brijangana is a dramatic monologue. It is an expression of a woman in the form of a letter to her beloved. But, it satisfies all the demands of a drama and the address is quite dramatic with all emotions entangled together. This is not a full drama like *Do the Needful*, where we can draw a conclusion from development of events and from comments made by other characters. Reading these two heroines reveals how much a writer can enjoy liberty at the time of choosing his medium of creation. Attitude of a dramatist has always been supported by emotions and truthfulness while sharing extremely different background, both for the creator and the created, a singularly striking similarity can be found in these two legendary dramatists in so far as they have treated these characters with a sublime ethical support while retaining a wise silence on their individual involvement.

Women, a basically subaltern section of total human race, have occasionally crossed the no man's land and have reached the area where they can be considered as equal to men. This needs courage and honesty and paradoxically enough, society has misinterpreted this genuine driving force of passion in case of women and has sympathetically treated those of men's by calling them tragical blunder.

This analysis focuses to show that keeping a so called morality apart, these two dramatist have gone to the extreme to uphold the banner of freedom of woman leaving the concept of gender as an unnecessary one in deciding the claim of woman over passionate love as much as it is enjoyed by man.

As a race we are progressing every moment, scientifically, commercially and technically. But, there is a greater and more important area to be looked after and that is our social structure. To acknowledge the basic human needs and to manipulate them in order to stop a great turbulence in society and secure maximum social balance for general good and thereby curving the possibility of crimes and disasters arising out of them is a great challenge in front of literature. Here again, a same action cannot be treated differently for man and woman. Whereas Tara suffers from a sense of guilt, Lata is free from it. But, the central matter is the same that is extra marital affairs. This suggests that according to the

changes in the social environment, women have adopted different emotional appeals to strive for victory and to avoid self pity. Sadness, discomfort, hesitation do not stop them. On the other hand, thrill, adventure and freedom do not make them forget their social limitations.

It is for the others to decide whether the claims to passion should be the same for man and woman both and whether society should remodel the traditional outlook in this area to keep pace with ever increasing modernism. Hypocrisy and comical situations can be avoided and level of honesty and acceptance can be raised.

Works Cited :

Dattani, Mahesh. *Collected Plays*. New Delhi: Penguin Books, 2000. Print
Dutt, Michael Madhusudan. Madhusudan Rahnavali. Kolkata: Sahistyam, 2005. Print

Multani, Angelie. *Mahesh Dattani's Plays: Critical Perspectives*. Delhi: Pencraft International, 2007. Print.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

स्वर प्रकृति के कण–कण में विद्यमान

Mradula Chourasiya, Research Scholar RDVV Jabalpur (M.P)

शब्द के झोने आवरण से आनन्द का जो मधुर कोश नाद रूप में प्रकाशित है, वहीं से संगीत के स्वरों का विकास माना गया है। प्रकृति में भोर होते ही पक्षियों का कलरव, वायु की सनसनाहट, झरने की कलकल ध्वनि सभी में सांगीतिक स्वरों का आभास होता है। समाज में निर्बोध शिश् की हँसी तथा रूदन से लेकर रणभूमि में युद्ध कर रहे वीरों तक में सांगीतिक स्वरों के प्रभाव को महसूस किया जा सकता है। यह सभी आनन्द युक्त नाद की विभिन्न अभिव्यक्तियां हैं, जो कि प्राचीन काल से आज तक स्वर तथा ताल में निबद्ध होकर संगीत के विभिन्न रूप में हमें झकृत कर रही है।

मनुष्य ने कीट, पतंगों, तथा पशु–पक्षियों को भावाव्यक्ति के लिये विभिन्न ध्वनियों का प्रयोग करते देखा, और यही से उसने प्रकृति से प्रेरणा प्राप्त कर अपने मनोभाव व्यक्त करने के लिये ध्वनि का प्रयोग किया। मानव ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो बुद्धिकौशल से अपने स्वर यंत्र के प्रयोग द्वारा एक नहीं वरन् कई तरह की ध्वनियां उत्पन्न करने में सफल हो पाया।

नाद :– विकास तथा परिवर्तन के विभिन्न काल खण्डों से प्रभावित होकर मनुष्य ने इन्हीं ध्वनियों को 'नाद' नामक संज्ञा प्रदान की। यही नाद संगीत का मूल उपकण है। भारतोय ग्रंथों में नाद की व्याख्या अनेक रूपों में की गई है। नद् धातु से उत्पन्न शब्द 'नाद' का अर्थ अव्यक्त ध्वनि है। नाद, परमब्रह्म की प्राप्ति का साधन माना गया। योगिशिखोपनिषद् में कहा गया है। नाद् से बड़ी कोई पूजा नहीं है।[1]

नास्ति नादात्परो मंन्त्रो न देव स्वात्मनः परः।

नानुसन्धे परा पूजा, नहि तृपते परं सुखम।।[2]

यह संगीत में प्रयुक्त होने वाली ध्वनि है जो कि कोलाहल से पृथक है। यही आहत नाद स्वरों का रूप लेकर संगीतोपयोगी सिद्ध होती है।

श्रुति :– संगीतज्ञों द्वारा ध्वनी की विशालतम इकाई नाद में से कुछ सीमित कर्णप्रिय ध्वनियों को पृथक–पृथक अनुभव किया गया। और इन्हें श्रुति संज्ञा से सम्बोधित किया। "श्रूयते इति श्रुति" अर्थात् कानों से सुनि जा सकने वाली सूक्ष्म ध्वनि। वे ध्वनियां जो परस्पर पृथक–पृथक पहचानी जा सके। तथा स्पष्ट एवं स्थिर हों श्रुति कहलाती है। श्रुति के विषय में प्राचीन ग्रंथों में वर्णित हैं :–

निव्य गीतोपयोगित्वमाभिज्ञोय त्वमप्युत।

लइवे प्रोक्तं सुर्प्याप्तं संगीत–श्रुति–लक्षणम।।[3]

अर्थात् वह ध्वनि, जो गीत में प्रयोग की जा सके और एक दूसरे से अलग एवं स्पष्ट पहचानी जा सके, उसे श्रुति कहते हैं। श्रुतियां असंख्य है परन्तु संगीत में केवल 22 श्रुतियां ही मान्य हैं। सर्वप्रथम आचार्य भरत ने सारणा चतुष्ठयी विधि द्वारा 22 श्रुतियों को पृथक–पृथक रूप में समझा तथा अपने ग्रंथ नाट्यशास्त्र में वर्णित किया। यही श्रुतियां सामुहिक रूप मं विभिन्न स्वरों का निर्माण करती हैं।

स्वर :– 'स्वर' शब्द को तीन स्थानों पर अलग–अलग अर्थों में समझा गया है यथा –

(प) व्याकरण के विषय में 'स्वर' वह वर्ण है जो कि बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता लिए ही उच्चारण हो सके जैसे – अ, आ, इ, ई, आदि।

(पप) प्राचोन कालीन उदात्तादि के रूप में स्वर का आशय पदो ंके अर्थ से है।

(पपप) संगीत में स्वर वह नाद अर्थात् ध्वनि है जो स्वयं विराजमान है तथा समस्त प्रकृति, समाज, विश्व को अपनी रसात्मकता से प्रभावित कर रही है। कहा भी गया है –

"स्वतः रंजयति इति स्वरः।"[4]

[1] भारतीय संगीत का इतिहास, डॉ. ठाकुर जयदेव सिंह
[2] भारतीय संगीत का इतिहास, रामावतार वीर
[3] संगीत एवं मनोविज्ञान, डॉ. किरण तिवारी, कनिश्क पब्लिके ान्स, 2008, पृश्ठ सं. 46

अतः जो स्वयं प्रकाशमान होकर रंजकता उत्पन्न करे वह स्वर है।

राघव आर मेनन के अनुसार :– "'स्वर' स्वयं तथा 'र' से मिलकर बना है। जिसका अर्थ है स्वयं को प्रस्तुत करना।"

सिंह भूपाल के अनुसार :– "प्रथम आघात से सूक्ष्म ध्वनि आकाश में उत्पन्न हो, वह श्रुति, और वही नाद जब पूर्ण दशा को प्राप्त होकर स्थिर हो जाए तब स्वर हो जाती है।"

(अ) स्वरों का विकास :– जिन स्वरों को आज हम संगीत के अंतर्गत श्रवण करते हैं, वे उन स्वरों से भिन्न हैं जो कि आरंभिक संगीत में प्रयोग किये जाते थे। आरंभ में मानव अपने हृदयावेगों का प्रदर्शन शारीरिक अंगों के संकेत से किया करता था। धीरे–धीरे वह विचारों का आदान–प्रदान अपने मुख की विशेष ध्वनियों के माध्यम से करने लगा। विचारों को व्यक्त करने की प्रारंभिक ध्वनियां आ ..... ई ..... ओ ..... आदि थी। इसके पश्चात् यही मूल ध्वनियां स्वरों में परिवर्तित कर ली गई। अनेक ऋषियों, विद्वानों तथा संगीत साधकों के अथक प्रयासों से हमें संगीत के स्वर प्राप्त हुए। भिन्न–भिन्न कालों में अनेकानेक महान विद्वानों ने स्वरों की उत्पत्ति तथा विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सांगीतिक स्वर रचनाओं क विकास को हमने इस अध्याय में मुख्यतः चार काल खण्डों में विभक्त किया है।

(1) वैदिक स्वर – संगीत का प्राचीन काल मुख्यतः वैदिक युग से माना जाता है। वेद मंत्रों का उच्चारण करने के लिए ऋषि–मुनियों ने श्रुति तथा स्वरों की ध्वनियों का उच्चारण किया। प्रारंभ में उन्होंने संगीत प्रदर्शन के लिए एक स्वर का निर्माण किया, ऐसा हमें अनेक वैदिक ग्रन्थों के अध्ययन द्वारा पता चलता है। इस एक स्वर का नाम तान स्वर रखा। तान स्वर दो भागों में विभाजित किया गया। (अ) तान (ब) प्रवचन।

(अ) तान :– तान स्वर का अर्थ होता है ध्वनि की आलापकारी या ध्वनि को फैलाना तथा बढ़ाना। प्राचीन ऋषियों ने आलापकारी का अभ्यास प्राणायाम के समय किया जब कि वे प्राण वायु को अन्दर लेते, यथाशकित रोकते और फिर बाहर फेंकते थे। श्वास लेते और निकालते समय ऋषि लोग इच्छा तथा स्वभावनुरूप ओ ..... उ ..... म् का उच्चारण करते थे। इसी का नाम ओंकार अथवा तान् स्वर है। ओउम् सर्वव्यापक तथा सर्वशक्तिमान परमेश्वर का प्रतीक माना गया। इसलिये वे अपने प्रवचन अथवा वेद अंगों का उच्चारण ईश्वर स्तुति और उससे आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए करते थे।

(ब) प्रवचन :– प्रवचन स्वर, तान स्वर से भिन्न होते थे। प्रवचन स्वरों में शब्दों का उच्चारण नियमित ढंग से होता था एवं इसमें तीन श्रुतियां प्रयोग की जाती थी जबकि तान स्वर में ध्वनि का अधिक उतार चढ़ाव नहीं किया जाता था।

दो स्वर :– एक स्वर का गायन लम्बे तक किया जाता रहा। ज्ञान तथा बुद्धि के विकास और नये प्रयोगों के परिणाम से प्राचीन ऋषियों ने और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए दो स्वरों का प्रयोग आरंभ किया। इनको उदात्त तथा अनुदात्त के नाम से सम्बोधित किया गया। पहला स्वर ऊँची ध्वनि में और दूसरा स्वर नीची ध्वनि में गाया जाता था।

इन दो स्वरों का काफी लम्बे समय तक प्रचार हुआ परन्तु अनुभवी विद्वानों को उदात्त और अनुदात्त के मध्य अंतर जानने में कठिनाई मालूम पड़ी और दोनों के मध्य अंतर स्पष्ट करना उचित समझा। ऐसा करने के लिए उन्होंने तार सप्तक स्वर (नचचमत वबजपअम दवजम) अर्थात् उदात्त, मंद्र सप्तक स्वर (सवूमत वबजपअम दवजम) अर्थात् अनुदात्त के बीच मध्य सप्तक स्वर (उमकपनउ वबजपअम दवजम) को जोड़ दिया जिसका नाम स्वरित रखा गया।

इस प्रकार वैदिक काल में मुख्य रूप से तीन स्वरों का प्रयोग सर्वप्रथम किया गया। जो कि उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित हुए।

संगीत में विकास तथा प्रयोगों के फलस्वरूप इस काल में सात स्वरों का प्रयोग होने लगा। जिन्हें कृष्ठ, प्रथमा, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मन्द्र और अतिस्वर कहा जाता था। परन्तु इसका क्रम संदिग्ध है। इस का अथर्ववेदीय माण्डूकीय शिक्षा ही एक मात्र ऐसा वैदिक साहित्य है, जिसमे सर्वप्रथम सर्वजनविदित सप्त स्वरों पर ही सामगान गाये जाने का स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

[4] भारतीय संगीत का इतिहास, डॉ. ठाकुर जयदेव सिंह

जैसा कि ग्रंथों द्वारा ज्ञात होता है कि वैदिक गान पहले चार स्वरों तक ही सीमित था। परन्तु सामगान के उत्तरकाल में सात स्वरों का प्रयोग होने लगा उन स्वरों की सामवेदीय संज्ञा निम्नानुसार दी गई।

क्रुष्ट	प्रथम	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	मन्द्र	अतिस्वर
मं	गं	रें	सां	नि	ध	प

विद्वानों का मत है कि सामवेद के स्वरों को ही भरत और शारंग देव ने भी अपने षडज ग्राम के शुद्ध स्वर माने हैं। आज भी सामवेद प्राचीन पद्धति से ही अर्थात् भरत के स्वरों से ही गाया जाता है। भरत और उनके बाद के शास्त्रकार शारंगदेव ने सामवेद के स्वरों को ही शद्ध स्वर माना है।

(2) प्राचीन स्वर – संगीत के क्षेत्र में प्राचीन काल आचार्य भरत के समय से माना जाता है। उनके द्वारा लिखित नाट्य शास्त्र ग्रंथ संगीत के लिए महत्वपूर्ण ग्रंथ है। नाट्यशास्त्र के अट्ठाइसवें अध्याय में गान्धर्व संग्रह का संक्षिप्त निर्देश करने के बाद सात स्वरो की गणना प्रस्तुत की है। नाट्य शास्त्र कालीन सप्त स्वरों के नाम निम्नानुसार है :–

षडजश्च, ऋषभश्चैव, गान्धारो, मध्यमस्तथा।

पंचमों धैवतश्णैव निषादः सप्त च स्वरः।।[5]

अर्थात् षडज्, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत, तथा निषाद यह सात स्वर हैं।

भरत काल में स्वरों के साथ ही ग्राम संज्ञा प्राप्त होती है। ग्राम का अर्थ स्वरों के समूह से है। जिसमें स्वर निश्चित श्रुतियों के अनुसार विशेष अंतराल पर स्थापित रहते है। इस काल में षडज तथा मध्यम दो ग्रामों के अंतर्गत स्वरों का उल्लेख मिलता है। तृतीय ग्राम जो कि गंधार ग्राम है। उसके स्वर्गस्थ होने का उल्लेख किया गया है। संभव है कि नाट्यशास्त्र की रचनाकाल तक इस ग्राम का लोप हो गया हो। यहाँ पर षडज् ग्राम तथा मध्यम ग्राम की श्रुतियों का विभाजन क्रम दिया जा रहा है –

षड्ज ग्राम	मध्यम ग्राम
षड्ज – चतुःश्रुतिक	मध्यम – चतुःश्रुतिक
ऋषभ – त्रिश्रुतिक	पंचम – त्रिश्रुतिक
गांधार – द्विश्रुतिक	धैवत – चतुःश्रुतिक
मध्यम – चतुःश्रुतिक	निषाद – द्विश्रुतिक
पंचम – चतुःश्रुतिक	षड्ज् – चतुःश्रुतिक
धैवत – त्रिःश्रुतिक	ऋषभ – त्रिश्रुतिक
निषाद – द्विःश्रुतिक	गांधार – द्विश्रुतिक

इस प्रकार भरत के नाट्यशास्त्र अनुसार श्रुति दर्शन विधान के अन्तर्गत यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि षड्ज तथा मध्यम दोनों ग्रामों में केवल बाईस श्रुतियाँ हैं तथा इन 22 श्रुतियों में सात शुद्ध स्वर स्थापित हैं।

भरत संगीत के आदि आचार्य माने जाते हैं। परन्तु संगीत में नारद का विशिष्ट स्थान है। वह गायन तथा वादन दानों ही विधाओं में पारंगत थे। इस काल में नारद के नाम से तीन ग्रंथ प्रचलित है।[6]

(प) नारदीय शिक्षा

(पप) संगीत मकरंद

(पपप) पंचम सार संहिता

इनमें से सबसे अधिक प्राचीन ग्रंथ नारदीय शिक्षा है। नारदीय शिक्षा ग्रंथ सामवेद से संबंधित है। इसमें वैदिक संगीत का विस्तृत वर्णन है। इसके अनुसार सामवेद का केवल सस्वर पाठ ही नहीं अपितु गान भी होता था। नारद ने स्वरोच्चार के तीन मुख्य स्थान माने हैं – प्रातः समय में वक्ष स्थान अर्थात् मंद्र के स्वर, मध्यान्ह में कण्ठ स्थान अर्थात् मध्यम स्वर और सायंकाल

[5] प्राचीन भारत में संगीत (वैदिक काल से गुप्त काल तक), डॉ. धर्मावती श्रीवास्तव

[6] प्राचीन एवं मध्यकाल के भाास्त्रकारों का संगीत में योगदान, भोध प्रबंध, श्रीमति सिम्मी वर्मा, इलाहाबाद वि वविद्यालय, 2001, पृश्ठ 70

में शिरस्थान अर्थात् तार स्वरों का गान करना चाहिए।

इसी काल में मतंग तथा जयदेव भी ऐसे श्रेष्ठ शास्त्रकार संगीतज्ञ हुए जिनका संगीत के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मतंग का काल हर्षवर्धन युग कहलाता है। मतंग के अनुसार सप्तस्वर, मूर्च्छनाऐं द्वादश मूर्च्छनाऐं कहलायी। मूर्च्छनाओं का निर्देश तीनों स्थानों की प्राप्ति तथा मंद्र, तार की सिद्धि के लिए है। मतंग ने देशी रागों को ग्रामों में वर्गीकृत किया है।

इस काल के उत्तरार्द्ध में पं. शारंगदेव महान संगीतज्ञ शास्त्रकार हुए। आपके द्वारा लिखे ग्रंथ 'संगीत रत्नाकर' की रचना 13वीं शताब्दी में हुई।

आपने स्वरों के चार प्रकार बताए, अर्थात वादी, संवादी, विवादी और अनुवादी। स्वर के यह प्रकार वर्तमान में भी मान्य है। संगीत रत्नाकर ग्रंथ में स्वर, राग, श्रुति, ग्राम, मूर्च्छना आदि सांगीतिक सामग्री का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। इसमें 264 रागों का वर्णन है। मूर्च्छनाओं की स्थापना, विकृत स्वरों की कल्पना, मध्यम ग्राम का लोप आदि बातें इस ग्रंथ की मौलिकता का प्रमाण है।

उपरोक्त प्राचीन काल के शास्त्रकारों संगीतकारों के मतानुसार यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि इस काल में 22 श्रुतियाँ तथा सप्त शुद्ध स्वर एवं पांच विकृत स्वर, कुल मिलाकर बारह स्वरों का प्रयोग भारतीय संगीत में किया जाने लगा था।

(3) मध्यकालीन स्वर – प्राचीन काल के संगीत शास्त्रों का अनुसरण करते हुए, मध्यकाल के शास्त्रकारों ने सांगीतिक क्षेत्र में योगदान प्रदान किया। इनमें मुख्यतः लोचन, भावभट्ट, रामामात्य, दामोदर मिश्र, पं. सोमनाथ, हृदय नारायण देव, पं. व्यंकटमुखी, श्रीनिवास आदि हुऐ।

इन समस्त ग्रंथों में श्रुति, ग्राम मूर्च्छना, स्वर स्थापना प्रकरण, राग वर्गीकरण, थाठ प्रकरण आदि महत्वपूर्ण तत्व उल्लेखित हैं। यहाँ पर इन सभी ग्रंथों में उपलब्ध सांगीतिक सामग्रियों को संक्षिप्त रूप में स्पष्ट किया जा रहा हैं –

1. लोचन पंडित – लोचन पंडित कृत राग तरंगिणी में लोचन ने गीत के निबद्ध और अनिबद्ध गान के साथ ही सात स्वरों में श्रुति विभाजन चतुश्चतुश्चतुश्चैव षड्ज मध्यम पंचमः के ही आधार पर वर्णित किया है, तथा स्वर भी अंतिम श्रुति पर दर्षाया है। बारह थाठ तथा 75 रागों का भी वर्णन प्राप्त होता है।

2. भावभट्ट – भावभट्ट कृत अनूप संगीत विलास में सभी अध्याय शारंगदेव कृत संगीत रत्नाकर के अनुरूप है। संगीत रत्नाकर में वर्णित संगीत सिद्धांतों का अनुसरण भावभट्ट द्वारा किया गया है। श्रुति विभाजन गात्रज और यंत्रज दोनों भागों में किया है। साथ ही नाद की उत्पत्ति, बाईस श्रुतियां तथा उसमें स्थापना, ग्राम, मूर्च्छना,श्रुति, वर्ण आदि की परिभाषायें संगीत रत्नाकर और संगीत परिजात के आधार पर ही उद्धृत है।

3. रामामात्य – रामामात्य कृत ग्रंथ स्वरमेल कलानिधि में संगीत के अंतर्गत चौदह स्वरों को माना है। जिसमें सात शुद्ध तथा सात विकृत स्वर माने है। यह चौदह स्वर इस प्रकार है –

(1) शुद्ध षड्ज (2) शुद्ध ऋषभ (3) शुद्ध गांधार या पंचश्रुति ऋषभ (4) साधारण गांधार या षट्श्रुति ऋषभ (5) अंतर गांधार (6) च्युत मध्यम गांधार (7) शुद्ध मध्यम (8) च्युत पंचम मध्यम (9) शुद्ध पंचम (10) शुद्ध धैवत (11) शुद्ध निषाद या पंचश्रुति धैवत (12) कौशिक निषाद या षट्श्रुति धैवत (13) काकली निषाद् (14) च्युत षडज् निषाद।

स्वरों के पश्चात इस ग्रंथ में बीस थाठों का उल्लेख प्राप्त होता है तथा इन थाठों में 63 रागों का वर्गीकरण किया है।

(4) पंडित दामोदर मिश्र – पंडित दामोदर मिश्र द्वारा रचित गंथ संगीत दर्पण में उन्होंने संगीत को गीत, वाद्य तथा नृत्य इन तीनों विधाओं के समुदायवाचक के रूप में प्रस्तुत किया है। श्रुति 22 ही मानी है और इन्हीं पर सप्त स्वरों की स्थापना की है। अर्थात् शुद्ध एवं विकृत मिलाकर बारह स्वर ही मान्य किए गए।

वैदिक, प्राचोन एवं मध्यकालीन संगीताचार्यों का अनुसरण करते हुए आधुनिक काल के संगीतज्ञ एवं शास्त्रकार हुए हैं। इस काल

में मुख्य रूप से पंडित भातखण्डे, पंडित ओंकारनाथ ठाकुर, पंडित पलुस्कर, आचार्य कैलाशचंद देव बृहस्पति, पंडित लालमणि मिश्र आदि संगीतज्ञ शास्त्रकार हुए हैं। इन सभी महान शास्त्रकारों में पंडित भातखण्डे जी को आधुनिक काल के संगीत जगत का आधाराचार्य माना जाता है। वर्तमान में उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत के मूलभूत नियमों का प्रतिपादन, अनुसरण पंडित भातखण्डे जी के ही सांगीतिक नियमों को ध्यान रखते हुए किया जाता है।

हम यहां पर पंडित भातखण्डे जी द्वारा प्रतिस्थापित सांगीतिक स्वर रचनाओं का अध्ययन करेंगे।

इस काल की गणना अठारहवीं शताब्दी से लेकर आज तक की जाती है। इस काल के संगीत सत्र के प्रकांड विद्वान होने का श्रेय पंडित विष्णु नारायण भातखण्डे जी को जाता है। पंडित भातखण्डे जी ने भी 22 श्रुतियों को ही वैज्ञानिक माना। प्राचीनकाल श्रुति स्वर व्यवस्था में न्यूनतम परिवर्तन पंडित भातखण्डे जी का संगीत जगत को अमूल्य योगदान है। प्राचीन से लेकर आधुनिक काल के मध्य प्रमुख परिवर्तन यह है कि इससे पहले संगीताचार्य स्वरों की स्थापना उनकी अंतिम श्रुति पर मानते थे, परन्तु पं. भातखण्डे जी ने स्वरों की स्थापना उनकी प्रथम श्रुति पर की। इस प्रकार स्वरों के स्थान तथा सप्तक में किंचित परिवर्तन दृष्ट्व्य हुआ जो निम्नानुसार है –

आधुनिक कालीन स्वर स्थापना

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22

सा रे ग म म ध नी

प्राचीन तथा मध्यकालीन स्वर स्थापना निम्न प्रकार थी।

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20 21 22

सा रे ग म प घ नी

पं. भातखंडे जी द्वारा किए उपरोक्त परिवर्तन के कारण गंधार और निषाद शुद्ध हो गये। परन्तु यह परिवर्तन उत्तर भारतीय संगीत पद्धति में ही मान्य हुआ। दक्षिण भारतीय संगीत पद्धति में इस पद्धति का अनुसरण न कर पं. शारंगदेव की ही परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।

पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने भी बाइस श्रुतियाँ तथा उसमें स्वरों की व्यवस्था को माना। आपके ग्रंथ प्रणव भारती में लिखा है कि सर्वप्रथम बाईस श्रुतियों में यथास्थान अपने सात शुद्ध और पांच विकृत स्वरों को स्थापित कर लिया जाए। इसके पश्चात् प्रत्येक स्वर को जो नाद है, उससे नीचे और ऊपर एक–एक प्रमाण श्रुति रखे जिसका गणतीय मान 81/80 है। बाईस श्रुतियां सम प्रमाण नहीं है।

इसलिए प्रत्येक स्वर के दोनों ओर प्रमाण श्रुति लगने से मूल बाईस श्रुतियों से भिन्न अन्य ध्वन्यान्तर भी प्राप्त होते हैं। पं. ओंकारनाथ जी द्वारा किया गया यह शोध कार्य संगीत जगत के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। इसी सिद्धांत को दृष्टिगत रखते हुए आपने श्रुति अन्तर तीन प्रकार के माने हैं। (1) लीमा अंतर (2) लघु अंतर और (3) कोमा अंतर।

इसी तरह आचार्य कैलाशचन्द्र देव बृहस्पती ने भी 22 श्रुतियों को स्वीकार किया है। तथा सात शुद्ध एवं पाँच विकृत स्वरों की स्थापना की।

आधुनिक काल के संगीतज्ञों द्वारा श्रुतियों का विश्लेषण वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर किया है। इसी समय के डॉ. लालमणि मिश्र ने भी 22 श्रुतियों की स्थापना विधि को स्पष्ट करने के लिए एक वीणा पर प्रदर्शन किया जिसे श्रुति वीणा के नाम से संबोधित किया। आपने दक्षिणात्मक तंजौर वीणा जिसे उत्तर भारत में सरस्वती वीणा या रूद्र वीणा कहते हैं। इसमें ही कुछ परिवर्तन कर सारणी विधि का वर्णन किया और इसे श्रुति वीणा की संज्ञा दी।

इस प्रकार स्वरों की उत्पत्ति अनादि काल से हुई यह तथ्य स्वीकार कर वैदिक काल से आधुनिक काल तक स्वरों में विकास किए गए। स्वरों में परिवर्तन तथा विकास का कार्य संगीताचार्यों के बुद्धि कौशल तथा अथक प्रयासों से सम्भव हो पाया। यह संगीतसाधना अनन्त काल से जन रंजन तथा मनुश्य के मस्तिष्क को शांति पहुंचाने का कार्य करती चली आ रही है। संगीत के स्वर मनुष्य की विभिन्न संवेदनाओं को व्यक्त तथा महसूस कराने का सशक्त साधन है। इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं है। सांगीतिक स्वर समस्त प्रकृति को हर पल हर क्षण प्रभावित करते आ रहे हैं। इस अध्याय के अगले चरण में हम सांगीतिक स्वरों के मानव मस्तिष्क पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत करेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची

क्रमांक	लेखक का नाम	ग्रन्थ का नाम	प्रकाशक	वर्ष
1	रामनाथ शर्मा, रचना शर्मा	भारतीय मनोविज्ञान	एटलांटिक पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली	2005
2	डॉ. श्रीमती प्रती वर्मा, डॉ. डी.एन. श्रीवास्तव	बाल मनोविज्ञानः बाल विकास	अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा	2011–2012
3	श्री कैलाशचंद्र देव वृहस्पति	भरत का संगीत सिद्धांत	प्रकाषन शाखा सूचना विभाग, उत्तरप्रदेश	1959
4	ठाकुर जयदेव सिंह	भारतीय संगीत का इतिहास	विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी	
5	किरण तिवारी	संगीत एवं मनोविज्ञान	कनिष्क पब्लिशर्स, दिल्ली	2008
6	डॉ. नीता मिश्रा	संगीत में नादरूप व ध्वनिपक्ष के विभिन्न आयाम	निर्मल पब्लिकेशन्स	1996
7	डॉ. नगेन्द्र	भारतीय सौंदर्य शास्त्र की भूमिका	नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली	
8	नमिता बैनर्जी	मध्यकालीन संगीतज्ञ एवं उनका तत्कालीन समाज पर प्रभाव	राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली	1996
9	डॉ. धर्मावती श्रीवास्तव	प्राचीन भारत में संगीत (वैदिक काल से गुप्त काल तक)	भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी	1967
10	डॉ. शरदचन्द्र परांजपे	संगीत बोध	म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल	1992

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भूमंडलीकरण और आधुनिक जीवन मूल्य

डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा
MA (Eco. Rural development), MBA,MSW, Social Science and Management Association

भारतीय सन्दर्भों में भूमण्डलीकरण या वैश्वीकरण अमेरिकी बाजारवाद से आयातित शब्द है जो अंग्रेजी के Globalization का हिन्दी अनुवाद है। यूनेस्को (UNESCO) द्वारा भूमण्डलीकरण को इस प्रकार परिभाषित किया है–

"Globalization is a set of economic, social, technological, political, and cultural structures and processes, arising from the changing character of the production, consumption, and trade of goods and assets that comprise the base of the international political economy"

भूमण्डलीकरण का भारतीय शिक्षा पद्धति पर प्रभावः आज के युग में उच्च शिक्षा का बहुत महत्व है। विद्यालयी शिक्षा के पश्चात् उच्च शिक्षा प्रदान करने का मुख्य कारण यह है कि इससे व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है। इससे राष्ट्रीय स्तर तथा विश्व स्तर पर जागरूकता पैदा होती है। इससे मानव विकास तो होता ही है, साथ ही सम्पूर्ण विश्व को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न हो जाती है। उच्च शिक्षा से राष्ट्रों को आर्थिक प्रगति होती है तथा यह व्यावसायिक दृष्टि से नागरिकों को निपुण करती है। उच्च शिक्षा विश्व स्तर पर स्वास्थ्य, औषधि, तकनीकी व इंजीनियरिंग से सम्बंधित मानव जाति को विकसित करती है।

वैश्वीकरण व उच्च शिक्षा के लक्ष्यः विश्व के परिवर्तित परिवेश के घटनाक्रम को देखते हुए आज विश्वस्तर पर विभिन्न परिवर्तन हो रहे है। आज विज्ञान, तकनीकी, आन्तरिक विज्ञान, कषि, वाणिज्य तथा स्वास्थ्य आदि अनेक क्षेत्रों में विशेषीकरण किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विश्वस्तर पर उच्च शिक्षा के विशेष लक्ष्य बनाये जा रहे है। बीसवीं शताब्दी का इतिहास यदि लिखा जाय तो सभी प्रमुख घटनाओं में सर्वोपरी है भूमंडलीकरण की घटना। पूंजीवाद ने बड़े नाटकीय तरीके से विश्वभर की आय में इजाफा किया है। पिछले 10 वर्षो में पूंजी के बहाव में बेइंतहा इजाफा हुआ है। पूंजीवाद रोजमर्रा की जिन्दगी में काफी जड़ जमा चुका है। पूंजीवाद का सबसे बड़ा साईट है शॉपिग मॉल। वास्तव में इसकी सारी प्रेरणा व गति के पीछे उपभोक्तावादी मानसिकता जिम्मेदार है। भूमंडलीकरण में पूंजी के प्रभाव को ही उन्मुक्त नहीं किया बल्कि सांस्कृतिक सीमाओं को भी छिन्न–भिन्न कर दिया है। भूमंडलीकरण के कारण समाज मं जो बदलाव आया उसी यथार्थ को कहानिकारों ने अपनी कहानी के माध्यम से अभिव्यक्ति दी है। मध्यम वर्ग के उपभोक्तावादी समाज में रिश्तों की गर्माहट कम हुई है। रिश्तों में अनुभूतियों के स्थान को बाजार में उपलब्ध नित नये साधनो ने ले लिया है। वृद्धों की स्थिति को भूमंडलीकरण ने कई रूपों में प्रभावित किया है। परिवार में आर्थिक हैसियत से भी वृद्धों का महत्त्व कम होता गया है। पूंजीवाद की देन परिवार में बुजुर्गो का हाशियाकरण भी इस नई प्रवृत्ति से ही जन्मा है। वर्तमान युवा लेखक कुणाल सिंह की कहानी 'इतिगोंगेश पाल वृतान्त' सूचना क्रान्ति के पश्चात् अस्तित्व मे आये मनोरंजन उद्योग की क्रूर उपभोक्ता संस्कृति पर सूक्ष्म व्यंग्य है। संजय कुंदन पूंजीवादी संस्कृति में आइडेंटिटि क्राइसिस पहचान के संकट को अक्सर अपनी कहानियों का विषय बनाते है। उनकी कहानी 'बॉस की पार्टी' पूंजीवादी त्रासदी और व्यंग्य का मिश्रित आख्यान है।

आधुनिकीकरण तथा विश्वीकरण से सम्बन्धित उच्च शिक्षा के लक्ष्य निम्नलिखित हैः–

1. मानवीय मूल्यों व संस्कृति का विकास।
2. विश्व नागरिकता की भावना का विकास।
3. शिक्षा प्राप्ति के लिए अनंशासन कायम रखने हेतु नये–नये दृष्टिकोण अपनाना।
4. ज्ञान के नये–नये अवसर छात्र–छात्राओं को देना।

5. नई तकनीकी प्रयोग में लाकर उच्च शिक्षा देना।
6. सभी राष्ट्रों के विज्ञान, तकनीक तथा आर्थिक विकास के क्षेत्र से सम्बन्धित ज्ञान का विश्व स्तर पर आदान–प्रदान करना और एक–दूसरे के अनुभवों से लाभान्वित होना।

वैश्वीकरण तथा उच्च शिक्षा का पाठ्यक्रमः आज ज्ञान के उभरते क्षेत्रों से सम्बन्धित कोर्सो को पूर्व स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाता है। इन कोर्सो में शिक्षा स्वतन्त्र रूप से दी जानी चाहिए। इसके अन्तर्गत जो पाठ्यक्रम हम बनाते है, वह निम्न प्रकार से बनाया जाना चाहिएः–

1. ओप्टो इलेक्ट्रोनिक्स (Opto Electronics) तथा सूक्ष्म इलेक्ट्रोनिक्स (Micro Electronics) कोर्स रखें।
2. क्रियाशील तकनीकें व उपकरण लें (Workable Techniques and Equipments).
3. जीवन विज्ञान पर आधारित तकनीकें (Techniques Based Upon Life Science).
4. प्रबन्ध व संचार प्रणाली (Management System).
5. स्वास्थ्य व औषधि (Health & Medicines).
6. प्रसार व संचार प्रणाली (Extension and Communication System).
7. अन्तरिक्ष तकनीकें (Space Techniques).
8. वातावरण की दृष्टि से सृदृढ़ तकनीकें (Strong and Powerful Techniques From Environment Point of View) सामाजिक सांस्कृतिक, शैक्षणिक वातावरण में स्वस्थ सकारात्मक विचार तो आते ही हैं, साथ ही छात्र–छात्राओं की आवश्यकता की पूर्ति भी होती है।

शिक्षण विधियॉ :– उच्च शिक्षा व विश्वीकरणः उच्च शिक्षा तथा विश्वीकरण के अन्तर्गत जो शिक्षण विधियॉ निर्धारित की गई है, उन्हें प्रदान करना एक शिक्षक का मुख्य कर्तव्य होता है। उच्च शिक्षा प्रदान करने की शिक्षण विधियों में हम पारम्परिक विधियों का प्रयोग नहीं कर सकते है क्योंकि इनके द्वारा हम उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं कर सकते। आज का युग विज्ञान, तकनीकी तथा कम्प्यूटर के अतिरिक्त आधुनिकीकरण तथा विश्वीकरण का युग भी है। विश्व स्तर पर जिन कोर्सो को हम पढ़ाना चाहते हैं, उनकी शिक्षण विधियॉ भी विश्व स्तर के प्रयासों से खोजी हुई नवीनतम विधियॉ होती है। अतः हम कह सकते हैं कि शिक्षकों को नई–नइ तकनीकियॉ सिखाने के लिए हमें भी तकनीकी का प्रयोग करना पड़ता है। ये नवीन विधियॉ शोध व नये–नये अनुसन्धानों पर निर्भर करती हैं। अधिक से अधिक प्रयोगात्मक, अवलोकन तथा निरीक्षण शक्तियों का प्रयाग करके ही शिक्षक छात्रों को विश्वनोय स्तर पर शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। ये विधियॉ परिणाम उन्मुखी (Result Oriented) होनी चाहिए। विधियॉ ऐसी भी होनी चाहिए जो छात्रों की शंका का निवारण कर सकें।

अनुशासन, उच्च शिक्षा और वैश्वीकरण :– हम जब भी कोई कार्य सम्पन्न करते है, तो हमें एक बात का ध्यान रखना अत्यन्त आवश्यक होता है, वह है – अनुशासन इस वैश्वीकरण की प्रक्रिया में अनुशासन से तात्पर्य है शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षकों व विद्यार्थियों के मध्य सही प्रकार का तालमेल होना, जिससे शिक्षकों के द्वारा छात्रों को सही प्रकार से ज्ञान प्रदान किया जा सके। शिक्षक चाहे सैद्धान्तिक रूप से किसी विषय विशेष या कोर्स विशेष के बारे में जानकारी दे रहा हो या फिर प्रयोगात्मक रूप से छात्र–छात्राओं को शिक्षण प्रक्रिया में भागीदार बनाकर सिखा रहा हो, शिक्षण प्रक्रिया की सफलता हेतु अनुशासन का होना आवश्यक है।

मूल्यांकन (Evaluation) :– एक अनुमान को हम आधार मान सकते है कि 1999 में 48 लाख लोगों के द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु प्रयत्न किये गये, जिसमें से 17 लाख एशिया में थे। इससे यह पता लगाया गया कि भविष्य में 159 लाख लोग विश्व स्तर पर तथा 87 लाख लोग एशिया में हो सकते है जो कि उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते है। तीन मुख्य देश ऐसे है जो कि विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा प्रदान करते है, ये देश यू.एस.ए., यू. के. तथा आस्ट्रेलिया हैं। विश्व के बहुत से विशेषज्ञों के अनुसार उच्च शिक्षा की व्यक्तिगत व राष्ट्र प्रणालियों की गुणवत्ता (Quality of Education) का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना चाहिए।

निरीक्षण (Observation) :- हम निरीक्षण करने के बाद ही किसी भी कार्य का मूल्यांकन कर सकते हैं। किसी भी संस्था की कार्यप्रणाली या संगठन

के कार्य करने की पद्धति का नियंत्रण ही सही मूल्यांकन करने में सहायक होता है। हम मूल्यांकन लक्ष्यों के आधार पर करते हैं। यदि इन लक्ष्यों की प्राप्ति में कोई कमी आये तो उसका सुधार करना अत्यन्त आवश्यक होता है ताकि वांछनीय लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके। अतः निरीक्षण एक महत्वपूर्ण तथ्य है वैश्वीकरण का।

भूमंडलीकरण ने संस्कृति के नाम पर बाजार की संस्कृति को जन्म दिया है जो मानव को सदैव उपभोक्ता की दृष्टि से देखती है। उपभोक्ता को रिझाने एवं अपना माल बेचने के लिये महिलाओं को साधन के रूप में प्रयोग किया जा रहा हैं। नारी देह के बिना अब कोई रोमांच नहीं, कोई मजा नहीं यह दर्शन उपभोक्तावादी संस्कृति का दूसरा सिरा है। युवतियों के चेहरे बदलते रहे हैं पर भूमंडलीकृत बाजार का चरित्र कमोवेश वही रहता है। भूमंडलीकरण द्वारा समाज के वंचित वर्ग को निरन्तर ढकेला जा रहा है। 'टुंड्रा प्रदेश' पंकज विष्ट की अत्यंत समर्थ कहानी है। जिसमें बच्चों के छिनते बचपन को बिना किसी लिजलिजी भावुकता के साथ उजागर किया गया है।

निष्कर्षत, बीसवीं सदी का सबसे बड़ा दर्द यही है कि आरंम्भ में अखण्ड मानवता का बोध जन्मा था, उसी सदी के अंत मं उसे अखण्ड बाजार ने निगल लिया। समय व समाज की विकृतियों से भरा जीवन बाजार के बीच आ खड़ा हुआ है। यह बाजार अपसंस्कृति, तनाव, विस्मृति, अलगाव, शोर, नैतिक–पतन, भष्ट्राचार, आतंकवाद, हिंसा आदि परोस रहा है। आज सब कुछ पूंजी की अधीन है। पूंजी का वर्चस्व और उसका प्रतिफल दृष्टव्य है।

इक्कीसवीं सदी की कहानी जटिल जीवन के यथार्थ को बारीकी से व्यक्त करती है। आज कॉरपोरेट पूंजीवाद के कारण हमारा जीवन जटिल व उलझाऊ होता जा रहा है। नैतिकता, आदर्श, मूल्य, चरित्र सभी निरर्थक हो चुके हैं। रिश्ते छूटते जा रहे है। इंसान अकेला होता जा रहा है। परिवर्तनशील जीवन मूल्यों व परम्पराओं को आत्मसात कर नये विकसित होते जीवन मूल्यों को गढ़ती हुई कहानियॉ लिखी जा रही हैं।

भूमंडलीकरण के आधुनिक जीवन मूल्यों को जीने वाला मध्यम वर्ग सामाजिक सरोकारों से बिल्कुल कट गया है, वह घोर व्यक्तिवादी हो रहा है। जिसे अपने ऐशो–आराम की फिक्र है। वृद्धों की स्थिति आज अत्यंत दयनीय है। भूमंडलीकरण ने उनकी स्थिति को कई मामले में प्रभावित किया सबसे पहले यह मिथक टूटा कि बुजुर्ग ज्ञान का भण्डार है। इस शताब्दी में ऐसी दुनिया प्रकट हुई जिसमें तर्क व प्रमाण ही सब कुछ हैं। इस प्रकार बुजुर्ग के अध्यात्म का स्थान भौतिकता ने ले लिया है। अब परिवार में प्रत्येक सदस्यों के महत्त्व का आंकलन उसकी कमाई से होता है। इस प्रकार आज की कहानियाँ सशक्त व सार्थक बन गई है, क्योंकि उनमे नये विषयों या मुद्दों को उठाया गया है और उन्हें संतुलित दृष्टि से अभिव्यक्त भी किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. UNESCO. Globalization and Governance in the UN System. http://www.unesco.org/most/globalization/Introduction.htm.
2. भूमण्डलीकरण और हिन्दी उपन्यास साहित्य – रोशन कुमार, इन्टरनेश्नल जनरल ऑफ साइन्टिफिक रिसर्च, वॉल्यूम 4, इश्यू 8, अगस्त 2015
3. डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठिनो लहरी शतकम्, प्रेम नारायण द्विवेदी, आधुनिक संस्कृत साहित्य श्रीः, पृष्ठ–185
4. आधुनिक संस्कृत वाङ्मये, यदुनाथ प्रसाद दुबे, आधुनिक संस्कृत साहित्य श्रीः, पृष्ठ– 250
5. क्षत्रपतिचरितम् 1/39,19
6. सतना मिगौरवम्, डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी 4/29
7. संस्कृत महाकाव्यानां साम्प्रति कत्वम्, रहस बिहारी द्विवेदी, आधुनिक संस्कृत साहित्य श्रीः, पृष्ठ–111
8. संस्कृत महाकाव्यानां साम्प्रति कत्वम्, रहस बिहारी द्विवेदी, आधुनिक संस्कृत साहित्य श्रीः, पृष्ठ–115

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Aug. 2017
A Quarterly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

संस्कार : परिचय एवं प्रासंगिकता

डॉ0 नीता आर्या
असि.प्रो. , संस्कृत विभाग, डी.एस.बी. परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

प्रस्तावना : संस्कार शब्द की व्याख्या अनेक प्रकार से की जाती है। जैसे "संस्कारों नाम से यस्मिन् जाते पदार्थे भवति योग्यः कस्याचिर्शस्य" अर्थात् संस्कार उस प्रक्रिया को कहते है, जिसके किये जाने पर पदार्थ किसी कार्य के लिए उपयोगी बन जाता है।

"यौग्यतां चादधनाः क्रियाः संस्कारा इल्युच्यन्ते अशति"

किसी वस्तु में योग्यता का आधान कराने वाली क्रियाओं को संस्कार कहा जाता है।

"संस्कारों हि नाम गुणाधानेन वा स्याद् दोशपनपनने वा"

अर्थात जिस प्रक्रियाओं को करके व्यक्ति के गुणों को उजागर किया जाता है और दोाों को दूर किया जाता है। वे संस्कार है।

प्राचीन भारतीय जीवन का यह दृष्टिकोण था कि मनुष्य जब तक जीवित रहे सर्वांगीण उन्नति करें और मृत्यु के अन्तर भी स्वर्ग की प्राप्ति करें। जीवन के अंगों के विकास के लिए प्राचीन ऋषियों ने संस्कारों की योजना बनाई व संस्कारों के माध्यम से मानव जीवन के अंगों को गुणों से भरने एवं विकसित करने का यत्न किया। उन्होंने संस्कारों को धार्मिक रुप दिया जिससे प्रत्येक परिवार में बालकों के संस्कारों को सम्पन्न किया जाना अनिवार्य है। वेदों में संस्कारों का प्रायः विशेष उल्लेख नहीं है।

इनका सर्वप्रथम उल्लेख वैज्ञानिक विवेचन वृहदारण्यक उपनिशद् में मिलता है, जिसमें गर्भाधान संस्कार का उल्लेख किया गया है।

सूत्र ग्रन्थों और स्मृतियों में संस्कारों का पूर्ण ओर व्यवस्थित वर्णन है। आयु के अनुसार मानव विकास की अनेक अवस्थायें होती है। अतः आयु के अनुरुप संस्कारों की व्यवस्था की गई है। संस्कारों का प्रारम्भ शिशु के माता के गर्भ में आने के पश्चात् प्रारम्भ होता है। भारतीय विचारधारा के अनुसार बालक की शिक्षा का प्रारम्भ गर्भ से ही होने लगता है।

गृहसूत्रों के आधार पर निम्नलिखित सोलह संस्कारों का प्रचलन हिन्दू परिवारों में हुआ था।

1 :– गर्भधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकम्र, कर्णभेद, उपनयन, वेदारम्भ, समावर्तन, विवाह, वानप्रस्थ , सन्यास और अन्त्योष्टि। संस्कारों का वर्गीकरण इस प्रकार किया जा सकता हैः–

क. जन्म से पूर्व के संस्कार

1ः– गर्भाधान 2ः–पुंसवन 3ः–सीमतोन्नयन
4ः– जातकर्म 5ः–नामकरण 6ः– निष्क्रमण
7ः– अन्नप्रासन 8ः– चूड़ाकर्म 9ः– कर्णभेद

ग. विद्याध्ययन से सम्बन्धित संस्कारः–

10ः– उपनयन 11ः– वेदाध्ययन 12ः– समावर्तन

घ. आश्रमों में प्रवेश करने के संस्कार

13ः– विवाह 14ः– वानप्रस्थ 15ः– सन्यास

ङ. मृत्यन्तर संस्कार :– 16 :– अन्त्येष्टि

1. गर्भाधान संस्कार :– गर्भाधान संस्कार के लिए मनुस्मृति में कहा गया हैः–

अमावस्यामश्टमी च पौर्णमासी चयुर्दशीम्।
बह्मचारी भवेन्तित्यमप्युतौ स्नातको द्विजः ।।
मनु0 4 । 928 ।।
अर्थात शस्त्रों के अनुसार गर्भाधान भाुभ नक्षत्र और तिथि में करना चाहिए। मनु याज्ञवल्कय ओर अन्य स्मृतिकारों के अनुसार कुछ विशिष्ट तिथियों में गर्भाधान नही करना चाहिए। मनु ने अष्टमी, चतुर्थी, अमावस्या और पूर्णिमा को गर्भाधान है, जिसका प्राणियों की शारीरिक अवस्था में प्रभाव पड़ता हैं।

1. पुंसवन संस्कार :– अश पुंसवनं पुरां स्यन्तत इति मासे द्वितीये तृतीय च।।
(पारस्कर ग्रह्मसूत्रा काण्ड। 17।।)

अर्थात यह संस्कार गर्भ के दूसरे अथवा तीसरे मास मे किया जाता है।

2. सीमन्तोन्नयन संस्कार :– चतुर्य मासे सीमन्तोन्नयनमापूर्यमासापक्षे यदा पुंसा नक्षत्रेणा चन्द्रमा– युक्तः स्यात आश्सामायन ग्रह्मसूत्र 1।। 14।।

अर्थात यह संस्कार प्रायः गर्भ के चौथे मास में किया जाता है।

3. जातकर्म संस्कार :– इस संस्कार को जन्म के पश्चात् किया जाता है और पिता बच्चे को दधि और घृत चटा कर निम्न श्लोक पढ़ता है।

मेधां : सविता देवी सरस्वती।

मेधां त्वे अश्विनौ देवाावधतं पुष्करस्रजौ।।

इसके इसके बाद वह शिशु से ओजस्वी भाषा में कहता है–

अश्मा भव परशुभर्व हिरण्यमस्तुतं भव।

वेदो वे पुत्रनामासि जीव शरदःश तमिति।

इन्द्र श्रेश्ठानि द्रविणानि धेह्मस्मे प्रयाान्धि मधवन्नृजीशन्।।

अर्थात हे शिशु ! तुम पत्थर के समान कठोर बनों, परशु के समान तीक्ष्ण बनो, तुम तेजस्वी बनो, ज्ञानवान् बनो, सौ वर्ष तक जीवित रहो। इन्द्र तुमको श्रेष्ठधन प्रदान करें।

4. नामकरण संस्कार :– नामकरण संस्कार जा" नामधेयं दशम्यां तु द्वादशम्यां वास्य कारयेत्।
पुण्य तिशौं मुहूर्तों वा नक्षत्रे वा गुणान्वितें।
मुनु0 2। 30।
अर्थात नामकरण संस्कार जनम से दसवें दिन अथवा बारहवें दिन भाुभ नक्षत्र और तिथि में करना चाहिए।

5. निष्क्रमण संस्कार :– निष्क्रमण संस्कार जो कि " चतुर्थे मासि कतैव्यं शिशोनिश्क्रमणां गृहात् ।। मनु0 2।34।।
अर्थात यह संस्कार जन्म के चौथे माह में किया जाता है।
इस समय बच्चा विश्व की विभूतियों – सूर्य, चन्द्र का दर्शन करता है।

